■ वर्ष-23 ■ अंक-283
■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-2.00

भोपाल

■ गुरुवार ■ 14 मई 2026

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत्-2083

E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

दैनिक

# समय जगत

भोपाल, दिल्ली, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित

एक संदेश-पूरा देश

म.प्र. के सर्वाधिक केंद्रों तक प्रसारित प्रदेश का एकमात्र समाचार पत्र

ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

शीर्ष की ओर 'समय जगत'
Facebook
asksamayjagat
Instagram
@asksamayjagat
Twitter
@asksamayjagat
यूट्यूब पर
'खबर समय जगत'
को भी सब्सक्राइब करें
www.dainiksamayjagat.in


# अटल इच्छाशक्ति का प्रतीक था पोखरण परमाणु परीक्षणः प्रधानमंत्री


फाइल फोटो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए 1998 में हुए पोखरण परमाणु परीक्षणों को याद किया। उन्होंने कहा कि इन परीक्षणों ने दुनिया को भारत की अटल इच्छाशक्ति से अवगत कराया और यह साबित किया कि दबाव के बावजूद भारत अपनी संप्रभुता से कोई समझौता नहीं करता।

प्रधानमंत्री ने अपने पोस्ट में कहा, 1998 में इसी दिन भारत ने जो परमाणु परीक्षण किए थे, उनसे दुनिया को पता चला कि हमारे देश की इच्छाशक्ति कितनी अटल है! 11 मई के टेस्ट के बाद पूरी दुनिया का दबाव भारत पर था, लेकिन हमने दिखाया कि कोई भी ताकत भारत को झुका नहीं सकती। उन्होंने एक संस्कृत श्लोक भी

## पीएम मोदी ने जमकर की सराहना



साझा किया÷ एवं परस्परापेक्षा शक्तिशक्तिमतोः स्थिता। न शिवेन विना शक्तिर्न शक्त्या विना शिवः।।

इस श्लोक का अर्थ समझाते हुए उन्होंने कहा कि शक्ति और सामर्थ्य एक-दूसरे के पूरक होते हैं। केवल क्षमता होना पर्याप्त नहीं, उसे कार्यरूप देने वाली शक्ति भी आवश्यक है, और शक्ति भी तभी सार्थक होती है जब उसके पीछे समर्थ आधार हो। जैसे शिव और शक्ति का अस्तित्व परस्पर अविभाज्य माना गया है, वैसे ही सामर्थ्य और ऊर्जा के समन्वय से ही सृजन, प्रगति और सफलता संभव होती है। गौरतलब है कि 13 मई 1998 का दिन भी भारत के इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी दिन राजस्थान के पोखरण में ऑपरेशन शक्ति के तहत भारत ने दो और सफल परमाणु परीक्षण किए थे, जिन्हें शक्ति-4 और शक्ति-5 नाम दिया गया था। ये परीक्षण 11 मई 1998 को हुए पहले तीन परीक्षणों की श्रृंखला का ही आगे का हिस्सा थे, जिन्होंने देश की सामरिक क्षमताओं को एक नई ऊंचाई दी। इन परीक्षणों का मुख्य उद्देश्य भारत की वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमता को और मजबूत करना था। यह भी बताया गया कि सभी परीक्षण भूमिगत और पूरी तरह नियंत्रित थे, जिससे किसी भी तरह की रेडियोएक्टिविटी बाहर नहीं फैली। इन सफल अभियानों से मिले आंकड़ों का उपयोग कंप्यूटर सिमुलेशन और भविष्य की परमाणु तकनीक को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ। इस पूरे साहसिक अभियान का नेतृत्व तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने किया था। इन सफल परीक्षणों के बाद भारत को दुनिया में एक परमाणु शक्ति संपन्न देश के रूप में अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली, जिसने देश की सुरक्षा और संप्रभुता को और मजबूत किया।

# माताओं-बहनों का सम्मान प्रदेश सरकार की है सर्वोच्च प्राथमिकता : डॉ यादव

## प्रदेश की 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1835 करोड़ रुपये की राशि की गई अंतरित

**राजेश नेमा-समय जगत, नरसिंहपुर।** . मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार के लिये माताओं और बहनों का सम्मान सर्वोपरि है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में प्रदेश शासन की सबसे बड़ी और प्रभावी योजनाओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि नरसिंहपुर की पावन धरती पर बहनों के बीच पहुंचकर ऐसा अनुभव हो रहा है मानो रक्षाबंधन, भाईदूज और दीपावली जैसे सभी पर्व एक साथ मनाए जा रहे हों। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नरसिंहपुर जिले के ग्राम मुंगवानी में आयोजित मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के राज्य स्तरीय हितलाभ वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश की 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में योजना की 36वीं किस्त के रूप में 1835 करोड़ रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। साथ ही 296 करोड़ 34 लाख रुपये लागत के 40 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर जिले को विकास की बड़ी




सौगात दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना महिलाओं को आर्थिक संबल देने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक 55 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि बहनों के खातों में अंतरित की जा चुकी है।

**रानी दुर्गावती के पराक्रम को नमनः** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान नरसिंह की यह भूमि वीरांगना रानी दुर्गावती के शौर्य और पराक्रम की साक्षी रही है। उनके सम्मान में प्रदेश सरकार द्वारा जबलपुर एवं सिंग्रामपुर में विशेष कैबिनेट बैठकों का आयोजन किया गया। वहीं आदिवासी शहीद भभूत सिंह के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को स्मरण करते हुए भी विशेष कैबिनेट बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं की भागीदारी निरंतर बढ़ रही है। वर्तमान में मध्यप्रदेश की 29 लोकसभा सीटों में से 6 पर महिला सांसद, 27 महिला विधायक तथा 5 महिला मंत्री कार्यरत हैं।

**महिलाएं अब हर क्षेत्र में आगेः** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना ने बेटियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। अब महिलाएं केवल पारंपरिक कार्यों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कम्प्यूटर, सुरक्षा, प्रशासन और तकनीकी क्षेत्रों में भी आगे बढ़ रही हैं। पुलिस विभाग में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 4 लाख से अधिक महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ी हैं। रेडीमेड वस्त्र उद्योग एवं कारखानों में कार्यरत महिलाओं को 5 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। साथ ही 34 लाख महिला कृषकों को दुग्ध उत्पादन से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 गाय या भैंस पालन करने वाले पशुपालकों को सरकार द्वारा 10 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुरनूर नस्ल की गौवंश का पूजन किया। साथ ही उनके बछड़ों को दूध पिलाया। यह इंडो- ब्राजिलियन नस्ल की बताई गई है।

**किसानों के हित में सरकार प्रतिबद्धः** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नरसिंहपुर जिला गन्ना उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है और इसे ÷शक्कर का कटोरा÷ कहा जाता है। गाडरवारा की तुअर दाल देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान रखती है। यह जिला गेहूं एवं सोयाबीन उत्पादन में भी अग्रणी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गेहूं, चना, सरसों, मसूर एवं उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित कर रही है। उड़द पर 600 रुपये प्रति क्विंटल बोनस भी दिया जाएगा। मध्यप्रदेश देश में सर्वाधिक गेहूं खरीदी करने वाला राज्य बन चुका है।

# डोनाल्ड ट्रंप अब वेनेजुएला को बनाएंगे अमेरिका का 51वां राज्य

## अमेरिका की ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक शक्ति बढ़ाने की है तैयारी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राजनीति और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में एक बार फिर उस समय हड़कंप मच गया जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला को संयुक्त राज्य अमेरिका का 51वां राज्य बनाने के प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार करने का संकेत दिया। सूत्रों के अनुसार, ट्रंप ने एक साक्षात्कार के दौरान इस बात की पुष्टि की है कि वे वेनेजुएला के भविष्य को लेकर इस बड़े कदम पर मंथन कर रहे हैं। गौरतलब है कि इससे पहले भी ट्रंप कनाडा और ग्रीनलैंड जैसे क्षेत्रों को अमेरिकी संघ में शामिल करने के अपने विचार सार्वजनिक कर चुके हैं, लेकिन वेनेजुएला के संदर्भ में यह बयान मौजूदा भू-राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए अत्यंत संवेदनशील माना जा रहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने इस विचार के पीछे वेनेजुएला के विशाल प्राकृतिक संसाधनों को मुख्य वजह बताया है। ट्रंप के अनुसार, वेनेजुएला के पास लगभग 40 ट्रिलियन डॉलर का तेल भंडार है, जो अमेरिका की ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक शक्ति को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है। उन्होंने यह भी दावा किया कि वहां की जनता उन्हें पसंद करती है और अमेरिका के साथ जुड़ना उनके हित में होगा। यह घटनाक्रम 3 जनवरी 2026 को अमेरिकी प्रशासन द्वारा वेनेजुएला के तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पद से हटाए जाने के बाद आया है। उस समय ट्रंप ने स्पष्ट किया था कि अमेरिका अस्थायी रूप से वेनेजुएला का प्रबंधन संभालेगा ताकि एक सुरक्षित और



उचित ट्रांजिशन (सत्ता हस्तांतरण) सुनिश्चित किया जा सके।फिलहाल, ट्रंप प्रशासन वेनेजुएला के तेल उद्योग को पुनर्जीवित करने और वहां विदेशी निवेश लाने पर जोर दे रहा है। हालांकि ट्रंप ने स्वयं को आधिकारिक रूप से वहां का प्रशासक घोषित नहीं किया है, लेकिन उन्होंने इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी के लिए विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पेटे हेगसेथ जैसे शीर्ष अधिकारियों की एक टीम तैनात की है।

अमेरिकी प्रशासन वर्तमान में डेल्सी रोड्रिग्ज के साथ समन्वय कर रहा है, जिन्हें तेल क्षेत्र के प्रबंधन का व्यापक अनुभव है। ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि वेनेजुएला के पुनर्निर्माण की अंतिम जिम्मेदारी उन पर है। यदि वेनेजुएला को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की दिशा में कोई ठोस कदम उठाया जाता है, तो यह आधुनिक इतिहास की सबसे बड़ी भौगोलिक और राजनीतिक घटना होगी। हालांकि, इस प्रस्ताव को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कड़े विरोध और कानूनी चुनौतियों की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

# ईरान में आया तीव्रता का भूकंप

**तेहरान।** युद्ध की विभीषिका झेल रहे ईरान में बीती रात कुदरत के कहर ने एक बार फिर दहशत पैदा कर दी। ईरान की राजधानी तेहरान और उसके आसपास के इलाकों में मंगलवार रात को 4.6 तीव्रता के भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, इस भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। यह क्षेत्र तेहरान और माज़ंदरान के बीच का सीमावर्ती इलाका बताया जा रहा है। आधी रात को जब भूकंप आया, तो उस वक्त ज्यादातर लोग सो रहे थे। झटके इतने तेज थे कि लोगों की नींद खुल गई और पूरे शहर में अफरा-तफरी मच गई। वर्तमान में ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच जारी सैन्य संघर्ष के कारण लोगों के मन में इस कदर डर बैठा है कि झटके महसूस होते ही कई नागरिकों को लगा कि शायद फिर से कोई बड़ा हवाई हमला या मिसाइल अटैक हुआ है। इसी डर के कारण लोग अपने घरों से निकलकर खुले मैदानों और स?कों की ओर भागने लगे। हालांकि, कुछ समय बाद जब स्थिति स्पष्ट हुई कि यह प्राकृतिक भूकंप था, तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। ईरान के सरकारी मीडिया और प्रसारक आईआरआईबी की शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक, इस भूकंप से फिलहाल किसी के हताहत होने या बड़े पैमाने पर जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए संयुक्त हमलों के बाद से ही ईरान में युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं। इस तनावपूर्ण माहौल के बीच जब भी धरती कांपती है, तो सोशल मीडिया और आम चर्चाओं में मिसाइल परीक्षण या गुप्त परमाणु परीक्षण की अटकलें तेज हो जाती हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव राज्य मंत्री श्री जायसवाल के पुत्र के विवाह समारोह में हुए शामिल

**समय जगत, भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल के सुपुत्र अभिशंख जायसवाल एवं पुत्रवधू स्तुति जायसवाल के पावन वैवाहिक बंधन मांगलिक अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं मंगल आशीष प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ईश्वर से नवदंपति के सुखमय, समृद्ध एवं आनंदपूर्ण दाम्पत्य जीवन की कामना करते हुए कहा कि यह नवीन जीवन यात्रा प्रेम, विश्वास, सम्मान और अटूट साथ के पवित्र सूत्र से सदैव सुसज्जित रहे। उनके जीवन में सुख, शांति, वैभव, उत्तम स्वास्थ्य और उन्नति का प्रकाश निरंतर बना रहे तथा परिवार का आंगन सदैव खुशियों, सौभाग्य और मधुर संबंधों की सुगंध से महकता रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बिजुरी में आयोजित वैवाहिक समारोह में सम्मिलित हुए और नवविवाहित दंपति को अपने स्नेहिल आशीर्वचनों से अभिसिंचित कर उज्ज्वल एवं मंगलमय भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने राज्यमंत्री श्री जायसवाल एवं उनके परिवारजन से आत्मीय भेंट कर इस सुखद अवसर की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं अतिथियों से भी मुख्यमंत्री ने आत्मीय चर्चा की। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके, शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, मंडला सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप अहिरवार, विधायक एवं पूर्व मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह, विधायक जैतपुर श्री जयसिंह मरावी, विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह, कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली, उपाध्यक्ष जिला पंचायत अनूपपुर श्रीमती पार्वती राठौर, जिला पंचायत सदस्य भारती केवट नर्मदा सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# श्रीनगर में लश्कर के गुर्गे हुए गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी जीरो-टॉलरेंस नीति के तहत श्रीनगर के बाबा डेम इलाके में लश्कर-ए-तैयबा के दो सक्रिय मददगारों को गिरफ्तार किया है। रूटीन नाका चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल सवार इन संदिग्धों को रोककर जब तलाशी ली गई, तो उनके पास से भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक पिस्तौल, तीन मैगजीन, 21 कारतूस, दो मोबाइल फोन और लश्कर-ए-तैयबा के 10 धमकी भरे पोस्टर जब्त किए हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान फैसल अहमद भट (निवासी मलपोरा हब्बाकदल) और फैसल अहमद गुरू (निवासी राजोरी कदल) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके खिलाफ यूएपीए और आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। प्राथमिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि दोनों आरोपी क्षेत्र में लश्कर के आतंकियों के लिए काम कर रहे थे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, घाटी में आतंकी नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 25 दिनों में कश्मीर के विभिन्न इलाकों से अब तक 16 आतंकी मददगारों को दबोचा जा चुका है। इससे पहले 18 अप्रैल को हवल में चार, 23 अप्रैल को एक महिला समेत चार, और फिर 26 अप्रैल व 2 मई को भी गिरफ्तारियां की गई थीं। सुरक्षाबलों का कहना है कि आतंकियों और उनके मददगारों के खिलाफ यह सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**ताजपोशी** ▶ मुख्यमंत्री ने और अधिक जनहितैषी कार्य करने की जताई प्रतिबद्धता

# रंगासामी ने पांचवीं बार संभाली पुडुचेरी की कमान

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने एक बार फिर सत्ता में वापसी करते हुए नई सरकार का गठन कर लिया है। अनुभवी नेता और ऑल इंडिया एन.आर. कांग्रेस (एआईएनआरसी) के संस्थापक एन. रंगासामी ने बुधवार को लगातार दूसरी बार और कुल पांचवीं बार पुडुचेरी के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राजनिवास में आयोजित भव्य समारोह में उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

मुख्यमंत्री रंगासामी के साथ एआईएनआरसी के वरिष्ठ नेता मल्लाडी कृष्णा राव तथा भाजपा नेता ए. नमशिवायम ने भी मंत्री पद की शपथ ग्रहण की। समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और पार्टी के वरिष्ठ नेता बी.एल. संतोष सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। शपथ ग्रहण समारोह



के दौरान समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री एन. रंगासामी ने जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनने पर अत्यंत खुशी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उनकी सरकार राज्य के विकास और जनता की भलाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी। उन्होंने कहा कि सरकार प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाने, नई विकास योजनाएं लागू करने और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में काम करेगी। साथ ही उन्होंने संकेत दिया कि मंत्रिमंडल का जल्द विस्तार किया जाएगा।

हाल ही में संपन्न हुए 2026 के पुडुचेरी विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 30 में से 17 सीटों पर जीत हासिल की। इसके साथ ही गठबंधन ने लगातार दूसरी बार सरकार बनाने में सफलता प्राप्त की। एआईएनआरसी 12 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, जबकि भाजपा ने भी गठबंधन को मजबूती प्रदान की।

वहीं विपक्षी कांग्रेस-डीएमके गठबंधन को कुल छह सीटों पर संतोष करना पड़ा। कांग्रेस को एक और डीएमके को पांच सीटें मिलीं। अभिनेता जोसेफ विजय के नेतृत्व वाले टीवीके-नेयम मक्कल कझगम गठबंधन ने तीन सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि तीन सीटें निर्दलीय उम्मीदवारों के खाते में गईं।

# धार्मिक यादों की पर्याय है सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा

**समय जगत, सारंगपुर।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा राष्ट्रीय सनातन धर्म के प्रति सदैव चिरस्थाई यादों को समेटे हुए रहेगी। यह बात पर्यावरण प्रेमी/नगर के वरिष्ठ समाजसेवी लक्ष्मी नारायण त्रिकार ने स्थानीय संवाददाता से यात्रा के संस्मरण सुनाते हुए बताया कि यह उत्सव सोमनाथ स्वाभिमान , दिनांक 8 जनवरी से 11 जनवरी 2026 तक एक राष्ट्रीय उत्सव के रूप में संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि यह आयोजन जनवरी 1026 में सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले अभिलिखित आक्रमण के एक हजार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में स्मरणोत्सव के रूप में मनाया गया ।इस आयोजन की परिकल्पना विनाश के स्मरण के रूप में नहीं, बल्कि सहनशीलता, विश्वास और सभ्यतागत आत्म-सम्मान को श्रद्धांजलि के रूप में की गई है। इस दौरान साहित्य परिषद के सुशील व्यास ने बताया सदियों से, सोमनाथ को बार-बार उन आक्रमणकारियों द्वारा निशाना बनाया गया था जिनका उद्देश्य भक्ति के बजाय विनाश था। हालांकि, हर बार देवी अहिल्या बाई होल्कर जैसे भक्तों के सामूहिक संकल्प के माध्यम से मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया। पुनरुद्धार के इस अटूट चक्र ने सोमनाथ को भारत की सभ्यतागत निरंतरता का एक शक्तिशाली प्रतीक बना दिया। त्रिकार ने बताया इस जीवंतता को लेकर मध्य



प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 7 मई 2026 को भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा-2026 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।जिसका मुख्य उद्देश्य हैं कि यह यात्रा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत भारत की सांस्कृतिक चेतना, आस्था और गौरव को पुनर्जीवित करने के लिए निकाली गई इस यात्रा में प्रदेश भर के 1100 श्रद्धालु विशेष ट्रेन से सोमनाथ के लिए सहभागी बन रवाना हुए जिसमें हमारे क्षेत्रिय विधायक राज्य मंत्री गौतम टेटवाल के प्रयास से जिले के लगभग 25 यात्री सहित सारंगपुर से सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष आशुतोष वैद्य, पर्यावरण प्रेमी पेंशनर संघ अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण त्रिकार, पूर्व सरपंच नंदकिशोर पुष्पद, अखिल भारतीय साहित्य परिषद के सुशील व्यास, समाजसेवी भूपेंद्र जोशी, पंडित पवन पारीख ने शामिल होकर यात्रा में सहभागिता की। मुख्यमंत्री ने इस यात्रा में 21 नदियों के जल से भरे कलश और सोमनाथ मंदिर के लिए ध्वजा यात्रियों को सौंपी। यह दृश्य अत्यंत ही मनोहारी रहा। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारत के सभ्यतागत आत्मविश्वास की पुष्टि करता है। यह विनाश पर जीवंतता और भय पर अटूट आस्था की विजय का सम्मान है। सौराष्ट्र के तट पर अडिग खड़ा सोमनाथ मंदिर दुनिया भर में भारतीयों को प्रेरित करता है। यह हमें स्मरण कराता है कि जहाँ विनाशकारी शक्तियां इतिहास के पन्नों में ओझल हो जाती हैं, वहीं सच्चाई, एकता और आत्म-सम्मान में निहित विश्वास सदैव अक्षुण रहता है।सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा का मुख्य उद्देश्य 1000 वर्षों के संघर्ष, भारतीय आस्था और सांस्कृतिक दृढ़ संकल्प को सम्मानित करना है। यह 1026 ईस्वी में मंदिर पर हुए आक्रमण के एक हजार वर्ष पूरे होने पर सदियों पुरानी अटूट आस्था, सामूहिक शक्ति और पुनर्जागरण का जश्न मनाने के लिए आयोजित किया गया इस यात्रा/पर्व का मुख्य उद्देश्य हैं कि यह यात्रा भारत की जुझारू भावना और आस्था की सीमाओं से परे लोगों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह 1000 वर्षों के संघर्ष का स्मरण कराती है यह आयोजन 1026 ईस्वी में सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले दर्ज आक्रमण के 1,000 वर्ष पूरे होने और स्वतंत्रता के बाद मंदिर के 1951 में पुनर्निर्माण की 75 वीं वर्षगांठ का प्रतीक , यह सांस्कृतिक एकता और पुनर्जागरण एक राष्ट्रीय उत्सव है जो सोमनाथ को अटूट आस्था, विनाश पर सृजन और भारतीय सभ्यता की शाश्वतता के प्रतीक के रूप में स्थापित करता है इसी शौर्य और बलिदान को नमन किया जाता हैं इस यात्रा के माध्यम से उन लोगों को स्मरण कर याद किया जाता है, जिन्होंने सदियों से मंदिर की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति दी।

### वैष्णव परिवार के द्वारा कराई गई श्रीमद् भागवत कथा

# भ्याना में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

**समय जगत, भ्याना।** नगर के नरसिंह मंदिर प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का बुधवार को समापन हुआ। भागवत कथा में चार वेद गीता एवं श्रीमद् भागवत महापुराण की व्याख्या, प्रभुपाद, पंडित सत्यनारायण त्रिवेदी के मुखारवृंद से उपस्थित भक्तों ने श्रवण किया। विगत सात दिनों तक भगवान श्री कृष्ण जी के वात्सल्य प्रेम, असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा किए गए विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, अनाचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया। इस धार्मिक अनुष्ठान के सातवें एवं अंतिम दिन भगवान श्री कृष्ण के सर्वोपरी लीला श्री रास लीला, मथुरा गमन, दुष्ट कंस राजा के अत्याचार से मुक्ति के लिए कंसबध, कुबजा उद्धार, रुक्मणी विवाह, शिशुपाल प्रसंग एवं



सुदामा चरित्र का वर्णन कर लोगों को भक्तिरस का पान कराया। इस दौरान भजन गायन ने उपस्थित लोगों को ताल एवं धुन पर नृत्य करने के लिए विवश कर दिया। पंडित सत्यनारायण त्रिवेदी ने सुंदर समाज निर्माण के लिए गीता से कई उपदेश के माध्यम अपने को उस अनुरूप आचरण करने कहा जो काम प्रेम के माध्यम से संभव है, वह हिंसा से संभव नहीं हो सकता है। समाज में कुछ लोग ही अच्छे कर्मों द्वारा सदैव चिर स्मरणीय होता है, इतिहास इसका साक्षी है। लोगों ने रातभर इस संगीतमयी भागवत कथा का आनंद उठाया। इस सात दिवसीय भागवत कथा में आस-पास गांव के अलावा दूर दराज से काफी संख्या में महिला-पुरूष भक्तों ने इस कथा का आनंद उठाया। सात दिनों तक इस कथा में पुरा वातावरण भक्तिमय रहा। पूरे सात दिनों तक चले इस आयोजन ने क्षेत्र में आध्यात्मिक माहौल बना दिया। समापन अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण भी बड़े उत्साह और धूमधाम से किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### 21 लाख की लागत के विविध कार्यों का भूमिपूजन संपन्न



**समय जगत, अमझेरा।** नगर के विभिन्न वार्डो में जनपद निधि से विभिन्न निर्माण कार्य स्वीकृत हुए हैं। जिनका बुधवार को भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। जनपद सदस्य प्रतिनिधि शुभम दीक्षित ने बताया कि तेजाजी मन्दिर एवं नयापुरा में 2.50 लाख की लागत से दो पानी की टंकी निर्माण तथा वार्ड क्रमांक 13 में 10 लाख रुपए की लागत से मांगलिक भवन निर्माण, वार्ड क्रमांक 9 में 6लाख रुपए की लागत से नाली निर्माण कार्य कुल 21 लाख रुपये के निर्माण कार्य जनपद पंचायत के 15 वे वित्त से स्वीकृत हुए हैं। बुधवार दोपहर में सभी स्थानों पर अलग अलग भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य गायत्री पुरोहित, सरपंच मनुबाई मकवाना, जनपद सदस्य नेहा दीक्षित, उपसरपंच अर्जुन मोहनिया, मण्डल अध्यक्ष विजय दीक्षित, अशोक कुशवाह, हेमन्त शर्मा, सोनू रघुवंशी आदि अन्य उपस्थित थे।

### 151 आवेदनों पर सुनवाई कर निराकरण के दिये गये निर्देश

**समय जगत, रतलाम।** कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन ने आवेदकों को सुना एवं आवेदकों से आवेदन प्राप्त किए। जनसुनवाई में 151 आवेदन प्राप्त हुए। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही उपस्थित विभागीय अधिकारियों से निराकरण करवाया गया एवं शेष आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में रमेश पिता रामकिशन निवासी मोती नगर रतलाम ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास बनवाने हेतु आवास योजना की दूसरी किस्त देने के संबंध में आवेदन दिया। कार्यवाही हेतु आयुक्त नगर निगम को निर्देशित किया गया। आवेदिका मंजु निवासी दीनदयाल नगर रतलाम ने बताया कि वह किराए के मकान में रहती है।

### 15–16 मई को रामनगर में आयोजित होगा दो दिवसीय आदि उत्सव

**समय जगत, मंडला।** 15 एवं 16 मई को जिले के ऐतिहासिक रामनगर में आयोजित होने वाले दो दिवसीय आदि उत्सव की व्यापक तैयारियाँ जारी हैं। इस गरिमामयी आयोजन की व्यवस्थाओं का अवलोकन करने के लिए कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे एवं पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी ने कार्यक्रम स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री धोटे ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोजन को भव्य, व्यवस्थित और आकर्षक स्वरूप प्रदान किया जाए। उन्होंने आयोजन स्थल पर मंच निर्माण, वीआईपी एवं आम नागरिकों की बैठक व्यवस्था, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए निर्धारित स्थान तथा प्रवेश एवं निकास मार्गों का सूक्ष्म निरीक्षण किया।

# दिव्यांग विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण संपन्न

**समय जगत, मंडला।** कान्हा नेशनल पार्क में दिव्यांग बच्चों ने सीखी जैव-विविधता की बारीकियां, शैक्षणिक भ्रमण सम्पननरूप पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम ई ई पी अंतर्गत जिले के दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण दिनांक 23 अप्रैल 2026 से 25 अप्रैल 2026 तक का का विशेष आयोजन समग्र शिक्षा अभियान मंडला द्वारा कान्हा नेशनल पार्क में किया गया जिसमें समस्त विकासखंड से चिन्हित 54 विद्यार्थी एवं 31 शिक्षक जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े के मार्गदर्शन एवं एपीसी मुकेश पांडे,पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम प्रभारी अखिलेश उपाध्याय, और पर्यावरणविद् राजेश क्षत्री के संयोजन में किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रकृति के करीब लाना और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यक्रम में फील्ड डायरेक्टर कान्हा श्री रवि चंद्रमणि त्रिपाठी एवं डिप्टी डायरेक्टर अमिता के वी के विशेष सहयोग से विद्यार्थियों ने कान्हा नेशनल पार्क की समृद्ध जैव-विविधता का प्रत्यक्ष अनुभव किया। कान्हा प्रबंधन के सहयोग से इको सेंटर खटिया में कार्यशाला आयोजित हुई जिसमें पार्क प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों ने पार्क में पाए जाने वाले दुर्लभ पशु-पक्षियों, औषधीय पौधों और वन्यजीवों के



पारिस्थितिक तंत्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ऑडियो-वीडियो सेशन आयोजित हुए। विद्यार्थियों ने वन्यजीव गणना पद्धति, कान्हा का इतिहास व मैनेजमेंट सिस्टम को समझा। स्पेशल एजुकेटर्स बच्चों के साथ रहे। जंगल में वृक्षों के पास ले जाकर पर्यावरण विशेषज्ञों ने वृक्षों पक्षियों की पहचान व गुणों को बताया। चार का विशाल वृक्ष देख बच्चे अचंभित हुए। बच्चों ने न केवल बाघ, बारहसिंगा, गौर और अन्य वन्यजीवों को देखा, बल्कि जंगलों के महत्व और उनके संरक्षण की आवश्यकता को भी समझा। रात्रि में आयोजित कैंप फायर में दिव्यांग विद्यार्थियों ने अपनी विविध कलाओं को प्रदर्शित किया। कान्हा म्यूजियम में पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम जिला प्रभारी अखिलेश उपाध्याय ने वनस्पतियों, वन्य जीवो के जीवनशैली, वन्य जीवो की पारस्परिक निर्भरता को विस्तार से समझाया। ओपन एमपीथियेटर में चित्रकला, रंगोली, भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। स्थानीय एंपोरियम, आशीष कच्छवाहा की बैगा चित्र प्रदर्शनी की विद्यार्थियों ने देखा। स्थानीय बैगा समुदाय से मुलाकात कर उनकी संस्कृति को जाना। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम के संयोजक अखिलेश उपाध्याय ने बताया कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना जागृत होती है, प्रकृति सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।

भ्रमण के दौरान आयोजित संवाद सत्र में बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अनेक प्रश्न किए, जिनका विशेषज्ञों ने बड़ी सहजता से उत्तर दिया। विद्यार्थियों ने इस यात्रा को ज्ञानवर्धक और रोमांचक बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पर्यावरण को स्वच्छ रखने और वन्यजीवों की रक्षा करने का संकल्प लिया। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से देवेंद्र दुबे, इकबाल खान, अंकुश चौरसिया, सुमित कछवाहा का सराहनीय सहयोग रहा।

# ग्राम इटावाखुर्द में लगाई जल चौपाल

**समय जगत, रतलाम।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशानुसार में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने एवं जल संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु लगातार जल चौपाल आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में रतलाम विकासखंड के ग्राम इटावाखुर्द स्थित मंदिर परिसर में एसडीएम रतलाम ग्रामीण विवेक सोनकर,जनपद पंचायत सीईओ सी.एस. वास्कले तथा पीएचई विभाग के सहायक यंत्री डी.सी. कथिरिया की उपस्थिति में जल चौपाल आयोजित की गई। चौपाल में वर्तमान में पंचायत में चल रही पेयजल व्यवस्थाओं के संबंध में ग्रामवासियों से चर्चा के दौरान लोगों ने बताया कि गांव में पानी के लिए शासकीय हैंडपंप, ट्यूबवेल से व्यवस्था हो रही हैं। एसडीएम श्री सोनकर ने गांव में जनसहयोग से नदी गहरीकरण करने तथा उससे निकलने वाले मटेरियल का उपयोग खेतों तक जाने वाले मार्गों के निर्माण मे करने का सुझाव दिया। चौपाल मे जनपद सीईओ श्री वास्कले ने ग्राम में संचालित अन्य शासकीय योजनाओं एवं जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी दी। सहायक यंत्री कथिरिया ने जल गुणवत्ता पर चर्चा करते हुए कहा कि जल उपलब्धता के साथ उसकी गुणवत्ता की जानकारी भी आवश्यक है तथा पेयजल स्रोतों के आसपास स्वच्छता बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्थाओं को लेकर पीएचई विभाग हमेशा तत्पर है।

कार्यक्रम में ग्रामीणों ने अपने सवाल एवं सुझाव भी रखे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत को जल गुणवत्ता जांचने हेतु फील्ड टेस्ट किट भी प्रदान की गई। सरपंच घनश्याम कुमावत ने कहा कि एसडीएम द्वारा गांव में आयोजित जल चौपाल के माध्यम से पहली बार गांव की समस्याओं को समझा गया है, जिसके लिए ग्रामीण उनके आभारी हैं। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार आनंद व्यास, दिलीप कुमावत, अशोक कुमावत, मनसुख पांचाल, सुखराम वर्मा, गुलाबचंद, महेशचंद्र सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# विद्युत विभाग के उपभोक्ता संपर्क अभियान का जिले के लोगों को मिलेगा फायदा

**समय जगत, नर्मदापुरम।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार एवं ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में विद्युत विभाग द्वारा संपर्क अभियान 2026 का आयोजन किया जा रहा है। नर्मदापुरम जिले में इस अभियान का सफल एवं सुचारु क्रियान्वयन कलेक्टर सोमेश मिश्रा के नेतृत्व में किया जाएगा। अभियान के संबंध में मंगलवार को कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों एवं जिला अधिकारियों को अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई। कलेक्टर मिश्रा ने निर्देश दिए कि अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा सभी एसडीएम अपने-अपने अनुविभागों में व्यापक प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने पंचायत स्तर पर मुनादी कराने के निर्देश भी दिए, ताकि



अधिक से अधिक उपभोक्ता शिविरों का लाभ प्राप्त कर सकें। अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित कर उपभोक्ताओं को एक ही स्थान पर अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निराकरण भी किया जाएगा। अभियान के दौरान मात्र 5 रुपये में नवीन ग्रामीण घरेलू एवं कृषि पंप कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त भार वृद्धि, नाम परिवर्तन, श्रेणी परिवर्तन, स्थायी कनेक्शन विच्छेदन, अस्थायी कनेक्शन, ई-केवाईसी, अनापत्ति प्रमाण पत्र, बंद अथवा खराब मीटर बदलना, स्मार्ट मीटर संबंधी शिकायतों का निराकरण, सर्विस केबल सुधार, वोल्टेज समस्या एवं ट्रांसफार्मर संबंधी शिकायतों के समाधान जैसी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

# गेहूं उपार्जन केन्द्रों का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

### परिवहन कार्य, स्टेकिंग और तुलाई कार्य में गति लाने के दिए निर्देश

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मंगलवार को इटारसी क्षेत्र के गेहूं उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निमसाड़िया समिति द्वारा संचालित उपार्जन केंद्र गोविंद वेयरहाउस ब्यावरा एवं नमामि स्वसहायता समूह द्वारा संचालित उपार्जन केंद्र एचएल वेयरहाउस पहुंचकर उपार्जन कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर मिश्रा ने दोनों केंद्रों पर कार्यरत खरीदी प्रभारियों को निर्देश दिए कि खरीदे गए गेहूं स्कंध के परिवहन कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि केंद्रों पर पर्याप्त स्थान उपलब्ध रहे और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि केंद्र पर पहुंच रहे किसानों की उपज का शीघ्रता से उपार्जन सुनिश्चित किया जाए तथा सूर्यास्त तक तुलाई कार्य निरंतर जारी रखा जाए। निरीक्षण के



दौरान कलेक्टर ने गोदाम स्तरीय केंद्रों पर स्टेकिंग कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तुलाई के उपरांत समिति द्वारा व्यवस्थित स्टेकिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही गोदाम में स्थान कम होने पर परिसर में तुलाई की समुचित व्यवस्था करने के लिए छांव एवं कांटों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर मिश्रा ने खरीदे गए स्कंध के नियमित एफसीआई को परिवहन के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि केवल एफएक्यू गुणवत्ता वाले गेहूं की ही खरीदी सुनिश्चित की जाए, ताकि गुणवत्ता मानकों का पालन हो सके। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी आपूर्ति अधिकारी श्रीमती नीता कोरी, जिला प्रबंधक मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग वासुदेव दवांडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# वैदिक गुरुकुल में चरित्र निर्माण शिविर 16 मई से

**समय जगत, मंडला।** काशी विश्वनाथ वैदिक गुरूकुल के वार्षिकोत्सव के अवसर पर युवक युवती चरित्र निर्माण शिविर का आयोजन 16 मई से किया जा रहा है। आचार्य भीमदेव नैष्ठिक ने बताया कि काशी विश्वनाथ वैदिक गुरुकुल द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव एवं युवक-युवती चरित्र निर्माण शिविर के समापन अवसर पर 22 मई को गुरुकुल परिसर गयाजीपुर जिलहरी घाट में भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर वैदिक परंपरा, राष्ट्रभक्ति एवं भारतीय संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम आचार्य मनुदेव वाग्मी के ब्रह्मत्व में सायं 4 बजे प्रारंभ होगा, जिसमें 11 कुंडीय सर्व कल्याण महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ में देश समाज एवं विश्वकल्याण की कामना के साथ वैदिक मंत्रोच्चार होंगे। इसके पश्चात आमंत्रित विद्वानों द्वारा धर्म, संस्कृति एवं चरित्र निर्माण विषय पर प्रेरणादायी उद्बोधन दिए जाएंगे। शिविर में भाग लेने वाले युवक एवं



युवतियों द्वारा शौर्य प्रदर्शन भी कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहेगा। इसमें पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र संचालन, आत्मरक्षा कौशल एवं अनुशासन आधारित प्रस्तुतियां दी जाएंगी। आयोजकों के अनुसार यह शिविर युवाओं में संस्कार, राष्ट्रनिष्ठा एवं आत्मबल विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। जिसका समापन 22 मई को एक साथ होगा। कार्यक्रम के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं नागरिकों के सम्मिलित होने की संभावना है। इस आयोजन से पूर्व 21 मई को सायं लगभग 3.30 बजे मंडला शहर में अस्त्र-शस्त्र सहित भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में शिविरार्थी, संत-महात्मा एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य पारंपरिक वेशभूषा में सम्मिलित होंगे।

आयोजन समिति ने इसे भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा के गौरव प्रदर्शन का प्रतीक बताया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संपतिया उईके तथा फग्गन सिंह कुलस्ते की विशेष उपस्थिति रहेगी। आयोजकों ने जिलेवासियों एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की है।

# समय जगत प्रतिनिधि ने जबलपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष संदीप जैन को दी बधाई और शुभकामनाएं

**जबलपुर।** जबलपुर विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप जैन के शपथ ग्रहण समारोह के एक दिन पूर्व उनके निवास स्थान पर पहुंचकर समय जगत जबलपुर की टीम ने आत्मीय मुलाकात कर शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर समय जगत जबलपुर से विपिन नामदेव एवं सौरभ निगम विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुलाकात के दौरान अध्यक्ष संदीप जैन ने मीडिया की सकारात्मक भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि समय जगत लगातार जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाता रहा है। उन्होंने समय जगत परिवार को धन्यवाद देते हुए प्रभावी एवं जनसरोकार वाली पत्रकारिता की प्रशंसा की। इस अवसर पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में शहर के विकास,




जनहित के कार्यों एवं जबलपुर की प्रगति को लेकर भी चर्चा हुई। विपिन नामदेव एवं सौरभ निगम ने संदीप जैन को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में जबलपुर विकास प्राधिकरण शहर के विकास को नई दिशा देगा।

# पुलिस लाइन में प्रधान आरक्षक पर हमला करने वाले आरोपी हुए गिरफ्तार

**समय जगत, रीवा।** न्याय की रक्षा करने वालों के घर यानी पुलिस लाइन कॉलोनी में जब रक्षक ही भक्षक बन जाए, तो सनसनी फैलना लाजमी है। बिछिया थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन कॉलोनी में बीते दिनों हुई खूनी झड़प ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया है। यहाँ रहने वाले प्रधान आरक्षक मुकेश तिवारी पर उनके ही पड़ोस में रहने वाले पुलिसकर्मी सुरेंद्र पांडेय उर्फ मामा ने अपने बेटे और साथियों के साथ मिलकर जानलेवा हमला कर दिया।

**पुरानी रंजिश और खूनी मंजर:** जानकारी के अनुसार, प्रधान आरक्षक मुकेश तिवारी और आरोपी सुरेंद्र पांडेय के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि सुरेंद्र पांडेय, उनके पुत्र अंश पांडे और साथी सुजीत बंसल ने कुल्हाड़ी और लाठी-डंडों से मुकेश तिवारी पर हमला बोल दिया। हमला इतना बर्बर था कि प्रधान आरक्षक गंभीर रूप से घायल होकर वहीं गिर पड़े।

**इलाज के लिए भोपाल रेफर, हालत नाजुक:** घटना के तुरंत बाद घायल मुकेश तिवारी को संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन सिर और शरीर पर गहरे जख्म होने के कारण उनकी हालत बिगड़ती चली गई। डॉक्टरों की सलाह पर परिजन उन्हें बेहतर इलाज के लिए भोपाल ले गए हैं, जहाँ वे वर्तमान में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे हैं। उनकी स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है।

**पुलिस की दबिश और गिरफ्तारी:** वारदात के बाद बिछिया थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले की गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार गठित टीम ने आरोपियों की तलाश में कई जगह दबिश दी।

# गुढ़ पुलिस ने हत्या के आरोपी को 24 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार



**रीवा।** पुलिस अधीक्षक रीवा गुरकरन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा व श्रीमती आरती सिंह तथा उप पुलिस अधीक्षक (मुख्या.) श्री मनस्वी शर्मा के निर्देशन पर थाना गुढ़ के द्वारा ग्राम हरदुआ में दिनांक 11/05/26 की रात अपने ही सगे भाई की हत्या करने वाले आरोपी धर्मेन्द्र कोल को गिरप्तार करते हुए जे आर पर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

विवरण-फरियादी दिलीप कोल पिता रामनरेश कोल उम्र 33 वर्ष ग्राम हरदुआ थाना गुढ़ जिला रीवा का थाने में रिपोर्ट किया कि दिनांक 12/05/26 को रात करीब 10.00 बजे मैं तथा मेरे बांकी तीनो भाई सब परिवार सहित अपने घर में थे। कि तभी मंझला भाई धर्मेन्द्र कोल मेरे संझले भाई जितेन्द्र कोल से चाकू मांगने, ना देने की बात पर विवाद करने लगा तब मैने दोनो को अलग कर दूर-दूर कर दिया इतने में धर्मेन्द्र पुनः से गाली गलौज करता हुआ संझले भाई जितेन्द्र कोल के पास गया और मेरे देखते ही देखते जान से मार डालने की नियत से जितेन्द्र की बांयी आँख में चाकू से वार कर दिया जिससे भाई जितेन्द्र की आँख मे गंभीर चोंट आई और काफी खून बहने लगा तथा वह तुरंत जमीन पर गिर पड़ा तब आनन-फानन में मै पड़ोस के अज कोल के साथ भाई जितेन्द्र कोल को मोटर साईकल से साथ लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुढ़ पहुँचा जहाँ ड्यूटी पर लगी नर्स व डांक्टरों ने मेरे भाई जितेन्द्र कोल को चेक किया और मृत घोषित कर दिया। इस प्रकार मेरे संझले भाई जितेन्द्र कोल की मृत्यु मेरे मंझले भाई धर्मेन्द्र कोल के द्वारा उसकी आँख में चाकू मारने से आई गंभीर चोट के कारण हुई है। रिपोर्ट करता हूँ उचित कार्यवाही करने की कृपा की रिपोर्ट पर आरोपी धर्मेन्द्र कोल के विरुद्ध धारा 103 (1) bns के तहत मुकदमाा दर्ज कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना दौरान आरोपी की पता तलाश करते हुए दिनांक 13/05/2026 को आरोपी के दस्तयाब होने पर उससे घटना के संबंध में पूछताछ कर घटना में प्रयुक्त लोहे के सब्जी काटने के चाकू को मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया बाद आरोपी को गिरफ्तार करते हुए बैधानिक कार्यवाही कर जे आर पर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। इस मामले में धर्मेन्द्र कोल पिता रामनरेश कोल उम्र 26 वर्ष ग्राम हरदुआ थाना गुढ़ जिला रीवा को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी से लोहे का चाकू बरामद किया गया है। कार्यवाही में उनि शैल यादव थाना प्रभारी गुढ़, स उ नि सुरेश साकेत, प्र आर 100 सत्यदेव पाण्डेय, प्र आर 17 भूपेन्द्र करोसिया, प्र आर 331 राकेश वर्मा, प्र आर 506 अयोध्या प्रसाद, प्र आर 892 रामरतन वर्मा, आर 325 मनोज निनामा, आर 1139 विपिन यादव, आर 403 मयंक गौतम, आर 1018 सुधीर शुक्ला, आर 254 अनिल दाहिया , आर 306 राजकुमार गुप्ता, म. आर 626 अनामिका द्विवेदी तथा सै 358 काशीनाथ यादव सै470 गौरीशंकर से 59 संतोष मिश्रा, से 290 राजेश सिंह, सै 373 रामनाथ पटेल की सराहनीय एवं सक्रिय भूमिका रही।

# नगर निगम आयुक्त अक्षत जैन ने वार्ड 1, 2 और 3 का किया निरीक्षण, विकास कार्यों में तेजी लाने के दिये निर्देश



**रीवा।** अक्षत जैन ने शहर की मूलभूत सुविधाओं और प्रगतिरत विकास कार्यों की जमीनी स्थिति का जायजा लेने के लिए वार्ड क्रमांक 01, 02 एवं 03 का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, जल निकासी व्यवस्था, पेयजल समस्या, नाली निर्माण, पार्क विकास और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों को आवश्यक निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और तय समय सीमा में कार्य पूर्ण कराए जाएं।

निरीक्षण की शुरुआत वार्ड क्रमांक 01 अंतर्गत निपानिया क्षेत्र से की गई। यहां चौराहे के पास निर्माणाधीन नाली कार्य का अवलोकन करते हुए निगम आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य को आगामी 15 जून के पहले हर हाल में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम को देखते हुए अधूरे नाली निर्माण से क्षेत्र में जलभराव और आवागमन की समस्या उत्पन्न हो सकती है, इसलिए कार्य में तेजी लाना अत्यंत आवश्यक है।

इसके बाद उन्होंने सफारी रोड के समीप जलभराव वाले क्षेत्र का निरीक्षण किया। स्थानीय नागरिकों ने यहां बरसात के दौरान सड़क पर पानी भरने और गंदगी फैलने की शिकायत की। इस पर निगम आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक चैंबर निर्माण कराने और नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून पूर्व सभी संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि आमजन को परेशानी का सामना न करना पड़े।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त शिवपुरवा एवं बस्ती क्षेत्र भी पहुंचे, जहां नागरिकों ने पेयजल समस्या को प्रमुखता से उठाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि गर्मी के मौसम में पानी की पर्याप्त उपलब्धता नहीं हो पाती, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस पर निगम आयुक्त अक्षत जैन ने आश्वासन दिया कि आगामी दो माह के भीतर पेयजल समस्या के स्थायी निराकरण के लिए आवश्यक कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में जलापूर्ति व्यवस्था को मजबूत किया जाए और जिन स्थानों पर आवश्यकता हो वहां पाइपलाइन विस्तार एवं अन्य तकनीकी कार्य जल्द प्रारंभ किए जाएं।

उन्होंने क्षेत्र में मौजूद सभी हैंडपंपों का भी निरीक्षण कराया और जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक हैंडपंप में रिचार्ज पिट निर्माण के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने कहा कि भूजल स्तर लगातार गिर रहा है और ऐसे में वर्षा जल संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाना जरूरी है। रिचार्ज पिट निर्माण से वर्षा का पानी जमीन में समाहित होगा और भविष्य में जल संकट को कम करने में मदद मिलेगी।

इसके बाद निगम आयुक्त वार्ड क्रमांक 02 के दोही सुदामा नगर क्षेत्र पहुंचे। यहां उन्होंने निर्माणाधीन नाली कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण गुणवत्ता बनाए रखने और तय समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नाली निर्माण में किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि नहीं होनी चाहिए, क्योंकि इसका सीधा असर जल निकासी व्यवस्था पर पड़ता है। शिवकंठ नगर क्षेत्र में निगम आयुक्त ने जलभराव की स्थिति को गंभीरता से लिया। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पहले नाले निर्माण का कार्य पूरा कर लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि समय पर कार्य पूरा नहीं हुआ तो बरसात में क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। निगम आयुक्त ने कहा कि सभी निर्माण एजेंसियां कार्य की गति बढ़ाएं और प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

निरीक्षण के दौरान कब्रिस्तान के पास निर्माणाधीन बाउंड्रीवाल का भी जायजा लिया गया। निगम आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थलों की सुरक्षा और व्यवस्थित विकास के लिए बाउंड्रीवाल निर्माण आवश्यक है। साथ ही गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश भी दिए गए। वार्ड क्रमांक 03 के भ्रमण के दौरान निगम आयुक्त ने दीनदयाल धाम क्षेत्र में लंबे समय से लंबित पार्क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कार्य की धीमी प्रगति पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और संबंधित संविदाकार को 15 दिवस के भीतर कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए।

## सार संक्षिप्त

### प्रशासन की संवेदनशीलता : जनसुनवाई में विधवा को हाथों-हाथ मिला कल्याणी पेंशन का तोहफा



**समय जगत, दतिया।** शासन की मंशानुसार अंतिम छोर के व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित होने वाली जनसुनवाई एक महिला के लिए बड़ी राहत लेकर आई। भांडेर तहसील के नई बस्ती क्षेत्र की निवासी श्रीमती नंदनी देवी को उनकी पात्रता के आधार पर मौके पर ही सामाजिक न्याय विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। मामले के अनुसार श्रीमती नंदनी देवी पति स्व. महेश कुमार अहिरवार निवासी नई बस्ती भांडेर पिछले कुछ समय से आर्थिक तंगी और सामाजिक सुरक्षा के अभाव में जीवन व्यतीत कर रही थीं। पति के निधन के बाद घर की जिम्मेदारी और आजीविका का संकट उनके सामने था। शासन की कल्याणी पेंशन योजना (विधवा पेंशन) की जानकारी होने पर उन्होंने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई थी। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में जैसे ही श्रीमती नंदनी देवी का आवेदन अधिकारियों के समक्ष पहुँचा उनके दस्तावेजों की त्वरित जाँच सामाजिक न्याय विभाग द्वारा की गई। पात्रता सही पाए जाने पर अक्षय कुमार तेमवाल जिला पंचायत सीईओ दतिया ने संवेदनशीलता दिखाई और बिना किसी विलंब के तत्काल नरेंद्र दुबे जिला समग्र संयोजक द्वारा पेंशन स्वीकृति आदेश निकाय से समन्वय कर स्वीकृति संबंधि कार्यवाही कर हितग्राही को मौके पर ही दिया। आदेश की कॉपी मिलते ही हितग्राही के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। स्वीकृति पत्र प्राप्त करने के बाद श्रीमती नंदनी देवी ने शासन और जिला प्रशासन का धन्यवाद देते हुए कहा मेरे लिए यह बड़ी मदद है। दफ्तरों के चक्कर काटने के बजाय जनसुनवाई में मेरी समस्या का इतनी जल्दी समाधान होगा इसकी मुझे उम्मीद नहीं थी। योजना का उद्देश्य सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन योजना का मुख्य उद्देश्य ऐसी महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान करना है जिन्होंने अपने जीवनसाथी को खो दिया है। इस राशि से वे स्वाभिमान के साथ अपना जीवन यापन कर सकती हैं।

### भाजपा सरकार में चल रहा है भ्रष्टाचार : अजय खरे

**समय जगत, रीवा ।** समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा सन 2014 से एक दशक के शासन काल में भारत की अर्थव्यवस्था को दोगुनी गति से आगे बढ़ाकर देश को ग्यारवीं से तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने के किए गए दावा देश के लोगों को धोखे में रखने जैसा साबित हुआ। नतीजतन 2024 के चुनाव में भाजपा स्पष्ट बहुमत से दूर रही। किसी तरह तीसरी बार सरकार तो बना ली लेकिन जन विरोधी नीतियों को लागू करने से वह बाज नहीं आई। हालत यह है कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जनसाधारण से एक साल तक सोने की किसी तरह की खरीददारी नहीं करने की अपील की जा रही है। यह अपील ऐसे समय की जा रही जब सोने की कीमत में जबरदस्त उछाल है और आम आदमी की खरीद फरोख्त से दूर है। यही नहीं, लोगों से पेट्रोल डीजल ही नहीं, खाना पकाने के ईंधन और तेल में भी कटौती करने को कहा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद विदेश यात्रा पर जा रहे है लेकिन देश के लोगों को विदेश यात्रा करने से मना किया जा रहा है। श्री खरे ने कहा कि मोदी शासनकाल से पहले सोने की कीमत 24000 रुपए प्रति दस ग्राम से 6 गुना बढ़कर इधर बारह साल में 154200 रुपए हो गई है। आम आदमी के लिए सामान्य जीवन मुश्किल हो गया है। देश की अधिकांश आबादी को मुफ्त का अनाज उपलब्ध कराकर विकास की झूठी वाहवाही लूटी जा रही है। यह अप्रिय स्थिति 21 वीं सदी में देश की गरीबी और भुखमरी का बखान कर रही है, ना कि विकसित अर्थव्यवस्था की। आत्म निर्भर भारत का दावा खोखला नज़र आ रहा है। अमेरिका और इजरायल के द्वारा ईरान पर किए गए हमले के बाद से भारत में ईंधन संसाधनों को लेकर विदेशी निर्भरता काफी खतरनाक दिखाई दे रही है। बिना युद्ध लड़े ही दुष्परिणाम सामने नजर आ रहे हैं। श्री खरे ने कहा कि यदि भारत आत्म निर्भर स्थिति में होता तो देश के प्रधानमंत्री को इतनी जल्दी लोगों से दैनिक आवश्यक सामग्री में कटौती की अपील नहीं करनी पड़ती। श्री खरे ने कहा कि भारत की ऐतिहासिक पहचान सोने की चिड़िया के देश के रूप में थी लेकिन आज लगभग 215 लाख करोड़ रुपए का विदेशी कर्ज हमारी अर्थव्यवस्था को गुलामी की ओर ले जा रहा है। देश को दांव पर लगाकर विकास की बात बेईमानी है।

# 1.52 लाख का माल बरामद, नेटवर्क खंगालने में जुटी पुलिस



**रीवा।** रीवा जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिविल लाइन थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 608 शीशी नशीली कफ सिरप के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त किए गए माल की कीमत करीब 1 लाख 52 हजार रुपए बताई जा रही है।

**थाने के पास से चल रहा था कारोबार :** हैरान करने वाली बात यह है कि आरोपी थाने के पास चाय बेचने का काम करता था और उसी की आड़ में नशे का कारोबार संचालित कर रहा था। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के झिरिया मोहल्ले का है। जानकारी के मुताबिक, थाना प्रभारी विजय सिंह बघेल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि इलाके में अवैध रूप से नशीली कफ सिरप की सप्लाई की जा रही है। सूचना के बाद पुलिस ने आरोपी मोहन जोशी पर नजर रखी और उसके घर पर दबिश दी। तलाशी के दौरान पुलिस को 608 शीशी नशीली कफ सिरप बरामद हुई।

**पुलिस की आड़ में चल रहा था धंधा :** पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी के पिता की चाय दुकान थाने के पास संचालित होती है, जहां पुलिसकर्मियों सहित कई लोगों का आना-जाना लगा रहता था।

# गांव पहुंचीं मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्राची चौबे द्वारा ज़मीन पर बैठकर सुनी गईं ग्रामीणों की समस्याएं



**समय जगत, रीवा ।** जिले के गंगेव जनपद अंतर्गत ग्राम बेलवा पैकान में आयोजित जन चौपाल इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के तहत चयनित इस गाँव में आयोजित जन चौपाल केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं रही, बल्कि अधिकारियों ने ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी समस्याएँ गंभीरता से सुनीं और मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। जनपद पंचायत गंगेव की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्राची चौबे की कार्यशैली ने ग्रामीणों का ध्यान आकर्षित किया, जहाँ वे मंच से भाषण देने के बजाय सीधे ग्रामीणों के बीच ज़मीन पर बैठकर संवाद करती नजर आईं।

जन चौपाल में ग्रामीणों ने समग्र आईडी में त्रुटि, प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त, नल-जल योजना में पाइप लीकेज, मुक्तिधाम निर्माण सहित कई समस्याएँ अधिकारियों के समक्ष रखीं। जिस पर संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। नल-जल योजना में पाइप लीकेज के कारण कई बस्तियों तक पानी नहीं पहुँचने की शिकायत पर तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए गए। इस दौरान जनपद सीईओ ने स्वयं दो दिन बाद पुनः निरीक्षण कर कार्य की स्थिति देखने की बात कही।

जन चौपाल में खंड पंचायत अधिकारी, मनरेगा टीम, आवास शाखा, स्वच्छ भारत मिशन, सामाजिक न्याय विभाग, नल-जल योजना की टीम, उपयंत्री, सरपंच-सचिव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्रता एवं अपात्रता के नियम भी समझाए।

आज जब अक्सर प्रशासनिक व्यवस्था पर केवल दफ्तरों तक सीमित रहने के आरोप लगते हैं, ऐसे समय में अधिकारियों का गाँव पहुँचकर लोगों के बीच बैठना और समस्याओं को सुनकर मौके पर समाधान की पहल करना लोगों के बीच सकारात्मक चर्चा का विषय बना हुआ है। अब देखना यह होगा कि इस तरह की जन चौपाल और ज़मीनी निगरानी से योजनाओं का वास्तविक लाभ ग्रामीणों तक कितनी प्रभावी तरीके से पहुँच पाता है।

# डॉ. आलोक की मेहनत का प्रतिफल है कविता पर्व : उन्मेश श्रीवास्तव

## 253वां डॉ. सीकर स्मृति कविता पर्व संपन्न



**समय जगत, दतिया।** देश के कवियों के लिए कविता पर्व आराधना करने के समान है यहां से निकले अनेक कवियों ने देश विदेश में अच्छा मुकाम हासिल किया है। डॉ. आलोक की मेहनत का प्रतिफल है कविता पर्व उक्त विचार न्यू दतिया पब्लिक स्कूल में डॉ. सीकर की स्मृति में आयोजित 253वें मासिक कविता पर्व में मुख्य अतिथि की आसंदी से जिला निवाड़ी के जिला शिक्षा अधिकारी उन्मेश श्रीवास्तव ने व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार डॉ. आलोक सोनी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में गीतकार सुधाकर शर्मा बम्बई, गजलकार दिलशेर दिल, साहित्यकार कमलकांत शर्मा उपस्थित थे। कविता पर्व का संचालन कवि हरिहर समाधिया ने किया। तनु प्रताप सिंह गौर की सरस्वती वंदना से कविता पर्व की शुरुआत हुई। इस अवसर पर अमर सिंह दिनकर ने कहा पुस्तक ज्ञान है विज्ञान है पुस्तक वेद पुराण है। डॉ. माशूक अली ने कहा जौशे जुनून में हवा का मुख मोड़ सकते हैं हम वो हैं माशूक पाकिस्तान का पंजा मरोड़ सकते हैं सदन की भरपूर तालियां बटोरी। कवि डॉ. राजेन्द्र सिंह खेंगर ने कहा कहती गीता वाईविल बोले यही कुरान अगर मानते हो हमें बने रहे इंशान को बहुत सराहा गया। विशिष्ट अतिथि गजलकार दिलशेर दिल ने कहा डॉ. आलोक सोनी अपने काम के प्रति समर्पित, निष्ठावान, जुझारू , कर्मठ व्यक्तित्व का नाम है। शिक्षा, कला, फिल्म डायरेक्शन, अभिनय, लेखन, वक्तव्य में उन्होंने ख्याति अर्जित की है वह अनूठी व अद्वितीय है। बुन्देली कवि सुन्दर लाल श्रीवास्तव ने कहा घर किन से वे आज लड़ रये। इस अवसर पर राधा बल्लभ मिश्र, दिनेश श्रीवास्तव, डॉ.बालकृष्ण कुशवाहा, श्यामलाल प्रजापति ने डॉ.सीकर के व्यक्तित्व कृतित्व को रेखांकित किया। इस दौरान कमलकांत शर्मा, महेश त्रिपाठी अंजाना, अल्ताफ हुसैन, बृजमोहन झा, अवधेश खरे, बीपी सेन ने भीषण गर्मी पर कविता सुनाई। इस अवसर पर डॉ.आलोक सोनी ने निवाडी डीईओ उन्मेश श्रीवास्तव, गीतकार सुधाकर शर्मा एवं दिलशेर दिल का शॉल, अंगपट्टिका ओढ़ाकर श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। कार्यक्रम के अंत में भूपेंद्र चऊदा ने आभार व्यक्त किया।

# भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने पीताम्बरा पीठ मंदिर पर दर्शन कर लिया पुण्य लाभ



**समय जगत, दतिया ।** भारत को तीन विश्व कप दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर दतिया पहुंचे। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी होने के साथ-साथ वे बेहद सरल, सहज और उदार हृदय व्यक्तित्व के धनी हैं। दतिया प्रवास के दौरान उन्होंने पीताम्बर पीठ में मां पीतांबरा माई के दर्शन किए तथा मन्दिर में भगवान वनखण्डेश्वर के दर्शन कर पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया। ज्ञात रहे कि भारतीय त्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर समय-समय पर पीताम्बरा पीठ मंदिर पर आते रहते हैं। भारतीय त्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर का दतिया आगमन पर जिला प्रशासन की ओर से जनपद पंचायत दतिया सीईओ विनीत त्रिपाठी व अधिकारियों ने स्वागत किया।

# राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी ने लगवाये नगर में सीसीटीवी कैमरे

## पुलिस के लिए बने वरदान, संगठनों ने जताया आभार



**समय जगत, बरेली ।** वर्षों से नगर में सीसीटीवी कैमरे की कवायत को लेकर नागरिक एवं नगर के संगठनों ने मध्य प्रदेश के लोक स्वास्थ्य राज मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल से नगर में सीसीटीवी कैमरे लगवाने की मांग की थी वहीं पुलिस विभाग द्वारा इस प्रक्रिया को लेकर मंत्री पटेल से आग्रह किया था ताकि नगर में अपराधिक घटनाओं को पकड़ने में पुलिस को मदद मिल सके इस समीक्षा को अपने संज्ञान में लेते हुए मध्य प्रदेश के लोक स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र पटेल ने विधायक निधि के दस लाख रुपये से नगर में सीसीटीवी कैमरे लगवा कर साक्षात प्रक्रिया को जीवित कर दिया उनकी इस दरिया दिली पर बरेली नगर के संगठनों के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं नागरिकौने उनका फूल माला पहनाकर आभार व्यक्त किया तथा बरेली थाने में पदस्थ एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती ने भी उनके इस निर्णय और साक्षात कार्य स्वरूप की प्रशंसा करते हुए पुलिस के लिए नगर में लगे सीसीटीवी कैमरो को वरदान बताया उन्होंने कहा कि नगर में लगे सीसीटीवी कैमरो के माध्यम से पुलिस को हर गतिविधि पर नजर रखनी आसान होगई है सीसी टीवी कैमरो के लगने के बाद नगर में हुई चोरी की घटनाओं को पकड़ने में पुलिस प्रशासन को मदद मिली है इसलिए पुलिस प्रशासन उनके इस कार्य के लिये धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करता है वही नगर के संगठनों के अधिकारियों ने मंत्री पटेल का स्वागत करते हुए फूल माला पहनाकर उनका अभिवादन किया और इस कार्य के लिए आभार व्यक्त भी किया संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं नागरिकों का कहना है कि नगर में सीसीटीवी कैमरो के माध्यम से कई अप्रिय घटनाओं पर लगाम लगेगी और निरंतर बढ़ते अपराधों को रोका जा सकेगा।

## संपादकीय

# पर्यावरण एवं जल संरक्षण के गंभीर प्रयासों की है दरकार

वर्तमान समय में विश्वभर में पर्यावरण की सुरक्षा एवं पानी की पर्याप्त उपलब्धता बड़ा मुद्दा है। हिमालयी क्षेत्रों में मानव गतिविधियों के दबाव ने बर्फ संकट को बढ़ाया है। कई सीमांत क्षेत्रों में निर्माण गतिविधियां भूस्खलन और हिमस्खलन संवेदनशील जगहों तक पहुंची हैं।

हिम के घर के रूप में हिमालय में बर्फ की कमी गंभीर चिंता का विषय है। अध्ययनों के अनुसार हिमालय में हिमपात और बर्फ के जमाव की दर में कमी आ रही है, जिससे हैंगिंग ग्लेशियरों और हिमनदी झीलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके कारण केदारनाथ और ऋषिगंगा जैसी भयंकर आपदाओं की आशंका बढ़ रही है। साथ ही सतलुज-झेलम से लेकर ब्रह्मपुत्र तक हिमनदों पर निर्भर नदियों में जलप्रवाह में कमी की आशंका भी बढ़ गई है। इससे पूरे एशिया के मौसम में बदलाव की आशंकाएं बढ़ रही हैं। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) की हालिया प्रकाशित वैज्ञानिक रिपोर्ट के आधार पर उत्तराखण्ड के अलकनन्दा बेसिन में बढ़ती हैंगिंग ग्लेशियरों की समस्या का स्वतः संज्ञान लिया। उक्त शोधपत्र के अनुसार उत्तराखंड के अलकनन्दा बेसिन में 219 हैंगिंग ग्लेशियरों की पहचान की गई है। वैज्ञानिकों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान में वृद्धि और वर्षा के स्वरूप में बदलाव से इन ग्लेशियरों की स्थिरता तेजी से कम हो रही है। फलतः पर्वतीय ढलानों पर अचानक बर्फ या बर्फ-मिश्रित चट्टानों के गिरने की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे विनाशकारी हिमस्खलन और बाढ़ जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। काठमाण्डू स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट की ताजा रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2026 में हिंदू कुश-हिमालय क्षेत्र में बर्फ के जमीन पर टिके रहने की अवधि सामान्य से 27.8 प्रतिशत कम दर्ज की गई है। यह पिछले दो दशकों में सबसे न्यूनतम स्तर है और लगातार चौथा वर्ष है जब हिम स्तर सामान्य से नीचे रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि ग्लेशियल लेक्स की संख्या में वृद्धि के साथ नदियों के प्रवाह में भारी कमी आ सकती है। वर्ष 2019 में प्रकाशित इंटरनेशनल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज की रिपोर्ट में कहा गया था कि यदि वैश्विक तापमान वृद्धि को नियंत्रित नहीं किया गया, तो इस सदी के अंत तक हिंदू कुश-हिमालय क्षेत्र के एक-तिहाई से अधिक ग्लेशियर समाप्त हो सकते हैं। इसी प्रकार, वर्ष 2021 में प्रकाशित 'विश्व मौसम संगठन' की रिपोर्ट में हिमालयी क्षेत्रों में औसत तापमान वृद्धि को वैश्विक औसत से अधिक बताया गया, जो ग्लेशियरों के तेज पिघलाव का प्रमुख कारण है। हिमालय में बढ़ते खतरों के चलते वर्ष 2021 की 7 फरवरी को चमोली जिले में ऋषिगंगा-धौलीगंगा आपदा हुई थी। इस घटना में अचानक आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई थी। वैज्ञानिकों के अनुसार यह आपदा संभवतः एक चट्टान और ग्लेशियर के संयुक्त टूटने से उत्पन्न हुई थी। इस तरह की आपदाओं की स्थिति देश सहित विश्व के अगल- अलग क्षेत्रों में आये दिन निर्मित होती रहती है। ऐसे में जरूरी है कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस प्रयास किये जाएं। साथ ही जन संरक्षण व संवर्धन भी आवश्यक है।

# प्रधानमंत्री की विदेश यात्रा वैश्विक राजनीति को करेगी प्रभावित

## नजरिया

**संयुक्त अरब अमीरात के बाद प्रधानमंत्री नीदरलैंड जाएंगे। यह यात्रा भारत और नीदरलैंड के बीच बढ़ते आर्थिक तथा प्रौद्योगिकी सहयोग को नई दिशा देगी। प्रधानमंत्री वहां के राजा विलेम अलेक्जेंडर, महारानी माक्सिमा और प्रधानमंत्री रोब येटन से मुलाकात करेंगे। दोनों देशों के बीच रक्षा, सुरक्षा, हरित हाइड्रोजन, जल प्रबंधन, सेमीकंडक्टर और नवाचार जैसे क्षेत्रों में तेजी से सहयोग बढ़ रहा है। नीदरलैंड यूरोप में भारत का प्रमुख व्यापारिक साझेदार है और भारत में बड़े निवेशकों में शामिल है। जल प्रबंधन और कृषि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नीदरलैंड की विशेषज्ञता भारत के लिए अत्यंत उपयोगी मानी जाती है। दोनों देश मुक्त और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के समर्थन में भी एक समान दृष्टिकोण रखते हैं। मोदी की स्वीडन की यात्रा भारत और नॉर्डिक देशों के साथ बढ़ते सहयोग को और मजबूत बनाएगी। प्रधानमंत्री गोथेनबर्ग में स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन से वार्ता करेंगे।**

**नीरज कुमार दुबे**

भारत अपने पारंपरिक मित्र देशों के साथ केवल व्यापारिक संबंधों तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि वह प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा, रक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, समुद्री सुरक्षा और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला जैसे क्षेत्रों में दीर्घकालिक रणनीतिक सहयोग को भी विस्तार देना चाहता है। वैश्विक चुनौतियों, बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों, ऊर्जा संकट, आपूर्ति श्रृंखला की अनिश्चितताओं और तकनीकी प्रतिस्पर्धा के बीच भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर बड़े कूटनीतिक मिशन पर निकल रहे हैं। 15 मई से 20 मई तक प्रस्तावित उनकी बहुराष्ट्रीय विदेश यात्रा के दौरान वह संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली का दौरा करेंगे। यह यात्रा भारत की वैश्विक रणनीति, आर्थिक हितों और सामरिक साझेदारियों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। इस दौरान ऊर्जा सहयोग, व्यापार, हरित प्रौद्योगिकी, रक्षा, निवेश, नवाचार और वैश्विक सुरक्षा जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी, जिससे भारत की अंतरराष्ट्रीय भूमिका और अधिक मजबूत होने की संभावना है।

इस यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि भारत अपने पारंपरिक मित्र देशों के साथ केवल व्यापारिक संबंधों तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि वह प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा, रक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, समुद्री सुरक्षा और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला जैसे क्षेत्रों में दीर्घकालिक रणनीतिक सहयोग को भी विस्तार देना चाहता है। हाल के वर्षों में भारत ने विश्व मंच पर एक भरोसेमंद और संतुलित शक्ति के रूप में अपनी पहचान बनाई है। यही कारण है कि यूरोप और पश्चिम एशिया के देश भारत को भविष्य के आर्थिक और सामरिक साझेदार के रूप में देख रहे हैं। हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्रा की शुरुआत संयुक्त अरब अमीरात से करेंगे, जहां वह राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नहयान से मुलाकात करेंगे। दोनों देशों के बीच ऊर्जा सहयोग, निवेश, डिजिटल भुगतान, रक्षा और भारतीय समुदाय के कल्याण जैसे विषयों पर चर्चा होने की संभावना है। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी लगातार मजबूत हुई है। संयुक्त अरब अमीरात भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है तथा बीते पच्चीस वर्षों में भारत में निवेश करने वाले प्रमुख देशों में शामिल है। दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते ने व्यापार को नई गति दी है। ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में भी संयुक्त अरब अमीरात भारत का महत्वपूर्ण सहयोगी है। इसके अलावा भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा दोनों देशों की सामरिक निकटता को और अधिक मजबूत बना रहा है। वहां रह रहे लाखों भारतीय दोनों देशों के सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों की मजबूत कड़ी हैं।



संयुक्त अरब अमीरात के बाद प्रधानमंत्री नीदरलैंड जाएंगे। यह यात्रा भारत और नीदरलैंड के बीच बढ़ते आर्थिक तथा प्रौद्योगिकी सहयोग को नई दिशा देगी। प्रधानमंत्री वहां के राजा विलेम अलेक्जेंडर, महारानी माक्सिमा और प्रधानमंत्री रोब येटन से मुलाकात करेंगे। दोनों देशों के बीच रक्षा, सुरक्षा, हरित हाइड्रोजन, जल प्रबंधन, सेमीकंडक्टर और नवाचार जैसे क्षेत्रों में तेजी से सहयोग बढ़ रहा है। नीदरलैंड यूरोप में भारत का प्रमुख व्यापारिक साझेदार है और भारत में बड़े निवेशकों में शामिल है। जल प्रबंधन और कृषि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नीदरलैंड की विशेषज्ञता भारत के लिए अत्यंत उपयोगी मानी जाती है। दोनों देश मुक्त और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के समर्थन में भी एक समान दृष्टिकोण रखते हैं। मोदी की स्वीडन की यात्रा भारत और नॉर्डिक देशों के साथ बढ़ते सहयोग को और मजबूत बनाएगी। प्रधानमंत्री गोथेनबर्ग में स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन से वार्ता करेंगे। दोनों देशों के बीच व्यापार, हरित परिवर्तन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, उभरती प्रौद्योगिकी, रक्षा, अंतरिक्ष और जलवायु कार्रवाई जैसे क्षेत्रों में व्यापक सहयोग की संभावनाएं हैं। हम आपको बता दें कि स्वीडन की अनेक प्रमुख कंपनियां भारत में सक्रिय हैं और दोनों देशों के बीच नवाचार आधारित साझेदारी तेजी से विकसित हो रही है। भारत और स्वीडन लोकतांत्रिक मूल्यों, सतत विकास और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में समान सोच रखते हैं। हरित औद्योगिक परिवर्तन और जलवायु संरक्षण के लिए दोनों देशों का सहयोग वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी इसके बाद नॉर्वे जाएंगे, जहां वह तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की नॉर्वे की पहली यात्रा होगी और पिछले तैंतालीस वर्षों में भारत से वहां होने वाली पहली प्रधानमंत्री स्तरीय यात्रा भी मानी जा रही है। नॉर्वे के प्रधानमंत्री योनास गार स्तोरे के साथ होने वाली वार्ता में व्यापार, निवेश, हरित प्रौद्योगिकी और समुद्री अर्थव्यवस्था पर विशेष जोर रहेगा। भारत और नार्वे के संबंध समुद्री सहयोग, हरित ऊर्जा और सतत विकास पर आधारित हैं। भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार समझौते के बाद दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को नई गति मिलने की संभावना है। नॉर्वे का विशाल पेंशन कोष भारतीय पूंजी बाजार में महत्वपूर्ण निवेश कर चुका है। आर्कटिक क्षेत्र, हरित जहाजरानी और समुद्री संसाधनों के प्रबंधन में दोनों देशों का सहयोग भविष्य की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन इस यात्रा का एक और महत्वपूर्ण पक्ष होगा। इसमें नॉर्वे, स्वीडन, डेनमार्क, फिनलैंड और आइसलैंड के शीर्ष नेता शामिल होंगे। यह मंच भारत और नॉर्डिक देशों के बीच प्रौद्योगिकी, नवाचार, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा, अंतरिक्ष, सतत विकास और समुद्री अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई रणनीतिक दिशा देगा। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने और हरित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में यह सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

यात्रा के अंतिम चरण में प्रधानमंत्री इटली जाएंगे। प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और राष्ट्रपति सर्जियो मातारेला के साथ उनकी बैठकें भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेंगी। दोनों देश 2025 से 2029 तक की संयुक्त रणनीतिक कार्ययोजना पर तेजी से काम कर रहे हैं। व्यापार, रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और औद्योगिक सहयोग इसके प्रमुख क्षेत्र हैं। इटली ने चीन की बेल्ट एंड रोड पहल से अलग होकर भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे को समर्थन दिया है, जिससे दोनों देशों की सामरिक निकटता बढ़ी है। रक्षा क्षेत्र में सह-विकास और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर जोर दिया जा रहा है। इटली भारत के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के प्रयासों का भी समर्थन करता रहा है। वहां रह रहा भारतीय समुदाय दोनों देशों के संबंधों को सामाजिक और सांस्कृतिक मजबूती प्रदान करता है। इस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह विदेश यात्रा केवल द्विपक्षीय संबंधों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत की बदलती वैश्विक भूमिका का प्रतीक भी है। यह यात्रा भारत को ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी सहयोग, हरित विकास, रक्षा साझेदारी और वैश्विक व्यापार के नए अवसर प्रदान करेगी। साथ ही यह संदेश भी देगी कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत विश्व राजनीति और अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख और विश्वसनीय केंद्र बनकर उभर रहा है।

# और सशक्त हो परमाणु आवरणं

**दिव्य कुमार**

हाल में भारत के परमाणु कार्यक्रम ने एक मील का पत्थर तब पार किया, जब कलपक्कम स्थित फास्ट ब्रीडर रिएक्टर ने क्रिटिकलिटी प्राप्त की। %क्रिटिकलिटी% वह स्थिति है जब परमाणु विखंडन की श्रृंखला प्रक्रिया आत्मनिर्भर हो जाती है। इस स्वदेशी तकनीक पर आधारित उपलब्धि के साथ ही भारत ने 1950 में होमी भाभा द्वारा तैयार किए गए त्रि-चरणीय परमाणु कार्यक्रम का दूसरा चरण पूरा कर लिया, जिसके अंतर्गत परमाणु ऊर्जा संयंत्र जितना परमाणु ईंधन खर्च करता है, उससे अधिक उत्पादन करने की क्षमता रखता है।

इस चरण में बनने वाले यूरेनियम-233 को तीसरे चरण में थोरियम-232 के साथ उपयोग करने पर यह और अधिक यूरेनियम-233 बनाता है और अंततः इस पूरी प्रक्रिया को चलाने के लिए मात्र थोरियम की ही आवश्यकता रह जाती है। इसका महत्व इससे और बढ़ जाता है कि दुनिया भर में थोरियम का एक चौथाई भंडार भारत के पास है। इस परमाणु कार्यक्रम का तीसरा चरण पूरा होने पर भारत अगले अनेक दशकों तक थोरियम से ऊर्जा का उत्पादन करता रह सकता है। अभी व्यावसायिक उपयोग हेतु उर्जा उत्पादन के लिए रूस और भारत ही दूसरे चरण में फास्ट ब्रीडर रिएक्टर्स का संचालन कर रहे हैं। निःसंदेह कलपक्कम में प्राप्त हुई सफलता नागरिक उपयोग हेतु परमाणु ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में अप्रतिम उपलब्धि है, लेकिन इसके साथ ही यह भी आवश्यक है कि भारत का परमाणु हथियार कार्यक्रम भी उतनी ही तेजी से आगे बढ़े। हमने आज तक दो ही बार परमाणु परीक्षण किए हैं। पहली बार वर्ष मई 1974 में और अंतिम बार परमाणु परीक्षण 11 और 13 मई 1998 में किए थे। 1974 के परीक्षणों में मात्र एक डिवाइस का परीक्षण किया गया था, वहीं 1998 में परीक्षणों में पहले दिन तीन और फिर दो न्यूक्लियर डिवाइस का परीक्षण किया गया। 1998 में पहले दिन परीक्षण की गई शक्ति-1 की क्षमता भारत के दावे के अनुसार 58 किलोटन रही थी। जबकि अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों का आकलन इसके लगभग 40 किलोटन रहने का था। अगर सरकार के दावे को भी सही मानें तो यह इसलिए चिंता का विषय हो जाता है, क्योंकि चीन के पास 650 किलोटन से लेकर 3-4 मेगाटन के परमाणु हथियार हैं। चीन के हल्के परमाणु हथियार भी 150 किलोटन क्षमता के हैं।

परीक्षण ही किसी वैज्ञानिक क्षमता को हासिल कर लेने का प्रमाण होता है। यही कारण है कि अमेरिका ने आज तक लगभग 1000 से अधिक, रूस ने 715 और चीन ने 45 बार परमाणु परीक्षण किए हैं। इसके विपरीत भारत ने बेहद कम क्षमता के बस छह परमाणु परीक्षण ही किए हैं। बीते दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने फिर से परमाणु परीक्षण करने की बात कही थी। यदि अमेरिका परमाणु परीक्षण करेगा तो फिर रूस भी पीछे नहीं रहने वाला। ट्रंप ने यह दावा भी किया है कि रूस, चीन, उत्तर कोरिया और पाकिस्तान गुप्त रूप से भूमिगत परमाणु परीक्षण कर रहे हैं। चीन पिछले कई वर्षों से गुपचुप तरीके से छोटे परमाणु परीक्षण करने में लगा हुआ है। 2024-25 में उसने परमाणु बम बनाए। मिसाइल प्रतिरोधक प्रणालियों की बढ़ती क्षमताओं और चीन के आबादी बहुल क्षेत्रों का भारतीय सीमा से बहुत दूर स्थित होने, हाइपरसोनिक मिसाइल तकनीक में हमसे कहीं आगे होने जैसे पहलुओं को देखते हुए भारत के लिए चीन के सापेक्ष भरोसेमंद परमाणु प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम का विस्तार आवश्यक है।

ट्रंप के दौर में भारत को लेकर अमेरिका की नीतियों में आक्रामकता का पुट भी देखा जा सकता है। इसे देखते हुए भी हमें अपनी सामरिक तैयारी और मजबूत करनी होगी। यह न भूला जाए कि 2021 में लक्षद्वीप में अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस जोन पोल जोंस अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन करते हुए भारत के एक्सक्लूसिव इकोनोमिक जोन में घुस आया था। बीते दिनों भी भारत से युद्धाभ्यास कर लौट रहे ईरानी नौसेना के जहाज को श्रीलंका के पास अमेरिकी नौसेना ने डुबो दिया था। यह भी ध्यान रहे कि अमेरिका हमारे पड़ोसी देशों में भारत विरोधी शक्तियों को वैसे ही हवा दे रहा है, जैसे रूस-यूक्रेन युद्ध छिड़ने से पहले उसने रूस के पड़ोसी देशों में रूस के विरुद्ध दी थी। इसे भी अनदेखा नहीं किया जा सकता कि अमेरिकी आक्रामकता से निपटने के लिए रूस ने भी स्मार्ट परमाणु हथियारों के विकास और परीक्षण का ही रास्ता चुना है। उसने परमाणु ऊर्जा से संचालित ब्यूरेवेस्टनिक नाइन एम 730 क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया, जो बेहद कम ऊंचाई जैसे मात्र 50 से 100 मीटर पर हफ्तों तक उड़ान भरती रही सकती है, क्योंकि इसके अंदर लगा बेहद छोटा परमाणु संयंत्र इसे बहुत लंबे समय तक ऊर्जा मुहैया कराता रहता है।

# प्रोजेक्ट चीता की नई उड़ान, कूनो बन रहा है चीतों का नया किंगडम

**हर्षवर्धन पान्डे**

भारत में विलुप्त हो चुकी चीता प्रजाति को वापस लाने की महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट चीता के तहत मध्यप्रदेश का कूनो नेशनल पार्क की आबोहवा अब चीतों को रास आने लगी है। 1952 में भारत से चीतों के विलुप्त होने के बाद सितंबर 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नामीबिया से लाए गए आठ चीतों को कूनो में छोड़कर इस ऐतिहासिक परियोजना की शुरुआत की। आज कूनो न केवल आयातित चीतों का आश्रय स्थल है, बल्कि दूसरी पीढ़ी के भारतीय चीतों के जन्म और प्राकृतिक प्रजनन का साक्षी भी बन गया है। कूनो नेशनल पार्क श्योपुर जिला मध्यप्रदेश लगभग 74,000 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है। कूनो अभयारण्य श्योपुर जिले के विन्ध्याचल पर्वत श्रेणी के उत्तरी भाग में स्थित है। इसमें विविध शुष्क पर्णपाती वन, घास के मैदान और प्रचुर शिकार चितल, सांभर, नीलगाय, चिंकारा आदि भी उपलब्ध हैं। चीतों के लिए उपयुक्त खुले मैदान और कम मानवीय हस्तक्षेप इसे आदर्श स्थल बनाते हैं। सितम्बर 2022 में दक्षिण अफ्रीका से चीता प्रोजेक्ट के तहत नामीबिया से 9 चीते जहाँ एमपी में लाये गए वहीँ फरवरी 2023 में दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते आये। बोत्सवाना से लाये गए नौ चीतों में 6 मादा और 3 नर शामिल हैं। कूनो में कई मादा गामिनी, ज्वाला आदि के शावकों को जन्म दिया और अब तक दर्जनों शावक यहाँ पैदा हो चुके हैं। यह 'प्रोजेक्ट चीता' के अंतर्गत तीसरा बड़ा अंतर्राष्ट्रीय चरण है। इस वर्ष बोत्सवाना से अतिरिक्त चीते आने से अब इनकी आबादी में इजाफे के आसार दिखाई दे रहे हैं। मोहन सरकार की वन्य जीव संरक्षण की मजबूत इच्छाशक्ति का परिणाम है कूनो की इस परियोजना ने मध्यप्रदेश में तेजी से प्रगति की है जिसके परिणाम अब धरातल पर दिखाई दे रहे हैं।

अप्रैल 2026 में कूनो ने वन्य जीव संरक्षण में इतिहास रचा। गामिनी की बेटी केजीपी-2 ने खुले जंगल में चार शावकों को जन्म दिया। यह पहला मामला है जब भारत में जन्मी चीता ने जंगली परिवेश में संतान दी। इससे पहले शावक मुख्यतः बाड़े वाले क्षेत्रों में पैदा होते थे। इस सफलता के साथ भारत में चीतों की कुल संख्या 57 पहुंच गई है जिनमें से लगभग 37 भारत में जन्मे हैं। यह आंकड़ा दर्शाता है कि परियोजना अब पुनर्वास से आगे बढ़कर स्थायी प्रजनन की ओर अग्रसर हो रही है। कूनो नेशनल पार्क देश में वन्यजीव संरक्षण और पारिस्थितिकी पुनर्स्थापना का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभर रहा है।कूनो में हिरण, चीतल, सांभर, नीलगाय और जंगली सुअरों की पर्याप्त संख्या चीतों के लिए अनुकूल साबित हो रही है। यही वजह है कि चीते यहां आराम से रह रहे हैं। दिसंबर 2023 में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद से एमपी के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव



ने वन्यजीव संरक्षण को सांस्कृतिक विरासत, जैव विविधता, पर्यटन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जोड़ने का कार्य किया है जिसके चलते मध्यप्रदेश में वन्य जीव संरक्षण और संवर्धन की दिशा में कई अभूतपूर्व निर्णय लिए गए। रातापानी टाइगर रिजर्व को देश का 8वां और प्रदेश का नया टाइगर रिजर्व घोषित करना मोहन का सबसे ब?ा मास्टर स्ट्रोक रहा। 2008 में नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी से अनुमति मिलने के बावजूद यह प्रस्ताव दशकों से लटका रहा लेकिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यकाल में इसे मंजूरी मिली। इतना ही नहीं पुरातत्वविद् विष्णु श्रीधर वाकणकर के नाम पर इसका नामकरण कर उन्होंने इसे सांस्कृतिक गौरव से भी जोड़ा। मार्च-2025 में माधव टाइगर रिजर्व को प्रदेश का 9वां टाइगर रिजर्व घोषित किया गया।

चीतों का पुनर्वास घास के मैदानों के पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करता है, शिकार प्रबंधन में मदद करता है और अन्य वन्यजीवों के लिए भी लाभ पैदा करता है। कूनो में चीतों की आमद ब?ने के साथ ही इसे अब पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित किया जा रहा है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। प्रोजेक्ट चीता' की अपार सफलता के बाद भारत में दशकों बाद चीतों की वापसी ने यह संदेश दिया है कि यदि सही वैज्ञानिक प्रबंधन और राजनीतिक प्रतिबद्धता हो तो विलुप्त प्रजातियों का पुनर्वास संभव है। चीतों को क्वारंटीन एवं अनुकूलन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद गांधी सागर एवं नौरादेही जैसे अन्य अभयारण्यों में भी बसाने की भी सरकार ने पूरी तैयारी की जा रही है। अब कूनो को ग्लोबल ब्रीडिंग सेंटर के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य चल रहा है। इसके साथ ही गांधी सागर वाइल्डलाइफ सेंचुरी को चीतों के दूसरे आवास और नौरादेही वाइल्डलाइफ सेंचुरी को तीसरे बड़े चीता लैंडस्केप के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। बीते दिनों श्योपुर में कूनो नेशनल पार्क के क्वारंटीन बाड़े से मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने दो मादा चीतों को कूनो नदी के समीप स्थित साइट से खुले जंगल में मुक्त किया जिसने मध्यप्रदेश के वन्यजीव संरक्षण इतिहास में एक नया अध्याय जो?ने का काम किया है। ये चीते भी अब कूनो के वातावरण में तेजी से घुल-मिल जाएंगे।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की धरती ने चीतों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराकर उन्हें पुनर्स्थापित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर अपने परिवार का हिस्सा बनाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगभग साढ़े तीन वर्ष पहले कूनो में चीता प्रोजेक्ट की शुरुआत की थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नाइजीरिया, दक्षिण अफ्रीका और अब बोत्सवाना से लाए गए चीतों के पुनर्स्थापन को निरंतर सफलता मिल रही हैं और आज प्रदेश ने देशभर में चीता स्टेट के रूप में पहचान बनाई है। कूनो में इन चीतों के सफल प्रजनन से भरोसा बढ़ा है कि यह परियोजना न केवल वन्यजीव संरक्षण का प्रतीक है, बल्कि भारत की पर्यावरणीय प्रतिबद्धता और वैश्विक सहयोग का उदाहरण अनुपम उदाहरण भी पूरे देश के सामने प्रस्तुत करता है। कूनो में प्रोजेक्ट चीता की सफलता हर नए शावक के जन्म के साथ मध्यप्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और पर्यटन को नई गति देगी।

# वसुधैव कुटुम्बकम् से न्यूक्लियर संस्कृति तक

**डॉ. बृजेश कुमार साहू**

भारतीय सभ्यता के दीर्घ इतिहास में यदि किसी संस्था ने सामाजिक स्थिरता, सांस्कृतिक निरंतरता और नैतिक अनुशासन को सबसे अधिक सुदृढ़ किया है, तो वह संयुक्त परिवार व्यवस्था है। यह केवल सह-निवास की सामाजिक संरचना नहीं थी, अपितु भारतीय जीवन-दर्शन का वह जीवंत केंद्र थी, जहां पीढ़ियों के मध्य ज्ञान, अनुभव, संस्कार और उत्तरदायित्व का स्वाभाविक हस्तांतरण होता था। परिवार भारतीय समाज में व्यक्ति और समष्टि के मध्य सेतु के रूप में कार्य करता था, जिसके माध्यम से मनुष्य अपने निजी अस्तित्व से ऊपर उठकर सामूहिक चेतना का अंग बनता था। भारतीय दार्शनिक परंपरा में परिवार को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष–इन चारों पुरुषार्थों की आधारभूमि माना गया है। जहाँ परिवार में सम्मान, मर्यादा और पारस्परिक स्नेह विद्यमान होता है, वहीं सामाजिक एवं आध्यात्मिक समृद्धि का विकास संभव होता है। इसी प्रकार महाभारत में सामाजिक एकता को शक्ति का मूल माना गया है–संघे शक्तिः कलौ युगे। भारतीय चिंतन में संघ की अवधारणा केवल राजनीतिक संगठन तक सीमित नहीं रही, बल्कि परिवार से प्रारंभ होकर व्यापक सामाजिक समन्वय तक विस्तृत रही है। वैश्वीकरण, उपभोक्तावाद और बाजार-केंद्रित आधुनिक आर्थिक संरचनाओं के प्रभाव में भारतीय परिवार व्यवस्था अभूतपूर्व परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। संयुक्त परिवारों का विघटन केवल सामाजिक गतिशीलता का स्वाभाविक परिणाम नहीं माना जा सकता; इसके पीछे आधुनिक पूँजीवादी उपभोक्ता-संस्कृति की संरचनात्मक प्रवृत्तियाँ भी सक्रिय रही हैं। बाजार व्यक्ति को मुख्यतः उपभोक्ता के रूप में परिभाषित करता है, जबकि भारतीय संस्कृति उसे संबंधों, दायित्वों और सामूहिकता से निर्मित सामाजिक सत्ता के रूप में देखती है। यही कारण है कि सामूहिक जीवन-शैली पर आधारित भारतीय परिवार व्यवस्था पश्चिमी व्यक्तिवादी आर्थिक मॉडल के लिए सदैव चुनौतीपूर्ण रही। कार्ल मार्क्स ने पूँजीवादी व्यवस्था की आलोचना करते हुए संकेत किया था कि बाजार अंततः मानवीय संबंधों को भी वस्तुगत रूप में परिवर्तित कर देता है। समकालीन भारतीय समाज में यह प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। संयुक्त परिवार को पिछड़ेपन, व्यक्तिगत स्वतंत्रता में बाधा तथा भावनात्मक बोझ के रूप में चित्रित किया गया, जबकि एकल अथवा न्यूक्लियर परिवार को आधुनिकता, आत्मनिर्भरता और स्वतंत्र जीवन-शैली के प्रतीक के रूप में स्थापित किया गया। जनसंचार माध्यमों, विज्ञापनों और मनोरंजन उद्योग ने पारिवारिक संघर्षों को सामान्यीकृत करते हुए अलगाववादी जीवन-दृष्टि को सामाजिक स्वीकृति प्रदान की। इसके परिणामस्वरूप परिवार की सामूहिक उपभोग-व्यवस्था विघटित होकर व्यक्तिगत उपभोग की इकाइयों में परिवर्तित होने लगी। जहाँ पूर्व में एक संयुक्त परिवार सीमित संसाधनों में साझा जीवन जीता था, वहीं अब प्रत्येक व्यक्ति अथवा दंपति स्वतंत्र उपभोग इकाई बन चुका है। पृथक आवास, पृथक उपकरण, पृथक वाहन और पृथक मनोरंजन साधनों ने बाजार के विस्तार को तीव्र गति प्रदान की है। इस प्रकार आर्थिक विकास का एक महत्त्वपूर्ण आयाम सामाजिक विखंडन की पृष्ठभूमि में निर्मित होता दिखाई देता है। भारतीय दार्शनिक परंपरा इस प्रकार की असीमित उपभोग-प्रवृत्ति के प्रति सदैव सावधान रही है। ईशोपनिषद् का यह उद्घोष– संयमित एवं उत्तरदायी उपभोग की भारतीय अवधारणा को प्रतिपादित करता है। भारतीय संस्कृति ने उपभोग का निषेध नहीं किया, किंतु उसे मर्यादा, संतुलन और सामाजिक उत्तरदायित्व से संयोजित किया। इसके विपरीत आधुनिक उपभोक्तावादी संस्कृति इच्छाओं के अनंत विस्तार को प्रोत्साहित करती है, जिसके परिणामस्वरूप मनुष्य निरंतर बाजार-निर्भर होता चला जाता है। समकालीन सामाजिक परिदृश्य में मानसिक अवसाद, अकेलापन, वृद्धाश्रमों की वृद्धि, बाल-मनोवैज्ञानिक समस्याएँ तथा पारिवारिक विघटन इसी सांस्कृतिक संक्रमण के दुष्परिणाम के रूप में देखे जा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक का जिला अस्पताल में चल रहा है उपचार



**समय जगत, टीकमगढ़।** जिले में नशे में युवक ने देर रात अज्ञात कारणों के चलते अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाा ली, मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह आग बुझाई , दरअसल यह पूरा मामला पलेरा थाना क्षेत्र के महेंद्र महेबा गांव का है, जहां गांव 23 वर्षीय युवक राजाराम कुशवाहा जो की शराब के नशे में था, उसने अपने घर से कुछ ही दूरी पर देर रात अचानक अपने ऊपर पेट्रोल उड़ेल लिया और फिर आग लगा ली, पेट्रोल के कारण आग ने युवक को पूरी तरह अपने चपेटे में ले लिया, इसी बीच युवक की चीख पुकार सुन मौके पर मौजूद लोगों ने कपड़ो और फट्टों की मदद से जल रहे युवक के शरीर की आग को किसी तरह बुझाया और बुरी तरह झुलस चुके युवक को गंभीर हालत में परिजन व स्थानीय लोग पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छतरपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है, युवक ने नशे की हालत में ऐसा कदम उठाया या किसी और कारण से यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है, सूचना के बाद पलेरा पुलिस मामले की जांच में जुटी है, घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### विनय द्विवेदी बने कांग्रेस के मंडलम अध्यक्ष



**समय जगत, ब्योहारी ।** संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने की दिशा में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अहम निर्णय लिया है। शहडोल जिले की ब्यौहारी विधानसभा में पार्टी ने सक्रिय और जुझारू नेता विनय द्विवेदी को ब्यौहारी मंडलम का अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति जिला कांग्रेस कमेटी, शहडोल के अध्यक्ष अजय अवस्थी के मार्गदर्शन में जारी की गई सूची के तहत की गई है। पार्टी नेतृत्व का मानना है की ब्यौहारी मंडलम से विनय द्विवेदी, पपरेडी मंडलम से आदित्यदेव सिंह, आखेटपुर मंडलम से आशुतोष पटेल, भोलहरा मंडलम से बाबूलाल सिंह, मऊ मंडलम से नागेन्द्र वर्मा की सक्रियता, संगठन के प्रति समर्पण और क्षेत्र में मजबूत पकड़ उन्हें इस जिम्मेदारी के लिए उपयुक्त बनाती है। अब सभी मंडलम में संगठनात्मक गतिविधियों को नई धार मिलने की उम्मीद है। पार्टी कार्यकर्ताओं में भी इस फैसले को लेकर उत्साह का माहौल है और इसे आगामी चुनावी रणनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस नियुक्ति से कांग्रेस को स्थानीय स्तर पर मजबूती मिलेगी और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा।

### नर्स दिवस पर सिविल अस्पताल में हर्षोल्लास के साथ नर्सों के योगदान को किया सम्मानित



**समय जगत, सिवनी मालवा।** अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस ( 12 मई) पर डॉ.भीमराव अंबेडकर सिविल अस्पताल में नर्सो को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सिविल अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, अधिकारी व कर्मचारियों ने केक काटकर नर्स दिवस हर्षोल्लास से मनाया। सभी नर्सिंग स्टाफ को पुष्प माला पहनाकर प्रशस्ति से सम्मानित किया। बीएमओ डॉ.कांति बाथम ने कहा कि आपकी सेवा, समर्पण और करुणा समाज के लिए अमूल्य हैं। आपकी नि :स्वार्थ सेवा, संवेदनशीलता और अथक प्रयास से ही स्वस्थ, सुरक्षित और सुखद समाज बनता हैं। मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना, उनकी परवाह करना और उनके स्वस्थ होने तक परिवार के सदस्य की भांति देखभाल करना नर्सिंग सेवा का महत्वपूर्ण कार्य होता है। इस कार्य को नर्सिंग स्टाफ भली भांति पूर्ण करते हैं। इस दौरान डॉ.अंकित तिवारी, डॉ.नेहा द्विवेदी, डॉ.धरा राजनेगी, डॉ.गौरव पांडे, बीसीएम प्रिया पांडे, बीपीएम इंदर हिरवे, बीईई अश्विनी जोसेफ, परिवार कल्याण शाखा प्रभारी एमएल टेकाम, स्टोर प्रभारी कैलाश अहिरवार, उमंग परामर्शदाता ईश्वर विश्नोई, सीएचओ नंदिनी सराठे, कृष्ण कुमार मालवीय, आनंद कुशवाह, सीनियर नर्स कविता चौधरी व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सियॉन रे इंटरनेशनल स्कूल का सीबीएसई 12वीं परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत, विद्यार्थियों ने बढ़ाया नगर का गौरव

**समय जगत, खिरकिया।** नगर की प्रतिष्ठित सियॉन रे इंटरनेशनल स्कूल का सीबीएसई कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं नगर का नाम गौरवान्वित किया है। विभिन्न संकायों में विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया। विद्यालय की छात्रा ऋषिका जाट ने कला संकाय में 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं खुशबू ने PCB संकाय में 88.6 प्रतिशत अंक अर्जित किए तथा जीव विज्ञान विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। इसके अलावा काजल मीणा ने कला संकाय में 84.2 प्रतिशत तथा नितिशा बिश्नोई ने वाणिज्य संकाय में 79.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय परिवार ने सभी सफल छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। विद्यालय के संचालक जय सिंह राजपूत, प्राचार्य अमित कुमार भार्गव एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

# नगर परिषद बोड़ा द्वारा 4 सेल्फी प्वाइंट का लोकार्पण एवं करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन

## विधायक मोहन शर्मा ने फीता काटकर किया शुभारंभ, नगर में विकास कार्यों की सौगात



**समय जगत, बोड़ा।** नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा द्वारा बुधवार को बोड़ा नगर में नगर परिषद द्वारा तैयार किए गए 4 आकर्षक सेल्फी प्वाइंट का लोकार्पण फीता काटकर किया गया। इसके साथ ही नगर के विभिन्न वार्डों में करोड़ों रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन भी संपन्न हुआ। नगर परिषद बोड़ा द्वारा नगर सौंदर्यीकरण के तहत नरसिंहगढ़ रोड पानी की टंकी के पास, पुरानी नगर परिषद कार्यालय के पास, यादव मोहल्ला कुंडी के पास एवं रोंसला रोड चौराहे पर आधुनिक एवं आकर्षक सेल्फी प्वाइंट स्थापित किए गए हैं। इन कार्यों की कुल लागत लगभग 21 लाख रुपये बताई गई।

इसके पश्चात श्री खेड़ापति हनुमान जी महाराज मंदिर बगीची परिसर में भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां पुजारी राधेश्याम शर्मा द्वारा विधि-विधान से पूजन कराया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सरजन सिंह राजपूत, नगर परिषद बोड़ा अध्यक्ष प्रतिनिधि करण जायसवाल, उपाध्यक्ष सतीश पाटीदार, पार्षद जशरथ सिंह राजपूत, पार्षद राजू भिलाला, पार्षद धनसिंह यादव, पार्षद महेश नाथ, पार्षद प्रतिनिधि दुर्गेश बागड़ी, पार्षद प्रतिनिधि सोनू पुष्पद, जिला मंत्री सत्येंद्र सिंह राठौड़, डॉ. कैलाश वैष्णव, पूर्व किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष देवीसिंह रुहेला, भाजपा वरिष्ठ नेता विनोद जायसवाल, कैलाश काका गुप्ता, विष्णु प्रसाद गुदेनिया, नगर परिषद बोड़ा मुख्य नगर पालिका अधिकारी अभिषेक जैन,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष द्वारका प्रसाद बंटी सोनी, महामंत्री अंकिता गिरिराज राठौर, बृजपाल सिंह राजावत, रामस्वरूप पाटीदार, संतोष पाटीदार, हिंदू सिंह झाला (चिंटू बना), सरपंच दीपक राजपूत, सरपंच शिवपाल सिंह राजपूत, सरपंच जीतू शर्मा, राधेश्याम राजपूत गागर, रामकरण झालावा, जगदीश रुहेला, ब्रह्मानंद पाटीदार, चंपाराम नायक, राकेश चंद्रवंशी, भूपेंद्र रुहेला, महेश पाटीदार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

इन विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन शीतला माता मंदिर पर रिटर्निंग वॉल निर्माण कार्य ङ्क लागत ?20,58,228 वार्ड क्रमांक 02 में मेन रोड से गनी खां एवं राधेश्याम बंजारा के मकान तक सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण ङ्क लागत ?11,38,672 वार्ड क्रमांक 03 पारदी मोहल्ला हरिजन बस्ती में सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण लागत ?14,89,426 वार्ड क्रमांक 03 में पार्वती बाई के मकान से रामबाबू के मकान तक आरसीसी नाली निर्माण लागत 18,26,075 वार्ड क्रमांक 11 बीर महाराज जी चबूतरा निर्माण लागत 3,17,028 वार्ड क्रमांक 06 भंवरी बाई धर्मशाला सामुदायिक भवन निर्माण लागत 6,56,839 अस्पताल स्टाप डेम्प से फिल्टर प्लांट तक बायपास सीसी रोड निर्माण लागत 2,47,85,467 वार्ड क्रमांक 15 नेमा शॉप से ऑकखेड़ी रोड तक सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण लागत 14,93,920 वार्ड क्रमांक 03 यादव धर्मशाला में पेवर ब्लॉक कार्य लागत 7,70,700 वार्ड क्रमांक 01 डीपी से कालाजी महाराज तक सीसी रोड निर्माण लागत 11,86,697 वार्ड क्रमांक 06 रामदेव मंदिर से मस्जिद तक सीसी रोड निर्माण लागत 5,63,193 वार्ड क्रमांक 15 राठौर कॉलोनी में आरसीसी नाली निर्माण लागत 27,60,300 वार्ड क्रमांक 01 राधा कृष्ण मंदिर से शीतला माता मंदिर तक सीसी रोड निर्माण लागत 6,21,820 वार्ड क्रमांक 14 पवन राठौर की दुकान से यश जनरल स्टोर्स तक सीसी रोड निर्माण लागत 6,68,110 वार्ड क्रमांक 13 जाटव मोहल्ला से पंचायती ओटला तक सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण लागत 8,63,324 वार्ड क्रमांक 10 बड़ा दरवाजा से अर्जुन महल तक सीसी रोड निर्माण लागत 8,83,614 वार्ड क्रमांक 12 इकबाल कबाड़ी के मकान से गली तक सीसी रोड निर्माण लागत 9,05,111 नगर परिषद कार्यालय से बड़ा पुल तक सीसी रोड चौड़ीकरण कार्य लागत 9,73,944 वार्ड क्रमांक 13 गुदेनिया जी के मकान से तकिया मोहल्ला तक सीसी रोड निर्माण लागत 7,22,765 वार्ड क्रमांक 13 जुबेदा बी की गली में सीसी रोड निर्माण लागत 7,22,765 वार्ड क्रमांक 05 चंदर रुहेला के मकान से कुंडी तक सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण लागत 22,83,343 वार्ड क्रमांक 03 यादव मोहल्ला में मोहन यादव के मकान से राजेश आचार्य के मकान तक सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण लागत 7,76,867 वार्ड क्रमांक 08 नरेंद्र राजपूत के मकान से मांगीलाल राजपूत के मकान तक सीसी रोड निर्माण लागत 23,23,410 वार्ड क्रमांक 06 गांधी बौक से मदन रुहेला के मकान तक सीसी रोड निर्माण लागत 8,53,541 अमृत 2.0 योजना अंतर्गत रोंसला रोड तालाब रिज्यूनेशन कार्य लागत 24,98,951 वार्ड क्रमांक 10 गौशाला में पेवर ब्लॉक एवं बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य वार्ड क्रमांक 09 बाग वाला मंदिर में पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य वार्ड क्रमांक 03 श्मशान घाट में पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य कुल लागत 94,91,157 वार्ड क्रमांक 15 महर्षि आश्रम के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य वार्ड क्रमांक 03 कालाजी महाराज चबूतरा निर्माण कार्य वार्ड क्रमांक 01 भंवरलाल के मकान से बाबूलाल के मकान तक सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य वार्ड क्रमांक 01 शासकीय स्कूल से नारायणी बाई के घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य वार्ड क्रमांक 01 नारायणी बाई के मकान से मुंडी चौक तक सीसी रोड निर्माण कार्य नवीन बस स्टैंड के पास शॉपिंग कॉम्प्लेक्स ब्लॉक-डी निर्माण कार्य लागत 2,56,12,209 कार्यक्रम के दौरान विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि नगर के विकास एवं मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। आने वाले समय में भी बोड़ा नगर को आधुनिक एवं सुविधायुक्त नगर बनाने के लिए विकास कार्य जारी रहेंगे।

## टीकमगढ़ में रचा इतिहास: सर्किल-10 की टीम ने सबसे पहले पूरा किया जनगणना का मकान सूचीकरण कार्य, हुआ भव्य सम्मान



**टीकमगढ़।** जिले में जनगणना कार्य के अंतर्गत सर्किल-10 की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे जिले में सबसे पहले मकान सूचीकरण (हाउस लिस्टिंग) का कार्य पूर्ण कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस सफलता का श्रेय सर्किल-10 के सुपरवाइजर अब्दुल करीम खान के कुशल नेतृत्व और उनकी पूरी टीम के बेहतरीन समन्वय को जाता है। टीम में शामिल HLB-52 शेख बजीर, HLB-53 अनवार अहमद, HLB-54 काजल सुल्ताना, ॥स्क्र 55 सिराज खान, ॥स्क्र 106 प्रेम सागर और ॥स्क्र 107 शमीम खान ने पूरी जिम्मेदारी और मेहनत के साथ कार्य को समय से पहले पूरा किया। समन्वय और मेहनत की मिसाल बनी टीम पूरी टीम ने आपसी तालमेल और प्रतिबद्धता के साथ काम करते हुए जिले में सबसे पहले यह महत्वपूर्ण चरण पूरा कर प्रशासन के लिए एक मिसाल पेश की है। अधिकारियों ने किया सम्मान इस उपलब्धि पर आज डिप्टी कलेक्टर, नगर पालिका टीकमगढ़ के अध्यक्ष, CMO एवं जनगणना के चार्ज अधिकारी द्वारा अब्दुल करीम खान एवं उनकी पूरी टीम का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

## गेहूं उपार्जन में लापरवाही पर कलेक्टर हुए सख्त

**समय जगत, सिवनी मालवा।** सरकार के निर्देश पर इस समय पूरे जिले में समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन का कार्य सोसायटियों के माध्यम से किया जा रहा हैं। 11 मई को कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने उपार्जन प्रक्रिया की समीक्षा की थी। इस दौरान जांच में पाया गया कि निर्देशों के बावजूद कई समितियों ने हम्मालों की व्यवस्था नहीं की। जानबूझकर, लापरवाही की गई। जिसके चलते केंद्रों पर तुलाई में बहुत देरी हुई और किसानों के ट्रैक्टर-ट्रालियों की लंबी लाइन लग गई। इन्हीं सब कारणों के चलते नर्मदापुरम जिले में समर्थन मूल्य पर गेहू उपार्जन में व्यवस्थाएं और अनियमितताएं बरतने पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिस पर सहकारिता उपआयुक्त ने मंगलवार को 3 खरीदी केंद्र प्रभारी को तत्काल प्रवास से निलंबित कर दिया। वहीं 12 समितियों को भविष्य में खरीदी प्रक्रियाओं में अपात्र घोषित करने के लिए कारण बताओं नोटिस जारी किए हैं।

**3 सहायक प्रबंधकों को किया निलंबित :** वहीं समितियों के कर्मचारियों द्वारा उपार्जन कार्य में लापरवाही, अनियमितताएं किए जाने के कारण बी-पैक्स सेमरीखुर्द के सहायक समिति प्रबंधक सुरेश कुमार चौरे, बी-पैक्स खपरिया के बी.जी.वेयर हाउस खरीदी केन्द्र के प्रभारी सुनील कुमार वर्मा, बी-पैक्स बिसौनी कलां के श्रीकृष्ण वेयर हाउस के खरीदी प्रभारी प्रदयुम्न कुमार यादव सहायक प्रबंधक को तत्काल प्रभार से निलंबित किया गया है।

12 मई 2026 को कृषि साख सहकारी समिति ( बी-पैक्स) डोलरिया, खपरिया, बिसौनी कलां, नानपा, पगढाल, सोमलवाडा, बागलखेडी, ऑखमऊ, कोठरा, रमपुरा, तरोनकला, बनखेडी समितियों को आगामी खरीदी हेतु अपात्र करने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिवस में जवाब मांगा गया।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार वृत्त-2, तहसील हुजूर जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 11660/अ-6/25-26
ग्राम-पिपलिया जाहिरपीर प.ह.न. 35
दिनांक 05/05/2026

**:: ईश्तहार ::**

सर्वसाधरण विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक श्री अरविन्द गौर आ. लीलाधर गौर निवासी म.नं-660 पुरुषोत्तम नगर सेमरा कलां जिला भोपाल मप्र ने म.प्र.भू-रा. संहिता की धारा 109, 110 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्रमांक 2/1024 दिनांक 23.08.2012 के आधार पर क्रय की गई भूमि स्थित ग्राम पिपलिया जाहिरपीर, प.ह.न. 35 तहसील हुजूर स्थित भूमि का खसरा क्रमांक 624/2/2/ख में से अंश भाग रकबा 111.59 वर्गमीटर भूमि का नामान्तरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किए जाने का अनुरोध किया है। आवेदक ने आवेदन पत्र के साथ रजिस्टर्ड विक्रय पत्र की छायाप्रति एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं। जिसका प्रकरण न्यायालय मे विचारधीन है।

उक्त संबध मे किसी व्यक्ति /संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्याम से पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा। प्रकरण मे आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 22/05/2026 नियत है।

उक्त उद्घोषणा मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 05/05/2026 को जारी किया गया है।

**अतिरिक्त तहसीलदार
तहसील हुजूर भोपाल**

**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार दशरथ पिता मूलचंद सैनी उम्र लगभग 71 वर्ष निवासी श्रीनगर कालोनी छीपानेर रोड वार्ड क 34 हरदा जिला हरदा के नाम से व्यवसायिक संपत्ति दुकान है एवं उनकी पत्नी श्रीमति गायत्री पति दशरथ सैनी उम्र 66 वर्ष के स्वामित्व अधिपत्य का मकान एवं रहवासी भूखण्ड हरदा जिला हरदा मे स्थित है। मेरे पक्षकार का पुत्र आशीष पिता दशरथ उम्र लगभग 40 वर्ष का है जो विवाहित है, उसकी पत्नी का नाम प्रमिला है जो मेरे पक्षकार से प्रथक निवास करते है। मेरे पक्षकार के पुत्र एवं उसकी पत्नी आदतन कर्ज,उधार ऋण लेने के आदि है तथा उनके द्वारा अपनी बुरी आदतो के चलते काफी रूपया पैसा मेरे पक्षकार का खर्च करा दिया है तथा अपनी मनमर्जी से कही भी चले जाते है इनके रहन सहन एवं आदते विपरित है। मेरे पक्षकार के द्वारा उसके पुत्र एवं उसकी पत्नी के रहवास हेतु काफी रूपया पैसा खर्च किया गया है। अब मेरे पक्षकार एवं उसकी पत्नी की संपत्ति मे पुत्र आशीष के अलग रहने से मेरे पक्षकार की संपति मे पुत्र आशीष एवं उसकी पत्नी का कोई हक हिस्सा नही है। यदि किसी भी व्यक्ति अथवा शासकीय अशासकीय संस्था से किसी भी प्रकार से ऋण,उधार,कर्ज दिया जाता है तो उसकी समस्त जबाबदारी इस प्रकाशन के पश्चात उनकी स्वयं की रहेगी।
सूचना जाने।
दिनांक- 13/05/2026

भवदीय
**गगन अग्रवाल,** अधिवक्ता
हरदा जिला हरदा
मो. 9826422298

## कार्यालय नगरपालिका परिषद दमोह (म0प्र0)

**-:निविदा सूचना:-**

क्र/न.पा./2026/697 दमोह, दिनांक 11/ 05/ 2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली मे पंजीकृत ठेकेदारों से अधोलिखित विवरण अनुसार दर पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर नं. | कार्य का नाम एवं विवरण | अनुमानित लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अमानत राशि | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD _506868_1 | सिविल वार्ड 02 मे विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | Rs. 37.85 लाख | 5000/- 28400/- रु | 15/06/2026 |
| 2. | 2026_UAD _507084_1 | बजरिया वार्ड 02 मे विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | Rs. 38.96 लाख | 5000/- 29300/- रु | 15/06/2026 |
| 3. | 2026_UAD _507084_1 | विवेकानंद नगर सिविल वार्ड 06 मे बीटी एवं सीसी रोड निर्माण कार्य। | Rs. 30.35 लाख | 5000/- 22800/- रु | 15/06/2026 |

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद दमोह

## कार्यालय नगर पालिका परिषद धार जिला धार म.प्र.

Email- cmodhar@mpurban.gov.in

क्रमांक / 2409 / स्टोर / 2026-27 धार, दिनांक 04.05.2026

**::ई-निविदाआमंत्रण सूचना::**

नगरपालिका परिषद धार द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा सूचना ई-टेण्डरीग प्रक्रिया के द्वारा www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है, विस्तृत शर्ते एंव निविदा वेब साईड पर देखी जा सकती है। निविदा मे किसी भी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाइड पर ही उपलब्ध रहेगा।

| क | ऑनलाइन निविदा क्रमांक | विवरण | लागत राशि (लाख मे) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_ 504917_1 | कार्यालयीन स्टेशनरी सामग्री प्रदाय (वर्ष 2026-27) | 10 लाख | 10,000 | 2,000 |
| 2 | 2026_UAD_ 504918_1 | मुद्रण कार्य (वर्ष 2026-27) | 20 लाख | 15,000 | 2,000 |
| 3 | 2026_UAD_ 504919_1 | नगरपालिका धार अंतर्गत टोयोटा/इनोवा/स्कार्पियो/ बोलेरो/पिकअप वाहन किराये पर प्रदाय कार्य (वर्ष 2026-27) | 15 लाख | 25,000 | 5,000 |

निविदा ऑनलाइन क्रय / बीड सबमिशन की अंतिम तिथि दिनांक 04/06/2026 को समय 17:30 बजे तक

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद धार**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, इटारसी जिला नर्मदापुरम

**क्र./लोक कर्म शाखा/2026/**08 **इटारसी, दिनांक** 13/05/2026

**// ई निविदा आमंत्रण सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क. | टेंडर पोर्टल कं | कार्य का नाम | कार्य की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _506721_1 | कार्यालय नगरपालिका इटारसी के फर्नीचर, कुर्सी, टेबिल, अलमारी, पंखा, कूलर, एसी, फोटोकॉपी मशीन आदि का मरम्मत कार्य। ( सामग्री तथा लेबर चार्ज सहित ) ( विवरण संलग्न ) | 10,00,000/- तक | 2000/- 10,000/- | 26.05.2026 17.30 |

**नोट** - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, इटारसी**

# डिवाइडरों पर रंगाई में लापरवाही बिना पपड़ी हटाए पोता जा रहा पेंट



**समय जगत, जबलपुर।** शहर में सड़कों के डिवाइडरों पर चल रहे रंगाई कार्य में भारी लापरवाही सामने आ रही है। ठेकेदार द्वारा पुराने उखड़े और जर्जर पेंट की पपड़ी हटाए बिना ही सीधे ऊपर से नया पेंट पोता जा रहा है, जिससे कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह किया जा रहा काम कुछ ही दिनों में फिर खराब हो जाएगा और सरकारी राशि का दुरुपयोग साबित होगा। क्षेत्रीय नागरिकों ने बताया कि डिवाइडरों की सही तरीके से सफाई और स्क्रैपिंग किए बिना पेंटिंग की जा रही है। कई स्थानों पर पुराना पेंट उखड़ा हुआ साफ दिखाई दे रहा है, लेकिन उसके बावजूद ठेकेदार जल्दबाजी में केवल ऊपर से रंग चढ़ाकर औपचारिकता पूरी कर रहा है।

जब इस संबंध में जिम्मेदार अफसरों से जानकारी लेने की कोशिश की गई तो एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते नजर आए। किसी ने इसे ठेकेदार की जवाबदेही बताया तो किसी ने विभागीय निगरानी की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया। कई अधिकारी कैमरे के सामने जवाब देने से भी बचते दिखाई दिए। एक जिम्मेदार अधिकारी का कहना है की यह काम हम अपनी जेब से पैसे देकर करा रहे है। बाद में टेंडर निकाल कर दोबारा करवाएंगे। मतलब समझ से परे है की पैसे की बर्बादी जानबूझ कर की जा रही है. जिसमे सबकी सहमति है.

मामले की शिकायत जनप्रतिनिधियों तक भी पहुंची है। जनप्रतिनिधियों ने गुणवत्ता की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया है। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते कार्य की निगरानी नहीं की गई तो जनता के टैक्स का पैसा केवल दिखावटी कामों में खर्च होता रहेगा।

# मोहगांव में गौ तस्करी के खिलाफ हुआ प्रदर्शन



**समय जगत, पांढुरना।** जिला पांढुरना क्षेत्र मोहगांव हवेली में कथित मवेशी तस्करी के विरोध में मंगलवार को गौ रक्षकों, ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने अनोखे अंदाज में प्रदर्शन किया। ऐतिहासिक श्री अर्धनारीश्वर मंदिर में गौ माता की पूजा-अर्चना के बाद बड़ी संख्या में लोग मोहगांव थाने पहुंचे, जहां पुलिस प्रशासन की आरती उतारकर विरोध जताया गया। इस दौरान क्षेत्र गौ माता के जयकारों और नारेबाजी से गूंज उठा। प्रदर्शन का नेतृत्व स्थानीय विधायक विजय चौरे ने किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मोहगांव और संवरनी के बैल बाजारों की आड़ में बड़े पैमाने पर मवेशियों की तस्करी की जा रही है। उनके अनुसार तस्कर किसानों से बैल खरीदने के नाम पर उन्हें महाराष्ट्र के कत्लखानों तक पहुंचा रहे हैं। विधायक ने कहा कि पुलिस प्रशासन को पूरे मामले की जानकारी होने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही, जिससे ग्रामीणों और गौ रक्षकों में भारी नाराजगी है। विधायक विजय चौरे ने थाने परिसर में मौजूद पुलिस अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि यह आरती सम्मान के साथ-साथ पुलिस को उसकी जिम्मेदारी याद दिलाने के लिए उतारी गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही गौ तस्करी पर रोक नहीं लगी और दोषियों के खिलाफकठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाले दिनों में चक्का जाम और उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। प्रदर्शन के दौरान गौ रक्षकों ने जमकर नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि रात के समय संदिग्ध वाहनों से लगातार मवेशियों का परिवहन हो रहा है। उनका कहना था, कि जांच और निगरानी के नाम पर केवल औपचारिकताएं निभाई जा रही हैं। प्रदर्शनकारियों ने बैल बाजारों की नियमित निगरानी, वाहनों की सघन जांच और तस्करी में शामिल लोगों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई। मौके पर पुलिस बल तैनात रहा और पूरे घटनाक्रम पर नजर रखी गई। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में ग्रामीण, गौ भक्त और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षक समस्या निवारण शिविर किया गया आयोजित



**समय जगत, बिस्टान।** खरगोन जनजातीय कार्य विभाग खरगोन द्वारा विकासखंड स्तरीय शिक्षक समस्या निवारण शिविर का आयोजन देवी अहिल्या उत्कृष्ट उमावि क्रमांक 1 खरगोन में किया गया। शिविर में विकासखंड खरगोन, गोगांवा, सेंगाव,एवं भगवानपुरा के शिक्षकों ने अपनी समस्याओं से विभाग को अवगत कराते हुए उनके निराकरण की मांग रखी। शिविर का शुभारंभ सहायक आयुक्त डॉ कविता आर्य द्वारा किया गया। शिविर में शिक्षकों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु संबंधित विकासखंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं अमला मौजूद रहा। शिविर में खरगोन ब्लाक से 9 आवेदन, सेगांव से 3, गोगावा से 2 एवं भगवानपुरा ब्लाक से 4 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में जिला कार्यालय से विजय जोशी एवं शरद बर्वे लिपिक उपस्थित थे। आगामी शिविर 3 जून को झिरन्या में झिरन्या, भीकनगांव एवं दिनांक 10 जून को महेश्वर में महेश्वर, कसरावद एवं बड़वाह ब्लॉक के शिक्षकों के समाधान हेतु शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### भारत विकास परिषद द्वारा अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर सम्मान कार्यक्रम किया गया आयोजित



**समय जगत, आगर मालवा।** अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद, शाखा आगर मालवा द्वारा कम्पनी गार्डन, सारंगपुर रोड पर करुणा पथ का सेवा संवाद एवं नर्स सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आगर के विभिन्न अस्पतालों से लगभग 60 नर्सिंग स्टाफ का अभिनंदन एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में रिटायर्ड नर्स कला, उर्मिला एवं फ्लोमिना सहित अनेक वरिष्ठ एवं सेवाभावी नर्सिंग स्टाफकी गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथि के रूप में पवन जैन, डॉ. संदीप चोपड़ा, डॉ. अपर्णा सक्सेना एवं शिरोमणि माहेश्वरी उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा भारत माता व स्वामी विवेकानंद जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करने, दीप प्रज्ज्वलन व सामूहिक वन्दे मातरम गायन के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत एवं उपस्थित नर्सिंग स्टाफ का सम्मान कल्पना माहेश्वरी, अनूप सिंह परिहार, फूलचंद सोनी, रमन जैन, डॉ नरेंद्र सिंह ठाकुर, नरेंद्र मालानी, कैलाश माहेश्वरी, डॉ. बालकृष्ण सोलंकी, पुरुषोत्तम अग्रवाल, श्रीकांत गिलड़ा एवं महेंद्र माहेश्वरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परिषद के अध्यक्ष डॉ. विवेक मालानी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस प्रतिवर्ष 12 मई को आधुनिक नर्सिंग की जनक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। उन्होंने वर्ष 2026 की थीम हमारी नर्सें, हमारा भविष्य सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं- पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नर्स केवल अस्पताल का हिस्सा नहीं होती, बल्कि वह मरीज के जीवन में आशा, साहस और संवेदना का सबसे मजबूत आधार होती है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल सम्मान का नहीं, बल्कि अनुभव एवं संस्कार के आदान-प्रदान का माध्यम है, जहां वरिष्ठ नर्सों के अनुभव नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनते हैं। भारतीय संस्कृति में सेवा को सर्वोच्च धर्म बताते हुए उन्होंने नर्सिंग सेवा को मानवता की सच्ची साधना बताया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि सफेद वर्दी में ये ममता का संसार दिखती है, हर पीड़ित चेहरे को ये उपचार दिखती है। नर्स केवल सेवा नहीं, संवेदना की पहचान है, मानवता की राह में ये भगवान का वरदान है। कार्यक्रम में पर्यावरण प्रेमी शिव नारायण बैराल का भी स्वागत किया गया, जो प्रतिदिन कम्पनी गार्डन के पौधों को पानी देकर उन्हें हरा-भरा बनाए रखने में योगदान दे रहे हैं।

# मनोनीत पार्षदों को पुष्पहार व शॉल से किया गया सम्मानित जनहितैषी कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील




**समय जगत, धार।** मध्यप्रदेश शासन, नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग के आदेशानुसार नगर पालिका परिषद में नामित पार्षदों के स्वागत हेतु बुधवार को सभाकक्ष में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नव-नियुक्त पार्षदों का सम्मान कर उन्हें उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन के आदेश क्रमांक 23 मार्च 2026 के तहत हरनामसिंह उर्फ टोनी, बलविन्दरसिंह होडा, राजेश हारोड, श्रीमती प्रीति राठौड़, प्रकाश यादव एवं सुरेश प्रजापत को नामित पार्षद नियुक्त किया गया है।

समारोह की शुरुआत सामान्य परिचय के साथ हुई, जिसके बाद सभी पार्षदों का पुष्पहार, श्रीफल एवं शॉल भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी के.वी. सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि नामित पार्षदों की भूमिका नगर विकास और जनसमस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी पार्षदों से सक्रियता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि शिव पटेल, पूर्व उपाध्यक्ष, पार्षद सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी भी समारोह में शामिल हुए।

कार्यक्रम का संचालन सादगीपूर्ण वातावरण में किया गया, जिसमें सभी ने नव-नियुक्त पार्षदों को शुभकामनाएं दीं।

# विज्ञान मंथन यात्रा में नवांकुर के तीन विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए चयनित



**गंजबासौदा।** मध्य प्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित विज्ञान मंथन यात्रा के अंतर्गत मेधावी विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति हेतु नवांकुर विद्यापीठ के शिवा रघुवंशी कक्षा 11, आशिका दांगी कक्षा 11 एवं संजय विश्वकर्मा कक्षा 12 का चयन हुआ है। यह कार्यक्रम युवा प्रतिभाओं को विज्ञान के क्षेत्र में स्वर्णिम भविष्य गढ़ने के अवसर प्रदान करता है। विज्ञान मंथन यात्रा के दौरान शैक्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को इस छात्रवृत्ति हेतु चयनित किया जाता है।प्रत्येक कक्षा से शीर्ष 20 प्रतिभावान विद्यार्थियों का चयन उनकी योग्यता के आधार पर सुनिश्चित किया जाता है।सफल अभ्यर्थियों को आगामी 5 वर्षो तक ?12,000 की वार्षिक राशि प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की जाएगी। इस योजना के दूरगामी उद्देश्य विद्यार्थियों में तर्कसंगत और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना है।छात्रों को मौलिक अनुसंधान और नवीन नवाचारों के प्रति प्रेरित करना है।विज्ञान के प्रति अभिरुचि रखने वाले छात्रों को आवश्यक संसाधन और मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। यह छात्रवृत्ति न केवल आर्थिक सहायता प्रदान करती है, बल्कि भविष्य के वैज्ञानिकों के लिए एक सुदृढ़ आधारशिला भी तैयार करती है। डॉल्फिन की उदिति दुबे और नंदिनी रघुवंशी का चयन भी इस छात्रवृत्ति के लिए किया गया है।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित सहित वरिष्ठ शिक्षक गण केशव लाहौरी, पहलवान सिंह राजपूत, संदीप रावत, विज्ञान शिक्षक अविनाश डोंगरे, शिक्षिका मेघा शर्मा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## प्रशासन की अनदेखी से हो सकता है बडा हादसा

**आगर मालवा।** नैशनल हायवे 552 जी आगर-उज्जैन-कोटा मार्ग पर कोतवाली थाना आगर के सामने से न्यायालय के सामने तक हायवे मार्ग पर विगत कुछ दिनों से चूरी-रैती इस मार्ग पर बिखरी पडी है जिससे कभी भी कोई गंभीर हादसा हो सकता है। बाईक चलाने वालो को बडे ही संभाल कर चलाना पड रही है। बताया जा रहा है कि अधिकांश प्रशासनीक कार्यालय छावनी क्षेत्र में है ओर संयुक्त कलेक्टर कार्यालय भी छवानी में ही स्थित है। एसे में दिनभर अधिकारियों के आवाजाही इसी मार्ग से होती है ऐसे में बिखरी पडी चूरी-रैती को नजर अंदाज करना आम जनता के समझ से परे हैं। लोगो द्वारा कयास लगाये जा रहे है कि प्रशासन को कोई घटना का इंतजार है?

# डॉ सिंह ने की अनाथ बच्चों की मदद



**समय जगत, शहडोल।** आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए आयोजित जनसुनवाई में जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम बहेरहा निवासी दो मासूम भाई सुखनंदन और देवनंदन अपनी परेशानी लेकर कलेक्टर डॉ केदार सिंह के पास पहुंचे। दोनों बच्चों की स्थिति सुनकर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने तुरंत मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए उनकी मदद के लिए पहल की।

बच्चों ने बताया कि उनके माता-पिता का निधन हो चुका है और अब उनकी देखभाल उनकी बड़ी मां कर रही हैं, जो स्वयं नेत्र एवं पैर से दिव्यांग हैं। आर्थिक तंगी के कारण परिवार को भोजन, कपड़े और पढ़ाई जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने बच्चों की बात गंभीरता से सुनते हुए तत्काल उन्हें कपड़े उपलब्ध कराए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिवार की खाद्यान्न पर्ची शीघ्र बनाई जाए, दोनों बच्चों की पढ़ाई की समुचित व्यवस्था की जाए तथा शासन की सभी आवश्यक योजनाओं का लाभ दिलाया जाए।

# एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण, वेयरहाउस और गेहूं उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाएं को परखा



**समय जगत, गैरतगंज।** समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी कार्य को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देश पर एसडीएम अंकित कुमार जैन ने कृषि उपज मंडी गैरतगंज अंतर्गत संचालित रबी उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने केंद्रों पर किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं, गेहूं की तौल व्यवस्था, भंडारण, साफ-सफाई तथा अभिलेखों के संधारण की बारीकी से जांच की। उन्होंने केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखते हुए किसानों को समय पर और बिना किसी असुविधा के सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। इसी क्रम में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नरेश सिंह राजपूत ने श्री बालाजी वेयरहाउस गढ़ी, आस्तिक वेयरहाउस मुड़ियाखेड़ा तथा उप मंडी देवनगर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने किसानों से चर्चा कर उपार्जन प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की और उनकी समस्याओं के बारे में भी पूछा। अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी उपार्जन केंद्रों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन द्वारा नियमित निरीक्षण के माध्यम से खरीदी व्यवस्था को सुचारु, पारदर्शी और किसान हितैषी बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## उपाध्याय विशेषसागर ने दिये धार्मिक व प्रेरणादायी उपदेश

**समय जगत, हरदा।** अवसर्पिणी काल के प्रथम तीर्थकर आदिनाथ भगवान ने अपने उपदेश में दो प्रकार के धर्म का उपदेश किया था ऋषी बनो या कृषी करो अर्थात श्रमण बनो या श्रावक बनो उत्तम मार्ग है मुनि बनना यदि मुनि नहीं बन सकते तो कम से कम मुनि भक्त बनो उक्त उद्गार प.पू.विराग कीर्ति उपाध्याय श्री 108 विशेषसागर जी महाराज ने हरदा में धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए कहा। पू उपाध्यायश्री ने आगे कहा धर्म एक है,पर धर्म की परिभाषा भिन्न-भिन्न हो सकती है, इस पंचमकाल में सबसे बड़ा धर्म क्या है ? इसका उत्तर है पंथवाद-संतवाद से बाहर निकल कर पिंछी-कमंडल धारी संतों की सेवा करना पं.दोलत राम जी ने ठीक ही कहा है यह राग आग दहे सदा तातें समामृत सेइये, पंथ का राग, संत का राग भी आग है जब तक पंथवाद -संतवाद में लगे रहोगे तो वितरागता की प्राप्ति नहीं हो सकती। अब समय आ गया है समझने की संभलने की। पू उपाध्याय श्री ने आगे कहा आज प्रत्येक समाज,नगर व परिवार में ऐसे व्यक्ति की आवश्यकता है जो तोड़ने की नहीं जोड़ने की बात करें, कैंची का कार्य नहीं सुई का कार्य करें। समाज व परिवार को छुटने में समय नहीं लगता पर जोड़ने के लिए सारा जीवन भी कम पड़ जाता। उपाध्याय संघ का मंगल विहार विरागोदय पथरिया की और चह रहा है।

# आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन



**समय जगत, मैहर।** NEET-UG 2026 परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर आम आदमी पार्टी जिला मैहर ने केंद्र सरकार और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी पर जोरदार हमला बोला है। पार्टी ने इस पूरे प्रकरण को देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य के साथ किया गया संगठित विश्वासघात बताते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के तत्काल इस्तीफे की मांग की है। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष इंजी. पुष्पेंद्र सिंह के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि जब देश का युवा डॉक्टर बनने के सपने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहा था, तब पेपर माफिया और भ्रष्ट तंत्र उनके भविष्य का सौदा करने में लगे थे।

पार्टी ने कहा कि इस वर्ष आयोजित NEET-UG परीक्षा में 22.79 लाख छात्र शामिल हुए थे, लेकिन पेपर लीक की घटनाओं ने लाखों परिवारों को चिंता, असुरक्षा और मानसिक तनाव में धकेल दिया है। सरकार हर वर्ष परीक्षा फॉर्म फीस के नाम पर सैकड़ों करोड़ रुपये वसूलती है, लेकिन परीक्षा की गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है।

प्रेस को जारी बयान में बताया गया कि वर्ष 2014 के बाद देशभर में 70 से अधिक बड़े पेपर लीक हो चुके हैं, जिनसे लगभग 1.7 करोड़ अभ्यर्थी प्रभावित हुए हैं। इसके बावजूद केंद्र सरकार ने न तो जवाबदेही तय की और न ही पेपर लीक माफियाओं पर निर्णायक कार्रवाई की। राजस्थान SOG जांच में कथित गेस पेपर और असली प्रश्नपत्र के 120 से अधिक प्रश्नों का मिलान होना इस घोटाले की गंभीरता को उजागर करता है।

ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में समयबद्ध जांच कराई जाए। पेपर लीक में शामिल माफियाओं व जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई हो। छात्रों से बिना अतिरिक्त शुल्क लिए पुनः परीक्षा कराई जाए। जिलाध्यक्ष इंजी. पुष्पेंद्र सिंह ने कहा - जब परीक्षाएं बिकने लगें और मेहनत हारने लगे, तब समझ लीजिए कि व्यवस्था पूरी तरह भ्रष्ट हो चुकी है। यह केवल पेपर लीक नहीं, बल्कि करोड़ों युवाओं के भरोसे और सपनों पर हमला है। आम आदमी पार्टी छात्रों के न्याय की लड़ाई सड़क से संसद तक लड़ेगी। इस दौरान प्रदेश सह सचिव उमेश चौधरी, विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष आनंद श्रीवास्तव, स्ट विंग के जिला अध्यक्ष सुनील दहिया, कोषाध्यक्ष अमर अग्रवाल, कार्यालय प्रभारी शिवशंकर गोस्वामी, पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष रामअशीष कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष सुभाष पटेल, जिला सचिव राकेश बंसल, स्ट विंग के उपाध्यक्ष सिया चौधरी, कार्यकर्ता प्रिया सोनी, गरिमा सिंह, पुष्पपाल सिंगरौल सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो युवाओं के साथ मिलकर व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा।

# लघु उद्योग भारती जिला इकाई हरदा द्वारा 33वां स्थापना दिवस गरिमामय वातावरण में हुआ संपन्न




**समय जगत, हरदा।** लघु उद्योग भारती जिला इकाई हरदा द्वारा संगठन का 33वां स्थापना दिवस बड़े ही गरिमामय एवं आत्मीय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन अक्षत ऊर्जा, विष्णुपुरी कॉलोनी हरदा में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लघु उद्योग भारती मध्य प्रांत के महासचिव विनोद नायर जी द्वारा की गई। इस अवसर पर जिला इकाई हरदा के अध्यक्ष अभय जैन, सचिव राजेश अग्रवाल,उपाध्यक्ष योगेंद्र पटेल, दीपक उपाध्याय एवं सदस्य अनिल विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में उद्योग एवं व्यापार जगत से जुड़े लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संगठन की स्थापना से लेकर आज तक लघु उद्योग भारती द्वारा सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्योगों के हित में किए गए कार्यों,स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा देने,स्वरोजगार, आत्मनिर्भर भारत,नई औद्योगिक नीतियों,सरकारी योजनाओं एवं उद्यमियों के मार्गदर्शन जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।इस अवसर पर हरदा जिले के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित उद्योगपतियों नटवर पटेल शिवम् प्लाईवुड,बाबू भाई फेमस स्टील इंडस्ट्रियल,देव भाई पटेल,देवेंद्र मित्तल,महेश आंजने सोना कुलर,मारुति उद्योग का सम्मान कर उनके उद्योग एवं समाज के प्रति योगदान की सराहना की गई। अपने उद्बोधन में वक्ताओं ने कहा कि लघु उद्योग भारती केवल एक संगठन नहीं, बल्कि देश के छोटे एवं मध्यम उद्योगों की सशक्त आवाज़ है, जो वर्षों से उद्योग जगत की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम के अंत में अक्षत ऊर्जा के संचालक अशोक गुर्जर द्वारा सभी अतिथियों,उद्योगपतियों एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम सौहार्द, संगठनात्मक ऊर्जा एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ संपन्न हुआ।

# इकलोद सोसायटी में बारदाने की कमी पर कृषकों ने जताया आक्रोश

## कांग्रेस नेता रजत गौड़ ने मौके पर पहुंचकर की एसडीएम से शिकायत



**समय जगत, सिरोंज।** इकलोद सोसायटी में पिछले 8 दिनों से बारदाने की किल्लत के चलते किसानों का धैर्य जवाब दे गया। बड़ी संख्या में किसानों ने केंद्र पर हंगामा कर दिया। स्थिति तब और बिगड़ गई जब टोकन होने के बावजूद किसानों का अनाज खुले आसमान के नीचे पड़ा रहा और उनके स्लॉट की तारीख समाप्त होने की कगार पर पहुंच गई। 8 दिनों से खुले में पड़ा है अनाज-किसानों का आरोप है कि पिछले 8 दिनों से वे अपना अनाज लेकर केंद्र पर बैठे हैं। चार दिन पहले तहसीलदार मायाराम यादव ने खुद मौके पर पहुंचकर टोकन बांटे थे, लेकिन टोकन मिलने के बाद भी बारदाना उपलब्ध नहीं कराया गया। भीषण गर्मी और मौसम की अनिश्चितता के बीच खुले में पड़ा अनाज किसानों की चिंता बढ़ा रहा था। रजत गौड़ ने संभाला मोर्चा-हंगामे की सूचना मिलते ही कांग्रेस नेता रजत गौड़ मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों की समस्या सुनने के बाद तत्काल एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा को फोन पर स्थिति से अवगत कराया। श्री गौड़ ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए तहसीलदार यादव से कहा, जब प्रशासन को स्लॉट बुकिंग की क्षमता और आवक का अंदाजा है, तो उसके अनुपात में बारदाने की व्यवस्था पहले क्यों नहीं की गई उन्होंने मांग की कि किसानों के स्लॉट की अवधि खत्म होने से पहले उनकी उपज की तुलाई सुनिश्चित की जाए। कांग्रेस नेता के हस्तक्षेप और बढ़ते आक्रोश को देखते हुए एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा के निर्देश पर तहसीलदार मायाराम यादव और पथरिया थाना प्रभारी ऋतुराज सिंह बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों को समझा-बुझाकर शांत किया और तत्काल बारदाने की खेप मंगवाई। तहसीलदार की मौजूदगी में बारदाने का वितरण शुरू हुआ, जिसके बाद तुलाई कार्य में तेजी आई। कांग्रेस नेता रजत गौड़ ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि बारदाने की आपूर्ति में दोबारा देरी हुई या किसानों को परेशान किया गया, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# गंगा दशमी के अवसर पर जिले भर में होंगे कार्यक्रम : कलेक्टर

## श्री यादव ने समय सीमा बैठक में दिए दिशा निर्देश



**समय जगत, दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने जिले में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान, पेयजल, स्वच्छता सर्वेक्षण एवं विभिन्न प्रशासनिक योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में जल संरक्षण के कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाए तथा आमजन को भी अभियान से जोड़ा जाए। उन्होंने बताया कि 25 मई को गंगा दशमी पर जिले भर में व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान जल संरक्षण से जुड़े कार्यों को विशेष रूप से शामिल किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रमों को भव्य स्वरूप दिया जाए जिसमें रैलियां, कलश यात्राएं एवं जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएं। कलेक्टर ने ग्राम पाठादो में आयोजित रात्रि चौपाल एवं रात्रि विश्राम के दौरान सामने आए मामलों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा क्षतिग्रस्त मकानों आदि का समय पर मुआवजा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा पात्र पेंशन के आवेदनों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। विभिन्न विभागों से संबंधित जनसमस्याओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपार्जन कार्यों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने उपार्जन केंद्रों में व्यवस्थाएं बेहतर रखने और समय पर कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन, सीएम मॉनिटरिंग, सीएम आवास योजना तथा लोक सेवा गारंटी से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए मतदान 112 प्रत्याशियों के चुनाव के लिये डाले गये वोट



**समय जगत, श्योपुर।** मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता संघ के साल 2026 के चुनाव के लिए मंगलवार को श्योपुर और विजयपुर में वोट डाले गए। इस चुनाव में कुल 112 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनकी किस्मत अब मतपेटियों में बंद हो गई है। वोटिंग को लेकर वकीलों में सुबह से ही काफी जोश देखा गया। श्योपुर और विजयपुर के केंद्रों पर दिन भर वकीलों का आना-जाना लगा रहा। श्योपुर में कुल 289 वकीलों में से 241 ने अपने वोट डाले, वहीं विजयपुर में 30 में से 27 वकीलों ने मतदान किया। दोनों ही जगह वोटिंग का प्रतिशत काफी अच्छा रहा। पूरे चुनाव को सही तरीके से कराने की जिम्मेदारी मुख्य चुनाव अधिकारी बबिता होरा शर्मा को दी गई थी। श्योपुर में अमोघ अग्रवाल और विजयपुर में विनय जैन ने चुनाव की कमान संभाली। इन अधिकारियों की देखरेख में पूरी प्रक्रिया बिना किसी बाधा के शांति से पूरी हुई। वोटिंग खत्म होने के बाद मतपेटियों को सील करके सुरक्षित रख लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इन पेटियों को अब कड़ी सुरक्षा के बीच जबलपुर स्थित राज्य अधिवक्ता संघ के दफ्तर भेजा जाएगा, जहां 15 जून को वोटों की गिनती की जाएगी। चुनाव के दौरान क्या सीनियर और क्या जूनियर, सभी वकीलों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शांतिपूर्ण तरीके से वोटिंग निपटने पर चुनाव अधिकारियों ने सभी वकीलों का शुक्रिया अदा किया।

### हनुमानखेड़ा के ग्रामीणों ने बिजली पानी के लिये किया प्रदर्शन



**श्योपुर।** जिले की कराहल तहसील के मजरा हनुमानखेड़ा के आदिवासी ग्रामीण मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। बिजली और पानी की मूलभूत समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर धरना दिया। प्रदर्शन की सूचना पर पहुंचे अपर कलेक्टर रुपेश उपाध्याय ने ग्रामीणों से चर्चा कर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद धरना समाप्त हुआ। ग्रामीणों के अनुसार, हनुमानखेड़ा आदिवासी बस्ती में अब तक बिजली के खंभे और डीपी नहीं लगाई गई है। बस्ती के अधिकांश परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने पक्के घरों में रह रहे हैं, लेकिन बिजली न होने के कारण उन्हें अंधेरे में रहना पड़ रहा है। रात के समय रोशनी की व्यवस्था न होने से स्कूली बच्चों की पढ़ाई पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। बस्ती में पानी का संकट गहरा गया है, जिसके कारण ग्रामीणों को दो किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ता है। भीषण गर्मी में पानी की तलाश में जाने के कारण उनकी दैनिक मजदूरी और घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। महिलाओं और बच्चों ने प्रशासन को बताया कि पूर्व में फसल कटने के बाद बिजली लाइन विस्तार का वादा किया गया था, जो अब तक अधूरा है। प्रदर्शन में शामिल किशोर, खन्ना और बचनू आदिवासी सहित अन्य ग्रामीणों ने मांग की है कि बस्ती में तत्काल खंभे लगाकर बिजली आपूर्ति शुरू की जाए।

## जीआरपी ने ट्रेनों में हो रही चोरियों का किया खुलासा

# 10 मोबाइल, सोने के जेवरात सहित 3 लाख 20 हजार का सामान बरामद



**समय जगत, कटनी।** रेल पुलिस ने ट्रेनों में लगातार हो रही चोरी की वारदातों की पतासाजी करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए 10 मोबाइल फोन एवं सोने के जेवरात सहित लगभग 3 लाख 20 हजार रुपये का मसरूका बरामद किया है। आरोपी को गिरफ्तार करते हुए मामले में पूछताछ की गई, जिससे चोरी की कई वारदातों का खुलासा हुआ। रेल यात्रियों की सुरक्षा एवं चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष धरपकड़ अभियान के तहत जीआरपी को बड़ी सफलता हाथ लगी। बताया जाता है कि विगत 11 मई को जीआरपी ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सुमित उर्फ कल्लन निषाद पिता राजकुमार निषाद निवासी खिरहनी कटनी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी गया वीवो कंपनी का मोबाइल, 5 ग्राम वजनी सोने का मंगलसूत्र लाकेट बरामद किया गया। इसी कार्रवाई में आरोपी महेश कोल पिता रवि कोल निवासी माधवनगर के कब्जे से ओप्पो कंपनी का मोबाइल बरामद किया गया। एक अन्य आरोपी रामप्रकाश नामदेव निवासी पन्ना नाका सतना से सैमसंग कंपनी का मोबाइल जप्त किया गया। इसी तरह 7 मई को आरोपी भूपेंद्र द्विवेदी निवासी सिमरिया जिला रीवा के कब्जे से वीवो कंपनी का मोबाइल, आरोपी हरिशंकर पटेल निवासी झिंझरी के कब्जे से ओप्पो कंपनी का मोबाइल तथा आरोपी राकेश खरे निवासी खिरहनी फाटक के कब्जे से रेडमी कंपनी का मोबाइल बरामद किया गया। एक अन्य मामले में 8 मई को आरोपी संतोष गुप्ता पिता श्यामलाल गुप्ता निवासी छोटी ओमती बेलवाग के कब्जे से रेडमी कंपनी का मोबाइल एवं आरोपी सुजीत तुरकेन पिता रतनलाल तुरकेन निवासी कटनी के कब्जे से रेडमी कंपनी का मोबाइल कीमत 6 हजार रुपये जप्त किया गया।

9 मई को आरोपी कृष्ण कुमार निवासी सिदनपुरी के कब्जे से मोबाइल, आरोपी अरविंद्र कुशवाहा निवासी टिकुरी के कब्जे से पोको कंपनी का मोबाइल, आरोपिया अनीता सौंधिया निवासी भैंसाखाना काली मंदिर के पास सतना से वीवो कंपनी का मोबाइल, आरोपी दशरथ राजपूत निवासी रहली के कब्जे से वीवो कंपनी का मोबाइल, 10 मई 2026 को आरोपी रिजवान खान निवासी भोपाल के कब्जे से वन प्लस कंपनी का मोबाइल जत किया गया। इस तरह रेल पुलिस ने सभी आरोपियों के कब्जे से 3 लाख 20 हजार रुपये का मसरूका बरामद करते हुए आरोपी सुमित उर्फ कल्लन निषाद को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# प्रदेश कांग्रेस अधक्ष पटवारी ने पीड़ितों से मुलाकात कर आंदोलन का किया समर्थन



**समय जगत, पन्ना।** देश में पीड़ितों गरीबों तथा अधिकार के लिए लड़ाई लड़ना काफी संघर्षपूर्ण हो गया है। भाजपा की सरकार में यदि कोई पीड़ितों के साथ खड़ा हो जाता है तो उसके ऊपर भी मुकदमे लगा दिए जाते हैं तथा तरह-तरह से प्रताड़ित किया जाता है विपक्षी दलों के नेताओं को पीड़ितों से मिलने के लिए अनेक प्रकार के प्रबंध प्रशासन द्वारा किए जाते हैं जिससे वह पीड़ितों की आवाज ना सुन सके यही घटनाक्रम पन्ना में हुआ विगत कई महीनो से पन्ना जिले में केन बेतवा लिंक परियोजना तथा रूंज मझगांव सिंचाई परियोजना के लोग मुआवजा तथा अन्य आपत्तियों को लेकर आंदोलन कर रहे थे। लेकिन प्रशासन द्वारा उनकी मांगों को नहीं सुना जा रहा था। मामले की जानकारी प्राप्त होने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पन्ना पहुंचे उन्होंने जिला जेल में बंद पीड़ितों से मुलाकात की अजयगढ़ में पीड़ितों से मुलाकात की तथा जब वह बांध के पास आंदोलन कर रहे गरीबों से मिलने के लिए जाने लगे तो टाइगर रिजर्व एवं पुलिस प्रशासन द्वारा उन्हें जाने से रोक दिया गया तथा ना मिलने के लिए भारी पुलिस अमला लगाया गया।

## लोगों को आवागमन में हो रही है परेशानी

# अधूरी सड़क और अव्यवस्थित खुदाई से बिगड़ी यातायात व्यवस्था, स्कूल बसों से लेकर एंबुलेंस तक फंसी



**समय जगत, कटनी।** बरगवां क्षेत्र में चल रही सड़क खुदाई इन दिनों आम नागरिकों के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है। अव्यवस्थित तरीके से किए जा रहे निर्माण और खुदाई कार्य के कारण क्षेत्र में घंटों लंबा जाम लगा रहा, जिससे राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुबह से ही मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लगना शुरू हो गई थीं। देखते ही देखते स्थिति इतनी खराब हो गई कि दोपहिया, चारपहिया वाहनों के साथ स्कूल बसें और यात्री वाहन भी जाम में फंस गए। कई लोगों को समय पर कार्यालय और जरूरी कार्यस्थलों तक पहुंचने में देरी हुई। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि खुदाई कार्य शुरू करने से पहले न तो यातायात डायवर्ट किया गया और न ही सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए। क्षेत्रवासियों के मुताबिक सड़क खोदने के बाद काम की रफ्तार बेहद धीमी है। जगह-जगह गड्ढे और निर्माण सामग्री पड़ी होने से सड़क संकरी हो गई है, जिसके कारण वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। धूल और उखड़ी सड़क के कारण राहगीरों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई वाहन चालक जाम से बचने के लिए गलियों का सहारा लेते नजर आए। व्यापारियों ने भी नाराजगी जताते हुए कहा कि लंबे समय से चल रहे निर्माण कार्य का असर कारोबार पर पड़ रहा है। ग्राहकों को बाजार तक पहुंचने में दिक्कत हो रही है, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि खुदाई कार्य को जल्द पूरा कराया जाए और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधरी तो आने वाले दिनों में समस्या और गंभीर हो सकती है।

# कांग्रेस पार्टी द्वारा केन बेतवा परियोजना के संबंध में दिया गया ज्ञापन



**समय जगत, पन्ना।** जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना द्वारा कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए केन बेतवा लिंक परियोजना मझगाएं रुन्झ सिंचाई परियोजना के विस्थापित गरीब किसान आदिवासियों के साथ की जा रही दमनकारी कार्यवाही रोकी जाए क्योंकि प्रशासन द्वारा गरीबों को बिना समय दिए लाव लश्कर के साथ भीषण गर्मी में आशियाना उजड़े जा रहे हैं तथा उनके रहने एवं आवास की कोई व्यवस्था नहीं की गई है पूर्व में दी गई विस्थापन की राशि में भी मनमानी की गई है तथा उनकी जो भी आपत्तियां थी, उसका भी निराकरण नहीं किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनीश खान ने कहा कि यह प्रशासन की तानाशाही है अंग्रेजों की तरह गरीबों के साथ अन्याय किया जा रहा है जबकि उक्त गरीब कुछ दिन का समय मांग रहे हैं जो देना उचित है जिससे दूसरे स्थान पर अपने घर गृहस्ती का सामान ले जाकर परिवार को व्यवस्थित कर सके। ज्ञापन में जिन बिंदुओं का उल्लेख किया गया है उसमें मुख्य रूप से गांव के बदले गांव जमीन के बदले जमीन दी जाए, कट ऑफ तारीख 2026 की जाये, सभी परिवारों को साढ़े बारह लाख मुआवजा राशि दी जाए, संपत्ति की राशि चार गुना दी जाए व पुनः सर्वे किया जाए। कृषि योग जमीन सिंचित मानकर मुआवजा राशि दी जाए। इस प्रकार के तमाम बिंदुओं से संबंधित ज्ञापन दिया गया। इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहे। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवजीत सिंह भैया राजा कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम जड़िया पूर्व ब्लाक अध्यक्ष देवेंद्र नगर आनंद शुक्ला ब्लॉक अध्यक्ष पन्ना श्रीमती रमा बुंदेला मार्तंड देव बुंदेला संगठन मंत्री राजबहादुर पटेल मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा डॉ कदीर खान बृजेंद्र यादव रियासत खान अंकित शर्मा सरदार सिंह यादव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# बाकानेर में शार्ट सर्किट से लगी आग की चपेट में आई केले की फसल, कई कृषि उपकरण जले



**सैयद रिजवान अली- समय जगत,मनावर।** मध्य प्रदेश के धार जिले की मनावर तहसील के ग्राम अजंदीमान स्थित एक खेत में भीषण गर्मी के बीच बिजली तारों के आपस में टकराने से उठी चिंगारी ने आग का रुप ले लिया और देखते ही देखते समूचे खेत को अपनी चपेट में ले लिया। इस आगजनी में किसान विवेक बडज़ात्या के खेत में लगी केले की फसल सहित कृषि उपकरण जलकर नष्ट हो गए। बडज़ात्या के मुताबिक आगजनी से लाखों रुपए मूल्य की फसल सहित कृषि उपकरणों का नुकसान हुआ है। श्री बडज़ात्या ने बताया कृषि भूमि मां इंदुमती के नाम पर दर्ज है। खेत में सोमवार दोपहर यहां से गुजर रही विद्युत लाईन के तार आपस में टकराने के बाद चिंगारी उठी, जिसने आग का रुप ले लिया। खेत में लगे सिंचाई उपकरणों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन आग फैलने लगी। सूचना पर फायर फायटर भी पहुंचे लेकिन आग पर काबू पाने तक करीब 2 एकड़ रकबे में लगी फसल जलकर नष्ट हो गई, वहीं धूएं के चलते खेत के अन्य हिस्से में लगी फसल भी खराब हो गई है। आग से सिंचाई के लिए लगाई ड्रीप, पौधों की सुरक्षा के लिए लगाए बांस आदि भी जलकर खाक हो गए। पीड़ित कृषक ने बताया उन्होंने 4 एकड़ रकबे में केले की फसल लगाई है। यह फसल पूर्ण रूप से तैयार हो गई थी। आग को काबू में करने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन तब तक 2 एकड़ केले के पेड़ जलकर राख हो गए थे। पीड़ित किसान ने स्थानीय पटवारी को सूचना देकर सरकारी सहायता की मांग की है। बडज़ात्या ने आरोप लगाया कि मार्च माह में आंधी तूफान के चलते भी केले की फसल को भारी नुकसान पहुंचा था। क्षेत्र में पर्याप्त सिंचाई साधन होने से अधिकतर किसान केले का उत्पादन करते है। यहां सैंकड़ों हेक्टेयर रकबे में फसल को पहुंचे नुकसान की सूचना राजस्व विभाग को भी दी थी। करीब एक माह तक पटवारी सर्वे का आश्वासन देते रहे। इसके बाद कहा कि फिलहाल तहसीलदार ने सर्वे करने से रोका हुआ है। सर्वे किया तो मुआवजा वितरण करना होगा।

# नि :शुल्क प्याऊ से राहगीरों को मिली राहत




**समय जगत, दमोह।** भीषण गर्मी को देखते हुए नगर की सामाजिक संस्था लीनेस क्लब की सदस्य तनु सुरेखा द्वारा बस स्टैण्ड के पास बाईपास रोड में एक निःशुल्क प्याऊ की व्यवस्था की गई है। इस प्याऊ में राहगीरों एवं आम नागरिकों को ठंडा और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा। प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग यहां रुककर पानी पी रहे हैं और गर्मी से राहत महसूस कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि तेज धूप और बढ़ते तापमान में इस प्रकार की व्यवस्था मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। प्याऊ संचालक एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रियंका सुरेखा ने बताया कि गर्मी के मौसम में लोगों को शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह सेवा शुरू की गई है, जो पूरे गर्मी सीजन तक जारी रहेगी। साथ ही लोगों से पानी बचाने और स्वच्छता बनाए रखने की अपील भी की गई। अध्यक्ष रजनी खरे ने बताया कि प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है निःशुल्क प्याऊ मानव सेवा का सच्चा प्रतीक है। डायरेक्टर रोजी बग्गा ने कहा कि जहाँ जल सेवा होती है वहाँ सच्ची मानवता दिखाई देती है एक घूंट पानी कई दुआओं का कारण बनती है। पूर्व अध्यक्ष स्मृति खरे ने कहा कि निरू शुल्क प्याऊ समाज में सेवा ओर सद्भाव का संदेश देता है सेवा बही जो जरूरतमंदों के काम आए इस अवसर पर सचिव ज्योति चिले कोषाध्यक्ष माया यादव ज्योति सचदेव रिम्मी जुनेजा,राखी चोपड़ा आदि की उपस्थिति रही।

# विधायक मोहन शर्मा द्वारा विकास कार्यों का किया गया भूमिपूजन


**नरसिंहगढ़।** नगर में विकास कार्यों का निर्माण के लिए भूमि पूजन विधायक मोहन शर्मा ने किया। विकास कार्यों को भूमि पूजन, लोकार्पण एवं पट्टा वितरण कार्यक्रम नगर पालिका परिषद के परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों में करोड़ों रुपये की लागत से विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया। इनमें वार्ड 12 शांति धाम बायपास रोड, वार्ड 9 भोपाल बायपास रोड, वार्ड 4 कंतोड़ा बायपास रोड तथा वार्ड 14 ब्यावरा बायपास रोड पर




स्वागत द्वार निर्माण कार्य। इसके साथ ही वार्ड 7 में रामलला मंदिर के सामने वाचनालय भवन तथा फूलबाग क्षेत्र में शॉपिंग कॉम्पलेक्स निर्माण कार्य का भी भूमि पूजन किया गया। इसके अलावा अमृत योजना अंतर्गत वाटर सप्लाई, वाटर बॉडी एवं पार्क निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया। वार्ड 7 में संजीवनी क्लीनिक तथा पंडित दीनदयाल पार्क एवं लेक पार्क स्वागत द्वार का लोकार्पण है। वहीं वार्ड क्रमांक 4 न्यायालय परिसर में सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में हितग्राहियों को पट्टों का वितरण भी किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा व अन्य अतिथियों द्वारा सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंच पर नेता प्रतिपक्ष कमल चौरसिया, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र परमार, भरत झावर, रमेश मालवीय, शिव वैध, सत्येंद्र राठौर, मुकेश गुप्ता, एसडीएम सुशील कुमार आदि उपस्थित थे।

# विकास समिति के सहयोग से पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में किया टीन शेड का निर्माण

**सारंगपुर।** पुराना दशहरा मैदान स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में पशुपतिनाथ महादेव मंदिर का निर्माण देवकुआ विकास समिति एवं पशुपति महादेव विकास समिति द्वारा कराया गया था जहां सावन के महीने जब वहां अभिषेक पूजा अर्चना होती है तब काफी भक्तजन दर्शन करने के लिए आते हैं। आरती में सम्मिलित होते हैं तो रिमझिम बारिश में भक्त जनों को आरती करने में भजन करने में



परेशानी होती थी। उनकी परेशानियों को देखते हुए पंचमुखी पशुपतिनाथ विकास समिति के द्वारा वहां पर एक 20-25 के टीन शेड का निर्माण कराया गया है। उक्त निर्माण कार्य में देवकुआं एवं पशुपतिनाथ विकास समिति तथा पर्यावरण प्रेमी एवं पेंशनर संघ के सदस्यों के साथ साथ जन सहयोग से कार्य पुरा किया गया। मंदिर पुजारी नीलकमल चंद्र मोहन व्यास ने समिति का आभार माना इस दौरान समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु राज्य मंत्री पहुंचे ग्राम बांकपुरा

## अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



**ब्यावरा।** विधानसभा के ग्राम बाँकपुरा में प्रदेश के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार ने किसान महा पंचायत में किसानों के बीच पहुँचकर उनसे संवाद किया और ग्रामीण क्षेत्र की जमीनी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को अधिकारियों के साथ गंभीरतापूर्वक सुना। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं कृषक भाई उपस्थित रहे, जिन्होंने जमीन से जुड़ी समस्याओं को मंत्री श्री पंवार के समक्ष रखा। मंत्री श्री पंवार ने किसानों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों एवं ग्रामीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा प्रत्येक समस्या के समाधान के लिए प्रशासनिक स्तर पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों द्वारा उठाई गई समस्याओं एवं सुझावों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही की जाए, ताकि ग्रामीणों को समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान मिल सके। इस दौरान ब्यावरा एसडीएम श्री गोविंद कुमार दुबे, तहसीलदार आनंद जयसवाल सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## आज रैदास वार्ड में लगेगा विद्युत समाधान शिविर

आमला। मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, आमला शहर वितरण केंद्र द्वारा 14 मई को सुबह 10 बजे रैदास वार्ड क्रमांक 01, तहसील कार्यालय के सामने फ्रसंपर्क अभियानफ्र के तहत विद्युत समाधान शिविर लगाया जाएगा। ऐई विलास उईके ने बताया कि शिविर में बिजली बिल, स्मार्ट मीटर, नए कनेक्शन, तकनीकी सेवाएं और विद्युत बिलों में परिवर्तन संबंधी शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। वार्ड के सभी उपभोक्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर विद्युत संबंधी समस्याओं का समाधान कराने की अपील की गई है।

## 15 जून तक मुहाल माइनर नहर पूर्ण कराने की मांग, किसानों ने सौंपा ज्ञापन

# निर्धारित समय सीमा में निर्माण पूर्ण कर किसानों को उपलब्ध कराई जायेगी सिंचाई सुविधा : इंजीनियर गुर्जर

**समय जगत, खिरकिया।** मुहाल माइनर नहर 1163 के निर्माण कार्य में हो रही देरी को लेकर क्षेत्र के किसानों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खिरकिया को ज्ञापन सौंपकर 15 जून 2026 तक कार्य पूर्ण कर नहर में पानी छोड़े जाने की मांग की है। ज्ञापन ग्राम मुहाल कलां, मुहाल खुर्द, कुड़ावा, पीपल्या भारत सहित आसपास के गांवों के किसानों एवं हितग्राहियों द्वारा दिया गया। किसानों का कहना है कि करीब 12 से 15 वर्ष पूर्व असिंचित भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुहाल माइनर नहर 1163 को स्वीकृति मिली थी। निर्माण कार्य का ठेका दिए जाने के बावजूद अब तक नहर पूर्ण नहीं हो सकी है। किसानों ने आरोप लगाया कि कई बार शासन एवं संबंधित विभाग को ज्ञापन देने के बाद भी कार्य में तेजी नहीं आई, जिससे क्षेत्र के किसान योजना के लाभ से वंचित हैं। ज्ञापन में किसानों ने बताया कि समय पर सिंचाई सुविधा नहीं मिलने से उन्हें



आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि 15 जून 2026 तक नहर निर्माण कार्य पूर्ण कर पानी नहीं छोड़ा गया तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। वहीं इंजीनियर गणेश गुर्जर ने बताया कि मुहाल माइनर नहर 1163 का निर्माण कार्य वर्तमान में प्रगति पर है और अधिकांश कार्य पूर्ण किया जा चुका है। कुछ हिस्सा शेष है, जिसे शीघ्र पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में देरी के पीछे तकनीकी एवं प्रशासनिक कारण रहे हैं। विभागीय स्वीकृतियों, भूमि संबंधी प्रक्रियाओं तथा मौसम की परिस्थितियों के कारण कार्य प्रभावित हुआ। इंजीनियर के अनुसार संबंधित ठेकेदार द्वारा कार्य को तेजी से कराया जा रहा है और विभाग लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है, ताकि निर्धारित समय सीमा में निर्माण पूर्ण कर किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। इस दौरान शहर कांगेस अध्यक्ष आशुतोष कोठारी लक्ष्मीनारायण राजपूत अनूप सिंह, रघुवीर सिंह कृष्ण कांत सिंह, राधामोहन, कुलदीप संतोष पूनम भगवान सिंह, विपतसिह सदाराम सिंह मूल्लू सिंह सहित सैकड़ों किसान मोजूद थे।

## सार-समाचार

### एकता शर्मा ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले को किया गौरवान्वित



**पचोर।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा कक्षा 12वीं परिणाम में प्रो. संतोष मित्तल हॉ से स्कूल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले और नगर स्तर पर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। वाणिज्य संकाय में छात्रा एकता शर्मा ने 95प्रति. अंक प्राप्त कर राजगढ़ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कृष्णा टांक ने 94.8 प्रति.अंक के साथ जिले में द्वितीय स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय में देवराज सांखला ने 92.4प्रति. अंक के साथ पचोर नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में भी विद्यालय के छात्र देवेंद्र पाराशर ने 92प्रति. अंक प्राप्त कर नगर में प्रथम स्थान अर्जित किया। विद्यालय का समग्र परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा। कुल 93 विद्यार्थियों में से 79 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी एवं 4 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्य प्रबंधक संजय सोनी ने सफलता का श्रेय समर्पित शिक्षक, मेहनती विद्यार्थी और विश्वास से भरा वातावरण को दिए। प्राचार्या मनिता पोखरना ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का प्रतिफल है। विद्यालय प्रबंधन से विनोद राठी, गोपाल गोयल एवं सत्यनारायण गुप्ता ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी। साथ ही समस्त शिक्षकगण ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सफलता ही विद्यालय की सच्ची पहचान है, और यह उपलब्धि आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी।

### निर्माण कार्यों में गफलत करने वालों पर अभी तक नहीं हुई कार्यवाही

**समय जगत, उचेहरा।** यह बात सुनने में थोड़ा जरूर अजीब सी लग रही होगा लेकिन जनपद के काबिल अधिकारियो की इस कारगुजरी को जिसने भी सुना जाना वह सब हैरान रह गया लेकिन यहां हैरानी नहीं बल्कि जनपद के अधिकारियों की मेहरवानी का यह नतीजा सामने है कि 5 महीने में भी नहीं हुई जांच किसी ने सच कहा है कि सब गोल माल है भई सब गोलमाल है। जनपद के करहीकला में 2 जनवरी 26 को तीन सदस्यीय जांच टीम गई थी लेकिन अभी तक यह जांच पूरी नही हुई केवल फाइलों में यह जांच चल रही है इस बात का खुलासा आर टी आई से मिले रिकार्ड से हुआ। जांच टीम में जनपद की तकनीकी जानकार एस डी ओ मधु बाग़री स्वयं थी उन्होंने 12 निर्माण कार्यों की जांच में प्रगतिरत कार्यो की कमियां तो पाई और अपने पत्र क्रमांक 139 के अनुसार 3 दिवस के अंदर पंचायत के सरपंच / सचिव को गुणवत्ता विहीन हुए निर्माण कार्य की नस्ती, बिल व्हाउचर, माप पुस्तिका मंगाई और समय अवधि में उपलब्ध न होने पर 21- 1- 26 को जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को लिखे पत्र अनुसार वस्तुस्थित से अवगत करा दिया लेकिन यहां हैरानी की बात यह है कि जनपद की एस डी ओ और जनपद के मुख्य कार्य पालन अधिकारी के चैम्बर के बीच की दूरी बमुस्किल से तीन सौ मीटर से भी कम की होगी लेकिन 5 महीने पहले हुई जांच अभी भी अटकी पड़ी हुई है एक बात यहां और गौर करने वाली है कि एस डी ओ 12 निर्माण कार्यो की कमियां तो पाई थी लेकिन तत्कालीन उपयंत्री राज कुमार पांडेय को लिखे पत्र क्रमांक 558 के अनुसार उसमें कुल 6 बिंदु ही का उल्लेख है कि आप से द्वारा,6 बिंदुओं का स्पस्ट प्रतिवेदन नही दिया गया लेकिन अब यहां एक और सवाल उठ रहा है कि 12 में केवल 6 बिंदुओं का जबाब नही मिला फिर आर टी आई में एक भी बिंदु का जबाब क्यो नहीं ? ज्ञात हो कि बीते दिसम्बर माह में ग्रामीणो ने करही कला सरपंच स्नेहलता पुष्पेंद्रसिंह के घर के पास से धोबीयांन मोहल्ला तक बनी पी सी रोड के घटिया निर्माण का मुद्दा उठाया था सोसल मीडिया और समाचार पत्रों के माध्यम से सरपंच की कार्यप्रणाली पर खुला आरोप लगाते ग्रामीणो ने कहा था की 6 माह पूर्व बनी रोड के परखच्चे उड़ गए काबिलेगौर है कि जनपद से जब 2 जनवरी 26 को जांच टीम करहीकला गई थी तो ग्रामीणो ने पंचायत के और हुए घटिया निर्माण कार्यों को जांच टीम के समाने उठाया था उसी आधार पर जांच टीम ने कई मदो से हुये 12 निर्माण कार्यों को अपनी जांच में शामिल किया था अभी हाल ही में पंचायत ने सांसद गणेश सिंह के मुख्य आतिथ्य में होने वाले निर्माण कार्यों की आधार शिला रखी थी लेकिन अब भी ग्रामीणो का सवाल है कि जब सरपंच अपने मोहल्ले की रोड सही नही बनवा सकतीं तो इनसे पंचायत के होने वाले अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की उम्मीद कैसे की जा सकती है।

# अजजा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष ने पदाधिकारियों से की सांगठनिक चर्चा

**समय जगत, छिंदवाड़ा।** सौसर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह तेकाम के साथ अध्यक्ष जिला पंचायत मंडला प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं छिंदवाड़ा संभाग प्रभारी भाजपा एसटी मोर्चा म.प्र संजय कुशराम का सौसर आगमन हुआ। इस दौरान वे भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड के निवास स्थान पर पहुंचे। पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड के निवास पर प्रदेश अध्यक्ष का आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड भी उपस्थित रहे। इस शिष्टाचार भेंट के दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्री तेकाम ने



स्थानीय पदाधिकारियों के साथ जिले के सांगठनिक विषयों, आगामी कार्ययोजनाओं और अनुसूचित जनजाति वर्ग के कल्याण हेतु चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। भेंट के दौरान पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए। जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने भी जिले की सक्रियता और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा से प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता मोरेश्वर मर्सकोले, जिला महामंत्री देवेन्द्र गायकवाड़, अनुसूचित जनजाति मोर्चा पांढुर्णा जिला अध्यक्ष रामेश्वर कवरेती, अनुसूचित जाति मोर्चा पांढुर्णा जिलाध्यक्ष खेमराज सोनेकर, किसान मोर्चा पांढुर्णा जिलाध्यक्ष विलास खिरडकर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ललिता कुमरे, जिला उपाध्यक्ष यादोराव डोबले, दीपक कामडे क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रदेश अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया।

## शनि मंदिर में धूमधाम से मनेगा शनि जयंती महापर्व, तैयारियां शुरू

**सिलवानी।** नगर की पुलिस चौकी परिसर स्थित श्री सिद्ध शनि मंदिर में 16 मई को शनि जयंती महापर्व श्रद्धा, भक्ति एवं धार्मिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर मंदिर पुजारी सुमित जोशी ने बताया कि श्रद्धालुओं द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। कार्यक्रम के तहत प्रात: भगवान शनिदेव का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक अभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात जनमानस की सुख-समृद्धि, शांति एवं बाधा निवारण हेतु विशेष पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। इस अवसर पर सौभाग्यवती महिलाएं पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना के साथ वट सावित्री पूजन करेंगी। मंदिर परिसर में भक्तों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रहने की संभावना है। शनि मंदिर के पुजारी सुमित जोशी ने बताया कि श्री सिद्ध शनि मंदिर निरंतर विकास की ओर अग्रसर है तथा धार्मिक गतिविधियों के माध्यम से क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण का विस्तार हो रहा है।

# जिला अस्पताल में कलेक्टर का औचक निरीक्षण, व्यवस्था सुधार के दिये निर्देश

**समय जगत, धार।** जिला अस्पताल की बिगड़ती व्यवस्थाओं के बीच बुधवार को कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य तंत्र में हलचल मचा दी। बिना पूर्व सूचना पहुंचे कलेक्टर ने अस्पताल के वार्डों, ओपीडी, आईसीयू, डायलिसिस और बेबी केयर यूनिट का गहन निरीक्षण करते हुए लापरवाही पर सख्त नाराजगी जताई और मौके पर ही सुधार के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान वार्डों में स्वच्छता को लेकर कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मरीजों के बेड की बेडशीट प्रतिदिन बदली जाए और अस्पताल परिसर को पूरी तरह साफ-सुथरा रखा जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि मरीजों को किसी भी हालत में अस्वच्छ और संक्रमणयुक्त वातावरण में नहीं रखा जा सकता।



ओपीडी में अव्यवस्था और भीड़ को लेकर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अनधिकृत लोगों के प्रवेश पर रोक लगाने के निर्देश दिए। साथ ही ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के लिए शिफ्टवार रोस्टर तैयार करने को कहा, ताकि मरीजों को समय पर उपचार मिल सके और अनावश्यक प्रतीक्षा से बचा जा सके।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मरीजों और उनके परिजनों से सीधे संवाद कर उपचार व्यवस्था की वास्तविक स्थिति जानी। एक महिला ने अपनी बच्ची के स्वास्थ्य में सुधार की जानकारी दी, वहीं कुपोषण की समस्या सामने आने पर डॉक्टरों द्वारा उसे पोषण पुनर्वास केंद्र एनआरसी में भर्ती करने की सलाह दी गई।

कलेक्टर ने हाई रिस्क प्रेग्नेंसी एचआरपी यूनिट का भी निरीक्षण कर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। चिकित्सकों ने जानकारी दी कि ऐसी गर्भवती महिलाओं की मॉनिटरिंग 'अनमोल पोर्टल' के माध्यम से की जा रही है तथा आवश्यकतानुसार समयपूर्व अस्पताल में भर्ती किया जाता है।

इसके अतिरिक्त डायलिसिस यूनिट, बेबी केयर यूनिट और टोबैको कंट्रोल सेंटर का भी निरीक्षण किया गया, जहां कलेक्टर ने बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। तंबाकू नियंत्रण को लेकर चल रहे जागरूकता अभियानों की भी समीक्षा की गई।

निरीक्षण के अंत में कलेक्टर ने स्पष्ट चेतावनी दी कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और मरीजों को बेहतर व समयबद्ध उपचार हर हाल में उपलब्ध कराया जाए।

कलेक्टर के इस सख्त रुख के बाद अब जिला अस्पताल में व्यवस्थाओं में सुधार की उम्मीदें तेज हो गई हैं, लेकिन असली तस्वीर आने वाले दिनों में ही साफ होगी।

# शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर महिलाओं व युवाओं द्वारा दिया गया धरना, दिनभर चला प्रदर्शन

**समय जगत, औबेदुल्लागंज।** नगर में स्थित शराब दुकान को शहर के बाहर शिफ्ट करने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में युवा व महिलाएं एकत्रित हुए और धरना प्रदर्शन किया। दिनभर चले इस प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी कर लोगों ने अपनी नाराजगी जताई। धरने के दौरान एक दिलचस्प स्थिति भी देखने को मिली। खुले में मुर्गे व बकरे काटकर बेचने वाले दुकानदारों ने पूरे दिन अपनी दुकानें नहीं खोलीं, ताकि वे अधिकारियों की नजरों में आने से बच सकें। आम दिनों में जहां यह क्षेत्र भीड़भाड़ और अव्यवस्था का केंद्र बना रहता है, वहीं आज यह दृश्य पूरी तरह बदला हुआ नजर आया। स्थानीय महिलाओं का कहना है कि शराब दुकान के आसपास मीट की दुकानें, ब्रिज के नीचे लगे हाथठेले, गुमठियों का अतिक्रमण और सीढ़ियों पर बैठे युवाओं के कारण उन्हें




और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। यही कारण है कि वे लंबे समय से इस समस्या के समाधान की मांग कर रही हैं। बताया गया कि यह शराब दुकान अर्चना शिवहरे द्वारा लगभग 12 करोड़ रुपए में सालभर के लिए वैध रूप से ली गई है। ऐसे में तत्काल इसे हटाना संभव नहीं है, लेकिन नगर परिषद यदि प्रस्ताव पारित कर कलेक्टर को भेजे कि भविष्य में इस स्थान (अर्जुननगर मार्ग) पर शराब दुकान आवंटित न की जाए, तो आने वाले समय में इस समस्या का समाधान हो सकता है। नगरवासियों का यह भी कहना है कि केवल शराब दुकान ही नहीं, बल्कि आसपास की अव्यवस्थाओं पर भी सख्त कार्रवाई जरूरी है। नगर परिषद को चाहिए कि मीट दुकानों को हाट-बाजार क्षेत्र में व्यवस्थित रूप से स्थानांतरित करे और ब्रिज के नीचे हो रहे अतिक्रमण को सख्ती से हटाए। लोगों का मानना है कि यदि जिम्मेदार अधिकारी अपने अधिकारों का सही उपयोग करें, तो महिलाओं और बच्चियों को काफी राहत मिल सकती है।

# भाजपा के नेता, मंत्री अपने खर्चों पर लगाएं लगाम : कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू टॉक

**बुरहानपुर।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष रिंकू टॉक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में जनता को दी जा रही सलाहों पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पेट्रोल-डीजल बचाने, सोना नहीं खरीदने, विदेश यात्रा टालने और किसानों को रासायनिक



खाद कम प्रयोग करने जैसी बातें कह रहे हैं, लेकिन इन सलाहों पर सबसे पहले भाजपा नेताओं को खुद अमल करना चाहिए। रिंकू टॉक ने कहा कि यदि पेट्रोल-डीजल बचाने की बात की जा रही है तो भाजपा के मंत्री, सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि पहले अपने सरकारी वाहनों और लंबे काफिलों की जगह सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि जो नेता किसानों को खाद कम उपयोग करने की सलाह दे रहे हैं, वे पहले अपने खेतों में रासायनिक खाद का उपयोग बंद करें। उन्होंने कहा कि आम जनता पहले से महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक परेशानियों से जूझ रही है। ऐसे समय में केवल सलाह देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि सरकार को राहत देने वाले फैसले लेने चाहिए। कांग्रेस मीडिया प्रभारी तफ्फजुल हुसैन मुलायम वाला ने कहा कि सरकार को केवल अपील करने के बजाय जनता की मूल समस्याओं के समाधान पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान, मजदूर और आम परिवार महंगाई के बोझ से परेशान हैं, ऐसे में सरकार को जमीनी स्तर पर काम करना चाहिए।

स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लॉट नं. 21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल 462011 से मुद्रित कर जी-1 गोयल निकेत अपार्टमेंट प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 एमपी नगर भोपाल म.प्र. से प्रकाशित। पिन नं. 462011, संपादक **अभिनव त्रिपाठी।**
RNI-MPHIN/2004/13180 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। **फोन :** 0755-4700402, ई-मेल: dainiksamayjagat@gmail.com

# जिला वृक्षारोपण एवं पर्यावरण समितियों की समीक्षा बैठक संपन्न, जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिये निर्देश



**समय जगत, ललितपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला आर्द्रभूमि समिति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2026 के वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों, पर्यावरण संरक्षण तथा अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। शुभारंभ डीएफओ नवीन प्रकाश शाक्य ने किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 में प्रस्तावित वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए सभी विभागों को स्थल चयन कर सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। अधिकांश विभागों द्वारा सूचना भेज दी गई है, जबकि जिन विभागों से सूचना प्राप्त नहीं हुई है, उन्हें जिलाधिकारी ने तीन कार्य दिवस के भीतर सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण की कार्ययोजना और गड्ढा खुदाई कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग तत्काल गडडा खुदान कार्य प्रारंभ करें और तीन दिन के भीतर अपनी कार्ययोजना प्रभागीय निदेशक कार्यालय को उपलब्ध कराएं। डीएफओ ने बताया कि जनपद में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी 11 विशिष्ट वनों की स्थापना की जाएगी। इनमें महर्षि चरक वन, सामाजिक समरसता वन, वंदे मातरम् वाटिका, समृद्धि वन, मातृ वन, स्मृति वाटिका, खाद्य वन, शक्ति वन, त्रिवेणी वन, मित्र वन और ओक्सी वन शामिल हैं। इन वनों की स्थापना वन विभाग की विभिन्न रेंजों में की जाएगी। इस दौरान ठोस अपशिष्ट, प्लास्टिक अपशिष्ट, कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन वेस्ट, जैव चिकित्सा अपशिष्ट और ई-वेस्ट के प्रबंधन एवं निस्तारण की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने नगर के सभी 26 वार्डो से निकलने वाले कचरे का नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में सीडीओ, डीसी मनरेगा, डीपीआरओ, डीआईओएस, सिंचाई खण्ड, डीडी कृषि, कृषि अधिकारी, उद्यान अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# महिला आरक्षण विरोध पर उरई में महिलाओं का सपा सांसद कार्यालय पर उग्र घेराव, नारेबाजी के बीच दी चेतावनी

**समय जगत, उरई (जालौन)**। 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के विरोध पर भड़के आक्रोश में उरई विधानसभा की सैकड़ों महिलाओं ने आज लोकसभा सांसद नारायण दास अहिरवार के कार्यालय को घेर लिया। जोरदार नारेबाजी और प्रदर्शन के बीच विपक्षी दलों पर महिलाओं के अधिकारों पर श्कुठाराघातश् का आरोप लगाते हुए उन्हें लोकतांत्रिक जवाब देने की चेतावनी दी। महिलाओं ने कहा कि भाजपा सहित विरोध करने वाले दल अब भारत की आधी आबादी के खिलाफखड़े हो गए हैं, जो क्षम्य नहीं। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को जनता के संदेश और कांग्रेस के राजनीतिक परिणामों का जिक्र कर समाजवादी पार्टी को भी भूल सुधारने को कहा। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर राजनीति बर्दाश्त न करने और संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।प्रमुख रूप से ऊषा गुप्ता, रेखा वर्मा, शीतल सेंगर, मीनू मिश्रा, श्रद्धा सेंगर, संध्या चौहान समेत सैकड़ों महिलाओं ने हिस्सा लिया। सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, अशोक राठौर, विवेक कुशवाहा, पुष्पेंद्र सिंह सेंगर, रामजी सिंह राजावत सहित बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

## आयुर्वेद शिविर में 42 रोगियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

### ग्राम पंचायत जेराखास में लगाया नि :शुल्क आयुर्वेद शिविर



**समय जगत निवाडी।** आयुष पद्धति का प्रचार प्रसार में जागरूकता लाने के लिए संचालनालय आयुष भोपाल मध्यप्रदेश एवं कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. विनोद कुमार के मार्गदर्शन में शासकीय आयुर्वेद औषधालय जेराखास के द्वारा जेराखास के रोतयाना मोहल्ला में निःशुल्क आयुर्वेद शिविर लगाया गया।आयुर्वेद शिविर में डॉ अरविन्द कुमार साहू द्वारा 42 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और औषधि प्रदान की गई। शिविर में स्त्रीरोग, वातरोग, उदर रोग, चर्म रोग, कास रोग कृमि रोग आदि रोगों की औषधियों को वितरित किया गया। साथ ही बीपी की जांच की। आहार बिहार और वर्तमान ऋतु में होने वाले रोगों के बचाव के उपाय बताए एवं कुपोषण को दूर करने की जानकारी प्रदान की गई। शिविर में डॉ. अरविन्द कुमार साहू, कम्पाउण्डर प्रभुदयाल चढ़ार, महिला स्वास्थ्यकर्ता ममता साहू, एएनएम विमलेश यादव एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रही।

# बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे किनारे बनेगा आधुनिक होल्डिंग एरिया व डम्पिंग यार्ड, यातायात प्रबंधन को मिलेगी नई मजबूती

### - 1.61 करोड़ की परियोजना का डी. एम. ने किया स्थलीय निरीक्षण, जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने के निर्देश

**समय जगत, उरई (जालौन)** ।जनपद में यातायात प्रबंधन को सुदृढ़ करने तथा ओवरलोड एवं जब्त वाहनों के सुरक्षित संचालन हेतु बड़ी पहल करते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने ग्राम डकोर, परगना एवं तहसील उरई स्थित बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के सर्विस रोड किनारे प्रस्तावित होल्डिंग एरिया एवं डम्पिंग यार्ड निर्माण स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। लगभग 161.99 लाख रुपये लागत से स्वीकृत इस महत्वपूर्ण परियोजना को जनपद की आवश्यकता बताते हुए जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग सीडी3 को शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्थल की स्थिति का जायजा लेते हुए कहा कि वर्तमान में जनपद में वाहनों को सुरक्षित खड़ा करने के लिए पर्याप्त होल्डिंग एरिया उपलब्ध नहीं है। ओवरलोड, अवैध परिवहन अथवा अन्य गतिविधियों में पकड़े जाने वाले वाहनों को व्यवस्थित ढंग से रखने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए इस होल्डिंग एरिया एवं डम्पिंग यार्ड की स्वीकृति कराई गई है, जिससे भविष्य में वाहनों के सुरक्षित पार्किंग एवं प्रबंधन की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य शुरू होने से पहले भूमि का समतलीकरण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए, ताकि कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण हो सके। उन्होंने कहा कि यह परियोजना न केवल प्रशासनिक व्यवस्थाओं को मजबूत करेगी, बल्कि एक्सप्रेस-वे क्षेत्र में यातायात नियंत्रण और सड़क सुरक्षा व्यवस्था को भी नई दिशा देगी।जिलाधिकारी ने कहा कि प्रस्तावित होल्डिंग एरिया बनने के बाद जब्त वाहनों को व्यवस्थित रूप से रखने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध होगा, जिससे सड़क किनारे अनियोजित पार्किंग की समस्या समाप्त होगी और यातायात व्यवस्था अधिक सुचारु बनेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना के प्रत्येक चरण की नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, तहसीलदार श्रीश मिश्रा, लेखपाल आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मंदिर पर जड़ा ताला , 45 एकड़ जमीन पर कब्जे और करोड़ों के गबन का आरोप



**समय जगत, ललितपुर।** तहसील तालबेहट क्षेत्र के ग्राम कन्धारीकलां में स्थित प्राचीन सार्वजनिक मंदिर को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश को शिकायती पत्र सौंपते हुए आरोप लगाया है कि कुछ दबंगों ने मंदिर पर अवैध कब्जा कर ताला जड़ दिया है, जिससे ग्रामीणों का पूजा-पाठ और दर्शन करना बंद हो गया है।

साथ ही मंदिर की करीब 45 एकड़ कृषि भूमि से होने वाली आय के गबन का भी गंभीर आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार गांव में स्थित भगवान श्रीराम ललाजी एवं श्रीलक्ष्मणजी का यह प्राचीन सार्वजनिक मंदिर वर्षों से ग्रामीणों की आस्था का केन्द्र रहा है। आरोप है कि गांव के ही राघवेन्द्र सिंह एवं रविन्द्र सिंह पुत्रगण अनंत सिंह ठाकुर ने मंदिर पर जबरन ताला डाल दिया है और ग्रामीणों को मंदिर में प्रवेश करने से रोका जा रहा है। इतना ही नहीं, मंदिर में सेवा कर रहे पुजारी को भी वहां से भगा दिया गया ।

जिसके चलते भगवान की नियमित पूजा-अर्चना, भोग और आरती बंद पड़ी है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मंदिर के नाम पर खाता संख्या 00373 एवं 374 में कुल 18.248 हेक्टेयर (करीब 45 एकड़) कृषि भूमि दर्ज है। आरोप है कि पिछले करीब 15 वर्षों से उक्त भूमि को ठेके पर देकर उससे होने वाली आय का निजी लाभ उठाया जा रहा है। ग्रामीणों का दावा है कि इस अवधि में करीब 2 करोड़ 25 लाख रुपये की आय हुई, जिसका कोई सार्वजनिक हिसाब नहीं दिया गया। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि मंदिर के संचालन के लिए वर्ष 2011 में एक सार्वजनिक ट्रस्ट का गठन किया गया था, लेकिन ट्रस्ट की संपत्तियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। विरोध करने पर ग्रामीणों को झूठे मुकदमों में फंसाने और जानमाल की धमकी देने के आरोप भी लगाए गए हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मंदिर का ताला तत्काल खुलवाया जाए, पिछले 15 वर्षों की आय का ऑडिट कराया जाए तथा मंदिर की भूमि को प्रशासनिक संरक्षण में लेकर मंदिर का जीर्णोद्धार कराया जाए। शिकायती पत्र पर ग्राम प्रधान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों के हस्ताक्षर एवं अंगूठा निशान मौजूद हैं। अब इस मामले में प्रशासन क्या कार्रवाई करता है, इस पर पूरे क्षेत्र की नजर बनी हुई है। ज्ञापन देते समय ग्राम प्रधान कंधारीकलां राजकुमार, सूरज, चंदेल, भागीरथ, हरदेव, राजेश कुमार, शंकर पंथ, रामचरन माते, मातादीन, दुर्जन सिंह, रामसिंह, हरीनारायण, पर्वत, इमरत, महेन्द्र सिंह, रामनन्दन, विजय कुमार, आकाश, राजेश, जागेश, लक्ष्मन, फूलसिंह, हरबल के अलावा अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे।

## निर्माणाधीन अवैध मैरिज लॉन किया सील

**समय जगत, उरई (जालौन)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर सरोवर पोर्टीको के पास बिना मानचित्र स्वीकृत कराए अनाधिकृत मैरिज लॉन का निर्माण किया जा रहा था। जिसके विरुद्ध उरई विकास प्राधिकरण द्वारा उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा 27 के अंतर्गत नोटिस जारी किया गया था। निर्माणकर्ता उदय प्रताप एवं अन्य द्वारा शमन मानचित्र दाखिल नहीं किया गया ।

## आम सूचना

हर आम खास को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र सलीम कुरैशी पुत्र शकील कुरैशी गलत संगत व सोहबत में पड़ गया है और अगर वह कोई अपराधिक या कोई गैर कानूनी काम करता है तो उससे मेरा कोई सम्बन्ध नहीं है और अगर मेरे लडके के खिलाफ उसकी पत्नी के घर वाले अगर कोई मुकदमा दर्ज करते है तो इसमें मेरा कोई मतलव सरोकार नही है क्योकि मैं अपने बच्चो सहित अलग निवास करता हूँ और अपने परिवार का भरण पोषण करता हूँ ऐसी स्थिति में अगर मेरा लडका सलीम कुरैशी के खिलाफअगर कोई अपराधिक मुकदमा या कोई कार्यवाही होती है तो उसका जिम्मेदार मेरा लडका सलीम कुरैशी स्वंय होगा, इसमें मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी, और हम अपने लड़के को अपनी सम्पत्ति एव अपने परिवार से बेदखल करते है। ऐसी स्थिति में मेरे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सम्बन्ध सरोकार नही रहेगा।

**शकील कुरैशी**
**पुत्र श्री इन्दु कुरैशी**
**नि0- बाहर सैयर गेट थाना**
**कोतवाली जिला झाँसी**
**मो.नं. 7972125435**

## आम सूचना

I, Y Rajeshwari Laxmi is mother of No JC-877846 Nb Sub Y Nageswara Rao Address: 21-21-17 R H Colony, Seethanagaram, Ward 51, Seethanagaram Pedagantyada Visakhapatnam Andhra Pradesh - 530044. That I, have changed my name from Y Rajeshwari Laxmi To Yalamanchili Rajeswari Lakshmi as per my aadhar card Affidavit No 47AA 857206 date 11-05-2026

## आम सूचना

I, Krishna mother of No 15221639Y Hav (Dmt) Balinder Singh Address : – Khararwal, Khararwal (82) Khrindwal Narwana Jind Haryana - 126116. That I, have changed my name from Krishna To Krishana Affidavit No 47AA 857212 date 13-05-2026.

## आम सूचना

I, Salunkhe Chandrakant Namdeo father of Salunkhe Vishal Chandrakat do hereby solemnly affirm That I, have changed my name from Salunkhe Chandrakant Namdeo To Chandrakant Namdev Salunkhe as per my aadhar card. Affidavit No 47AA 856938 date 11-05-2026 Jhansi

## आम सूचना

I, Depali Paramanik mother of Samrit Paramanik do hereby solemnly affirm That I, have changed my name from Depali Paramanik To Depali Paramamnik as per my aadhar card. Affidavit No 47AA 857201 date 11-05-2026 Jhansi

## आम सूचना

I, Shashikala mother of Salunkhe Vishal Chandrakat do hereby solemnly affirm That I, have changed my name from Shashikala To Shashikala Chandrakant Salunkhe as per my aadhar card. Affidavit No 47AA 856939 date 11-05-2026 Jhansi

## आम सूचना

I, Shital wife of Army No JC-780144A Rank Sub Trade ( M Tech Gun ) Name Patil Bhaiyya Sitaram Present Unit – 12 MECH INF (LRW ). Resident at : Post – Malshevage, Taluka – Chalisgoan, Dist : Jalgaon, State – Maharashtra, Pin - 424108. have changed my name from Shital To Patil Shital Bhaiyya vide Affidavit No 47AA 857210 date 12-05-2026

## आम सूचना

I, Anita Pandey Wife of Raju Ranjan Mishra do hereby solemnly affirm That I, have changed my name from Anita Pandey To Anita Devi as per my aadhar card & Pan Card Affidavit No 47AA 856951 date 11-05-2026 Jhansi

## आम सूचना

I, Service Army No JC-780144A Rank Sub Trade ( M Tech Gun ) Name Patil Bhaiyya Sitaram Present Unit – 12 MECH INF (LRW ). Resident at : Post – Malshevage, Taluka – Chalisgoan, Dist : Jalgaon, State – Maharashtra, Pin - 424108. have changed my son name from Shaurya To Patil Shaurya Bhaiyya Affidavit No 47AA 857209 date 12-05-2026

## आम सूचना

I, Bamal Kaur mother of Parvinder Singh do hereby solemnly affirm That I, have changed my name from Bamal Kaur To Bimal Kaur as per my aadhar card. Affidavit No 47AA 856949 date 12-05-2026 Jhansi

## आम सूचना

I, Surjith Singh father of Parvinder Singh do hereby solemnly affirm That I, have changed my name from Surjith Singh To Surjit Singh as per my aadhar card. Affidavit No 47AA 856948 date 12-05-2026 Jhansi

## आम सूचना

I, Service No JC-284226X Sub (AIG) Muralidhara GN Address: S/o Cg Narayanappa, Nagalapura Gollahalli, Kolar, Thyvnahalli, Karnataka – 563130. That I, have changed my name from Muralidhara GN To GN Muralidhara as per my aadhar card Affidavit No 47AA 856935 date 11-05-2026

## आम सूचना

I, Suneetha is wife of No 15157278F Hav G S Prasada Rao Pasala Address: Nill, Kothapalem, Dist: Vizianagaram, Andhra Pradesh - 535221. That I, have changed my name from Suneetha To Pasala Sunitha date of birth from 01-08-1980 To 14-09-1991 Affidavit No 47AA 856931 date 11-05-2026

## आम सूचना

I, Kumar M do hereby solemnly affirm That I, have changed my son name from K Prabass Kumar To Prabass Kumar K as per my son aadhar card. Affidavit No 47AA 856933 date 11-05-2026 Jhansi

## आम सूचना

I, Achhiyamma is mother of No 15157278F Hav G S Prasada Rao Pasala Address: 1-78, Kothapalem, Dist: Vizianagaram, Andhra Pradesh - 535221. That I, have changed my name from Achhiyamma To Pasala Atchayamma date of birth from 01-07-1957 To 01-01-1948 Affidavit No 47AA 856932 date 11-05-2026

## आम सूचना

I, Service No 14449996L Hav Chandra Bhushan Gupta do hereby solemnly affirm That I, have changed my daughter name from Kushi To Khushi Gupta as per my daughter aadhar card. Affidavit No 47AA 856930 date 11-05-2026 Jhansi

## आम सूचना

I, Service No 15229153H L/Nk Chandan Kumar do hereby solemnly affirm That I, have changed my son name from Rishabh Raj To Rishav Raj as per my son aadhar card. Affidavit No 47AA 856929 date 11-05-2026 Jhansi

## आम सूचना

I, Lita Gh mother of Anil Kumar do hereby solemnly affirm That I, have changed my name from Lita Gh To Shree Mati Leelavati Singh as per my aadhar card. Affidavit No 47AA 856926 date 11-05-2026 Jhansi

## आम सूचना

I, Gulab Chand Meena father of Amrit Lal Meena do hereby solemnly affirm That I, have changed my name from Gulab Chand Meena To Gulab Chandra Meena as per my aadhar card. Affidavit No 47AA 856923 11-05-2026 Jhansi

## आम सूचना

I, Vijaya Lekshmiamma mother of No JC-279510K Sub (AIG) Bijumon B Address: Ambadiyil, Nooranadu, Palamel, Alappuzha, Kerala - 690504. That I, have changed my name from Vijaya Lekshmiamma To Vijayalekshmiamma Affidavit No 47AA 857207 Dated 13-05-2026

## आम सूचना

I, Hulasi Meena mother of Amrit Lal Meena do hereby solemnly affirm That I, have changed my name from Hulasi Meena To Hulasi Bai Meena as per my aadhar card. Affidavit No 47AA 856945 date 11-05-2026 Jhansi

## आम सूचना

I, Ramayadav father of Abhishek Pratap Yadav do hereby solemnly affirm That I, have changed my name from Ramayadav To Rama Yadav as per my aadhar card. Affidavit No 47AA 856942 Date 11-05-2026 Jhansi

# दाल मिल के ऑयल टैंक में लगी भीषण आग

## लाखों का चना जलकर खाक, दमकल की 3 गाड़ियों ने पाया काबू

**समय जगत, महोबा।** शहर के मोहल्ला समदनगर स्थित एकता दाल मिल में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और मिल में रखा भारी मात्रा में चना जल गया और ऑयल टैंक में आग फैलती चली गई। सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियाँ मौके पर पहुँचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन लाखों के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।



मिल मालिक भूपेंद्र साहू ने बताया कि घटना के समय मिल बंद हो चुकी थी और लेबर अपने घरों को जा चुके थे केवल एक मिस्त्री मिल में मौजूद था, जिसने सबसे पहले चिंगारियां उठती देखीं लेकिन जब तक कोई कुछ समझ पाता, आग ने मिल में रखे चने के ढेर और बोरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग ने तब और भी विकराल रूप ले लिया जब वह मिल के भीतर रखे ऑयल टैंक तक पहुँच गई। टैंक में आग लगते ही लपटें इतनी ऊँची उठीं कि आसपास के रिहायशी इलाकों में रहने वाले लोग दहशत में आ गए। स्थानीय निवासी तुरंत घरों से बाहर निकले और हाथों में बाल्टी-बर्तन लेकर अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिशों में जुट गए। घटना की जानकारी मिलते ही अग्निशमन विभाग की दो बड़ी और एक छोटी गाड़ी मौके पर आ गई। पहली यूनिट को आग की तीव्रता के कारण काफी संघर्ष करना पड़ा, लेकिन बाद में पहुँची दो अन्य यूनिट्स की मदद से करीब आधे घंटे के भीतर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।

मिल मालिक भूपेंद्र साहू ने बताया कि वह एक शादी समारोह से लौटे ही थे कि उन्हें मिस्त्री ने हादसे की सूचना दी। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। वहीं अग्निशमन अधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी, जिसके बाद तत्काल ऑपरेशन शुरू किया गया। फिलहाल आग बुझ चुकी है, नुकसान कितना हुआ है, इसका सटीक आंकलन सुबह सर्वे के बाद ही हो पाएगा।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**बांदा।** जीरो फेटालिटी (शून्य मृत्यु दर) के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सड़कों पर सुरक्षा और प्रवर्तन की कार्रवाई में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए चिन्हित क्रिटिकल कॉरिडोर का सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ संयुक्त निरीक्षण करें।शहर के बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर सड़क किनारे खड़े होने वाले अनावश्यक वाहनों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए।एक्सप्रेस-वे के नीचे अवैध रूप से खड़े होने वाले ट्रकों पर अंकुश लगाने हेतु नो एंट्री बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। कालू कुआं चैराहे पर विशेष विजिट कर व्यवस्थाएं सुधारने की कार्रवाई अमल में लाने को कहा। महोखर क्षेत्र में विद्युत पोलों को 15 दिनों के भीतर हटाने का समय निर्धारित किया गया है।सेंटजेवियर्स स्कूल के पास लटकते बिजली के तारों और हार्पर क्लब रोड के अनावश्यक पोलों को शीघ्र हटाने के सख्त निर्देश दिए गए।आरटीओ को निर्देशित किया गया कि 18 मई तक



जनपद के सभी स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच अनिवार्य रूप से पूर्ण कर ली जाए।ओवरलोड वाहनों पर सतत निगरानी रखने और दुर्घटना की स्थिति में वाहन स्वामियों के लाइसेंस निरस्त करने की चेतावनी दी गई।बिना लाइसेंस के वाहन चलाने वाले छात्र-छात्राओं पर सख्ती बरतने और विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए।अपने-अपने क्षेत्रों में हॉट स्पॉट चुनकर कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए। रोडवेज बस स्टैंड को शहर के बाहर स्थानांतरित करने के लिए भूमि का चिन्हांकन शीघ्र करने को कहा गया। जिला अस्पताल में पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने राहवीर योजना पर विशेष बल देते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले नेक आदमियों की सूची तैयार की जाए। ऐसे नागरिकों को सार्वजनिक रूप से पुरस्कृत और सम्मानित किया जाएगा ताकि समाज में सकारात्मक संदेश जाए।समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी वित्त, अपर पुलिस अधीक्षक, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण सहित स्वास्थ्य, परिवहन और विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसडीएम कोर्ट के आदेश पर की गई कार्यवाही

**पैलानी।** पैलानी तहसील के शादी मदनपुर गांव में बीच रास्ते में गांव के ही इशरत अली और जमालुद्दीन अपने बीचो-बीच रास्ते पर अतिक्रमण किए थे और शौचालय भी बनवाए हुए थे आज एसडीएम कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश में रास्ते पर खड़ी दीवार एवं शौचालय को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया है इस कार्यवाही पर नायब तहसीलदार पैलानी मुस्तकीम एवं लेखपाल तथा कानून को मौके पर उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस द्वारा अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



**समय जगत चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पीयूषकांत राय एवं क्षेत्राधिकारी मऊ फहद अली के पर्यवेक्षण में एसओजी एवं थाना मारकुण्डी की संयुक्त टीम द्वारा लगभग 12 वर्ष से फरार चल रहे 10,000/- रुपये के इनामी अपराधी बैजनाथ यादव उर्फ बाबा पुत्र राजकुमार यादव निवासी जमुनिहाई थाना मारकण्डी को गिरफ्तार किया जो कि मु0अ0सं0 12/14 धारा 363,366 आईपीसी एवं 3(1)10 एससी एसटी एक्ट थाना मारकुण्डी में वारंटी अभियुक्त था। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त बैजनाथ उर्फ बाबा उपरोक्त उक्त मुकदमा में काफी दिनों से फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा 10,000/- रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

**गिरफ्तारी करने वाली एसओजी टीम :-** 1.प्रभारी एसओजी/सर्विलांस निरीक्षक एम.पी. त्रिपाठी 2.हे0का0 नितेश समाधिया 3.आरक्षी रोशन सिंह 4.आरक्षी गोलू भार्गव 5.आरक्षी ज्ञानेश मिश्रा *गिरफ्तारी करने वाली मारकुण्डी पुलिस टीम :-* 1.थानाध्यक्ष मारकुण्डी दीपक कुमार 2.उ0नि0 दशरथ सिंह 3.उ0नि0 रुपनारायण सिंह 4.आरक्षी अतुल मिश्रा 5.आरक्षी अमित तिवारी।

### जिलाधिकारी ने लाइब्रेरी का निरीक्षण कर सुविधाओं का लिया जायजा



**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने संचालित लाइब्रेरी का किया निरीक्षण। जिलाधिकारी ने राठ रोड स्थित लाइब्रेरी का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकें, अध्ययन कक्ष, बैठने की व्यवस्था तथा डिजिटल सुविधा केंद्रों की स्थिति का विस्तार से अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लाइब्रेरी में साफसफाई, प्रकाश व्यवस्था, और विद्यार्थियों के लिए शांत अध्ययन माहौल सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने पुस्तकालय में नई पुस्तकों के समुचित क्रय, ई लाइब्रेरी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा रीडिंग सेक्शन को और अधिक सुसज्जित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने लाइब्रेरी का नियमित संचालन, पंजीकरण व्यवस्था तथा पाठकों की समस्याओं पर भी अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी ज्ञान का केंद्र है, इसलिए इसकी व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने लाइब्रेरी में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं से संवाद कर लाइब्रेरी में मिल रही सुविधाओं के बारे में छात्रों से जानकारी ली तथा शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के बाद लाइब्रेरी प्रबंधन को आवश्यक सुधार एवं व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु दिशा निर्देश दिए।

### आपसी सामंजस्य के साथ मिड-डे मील का नियमित गुणवत्ता पूर्ण संचालन हो सुनिश्चित : सी. डी.ओ.

**समय जगत चित्रकूट।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बी0 के0 शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि विकास खण्ड पहाडी की ग्राम पंचायत रम्पुरिया अब्बल के प्रा0वि0 रम्पुरिया अब्बल की इं0 प्रधानाध्यापिका एवं सम्बन्धित ग्राम प्रधान के मध्य मिड-डे-मील संचालन में आपसी विवाद होने के कारण माह अक्टूबर 2025 से मार्च 2026 के मध्य व्यय धनराशि के चेकों पर हस्ताक्षर न होने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) क्षेत्र पहाडी द्वारा प्रेषित आख्या दिनांक 30 अप्रैल2026 के अनुसार ग्राम प्रधान के स्थान पर अध्यक्ष विद्यालय प्रबन्धन समिति को सम्मिलित किये जाने के क्रम में कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, चित्रकूट के पत्रांक 43/एस0टी0 सी0डी0ओ0/2026-27 दिनांक 05 मई 2026 के क्रम में दिनांक 13मई2026 को मुख्य विकास अधिकारी श्री डी पी पाल की अध्यक्षता में खण्ड शिक्षा अधिकारी पहाडी, ग्राम प्रधान रम्पुरिया अब्बल एवं इं0 प्रधानाध्यापिका की संयुक्त सुनवाई की गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दोनो उभय पक्षों को सुनने के उपरान्त माह अक्टूबर 2025 से मार्च 2026 के मध्य व्यय धनराशि के चेकों पर ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर कराते हुये निर्देशित किया गया कि दोनो उभय पक्ष आपसी सामन्जस के साथ मिड-डे-मील का नियमित गुणवत्तापूर्ण संचालन करना सुनिश्चित करेंगें।

# महोबा की बेटी ने नर्सिंग ऑफिसर परीक्षा में ऑलइंडिया 97 वी रैंक हासिल कर किया क्षेत्र का नाम रोशन

**महोबा।** बुन्देलखण्ड ऐसे पिछड़े क्षेत्र के जनपद महोबा निवासी एक ग्रामीण क्षेत्र की बेटी ने नर्सिंग ऑफिसर परीक्षा में 97 वी रैंक हासिल कर बुन्देलखण्ड ही नही जनपद व अपने क्षेत्र तथा माता पिता गुरुजनों का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर क्षेत्र ही नही समूचे जनपद में खुसी का इजहार किया है तो वही माता पिता ने बेटी की इस उपलब्धि पर मिठाई बाट कर लोगो का मुंह मीठा कराया है। आपको बता दे कि एक मुहावरा प्राचीन कहावत है, मेहनत सफलता की कुंजी है जो मनुष्य अपने आप





पर यकीन रखकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मन, वचन और कर्म से कठिन परिश्रम करता है, सफलता उसके कदम चूमती है, परिश्रम के द्वारा मनुष्य के सभी मनोरथ पूर्ण हो जाते हैं। ऐसी ही एक कहावत फिर बुन्देलखण्ड में चरितार्थ हुई ,बुन्देलखण्ड के जनपद महोबा विकास खंड पनवाडी के ग्राम मसुदपुरा निवासी शिक्षक राजकुमार लोधी की पुत्री अंजनी लोधी ने अखिल भारती आयुर्विज्ञान संस्थान(एम्स)नर्सिंग ऑफिसर परीक्षा में 97 वी रेंक हासिल कर अपने परिवार ,माता पिता, गुरुजन व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह सफलता ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों के लिए एक प्रेरणा स्रोत बन गयी है। जहाँ एक ओर बेटियों को आज के इस आधुनिक युग मे बेटियों को घर की देहरी नाकना पाप समझते है वही इस बेटी ने माता पिता के सहयोग और अपनी लगन से यह उपलब्धि हासिल की है।

वही इस उपलब्धि पर समाज के लोगो ने ही नही समाज सेवियों व जनप्रतिधियों तथा जनपद वासियों ने इस बेटी के लिए ईश्वर से उज्ज्वल भविष्य की कामना की है,बताया जा रहा है इस उपलब्धि पर अंजनी को एम्स में नर्सिंग ऑफिसर पद पर ज्वाइनिंग मिलेगी, इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का श्रेय उन्होंने अपने माता पिता व गुरुजनों को दिया है।

# किट वितरण व सफाई मित्र सम्मानित

**बांदा।** स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में नगर पालिका परिषद बांदा को प्रथम पायदान पर लाने के लिये निकाय के अन्तर्गत सफाई व्यवस्था एवं कचरा एकत्र करने के कार्य में लगे हुये हमारे सफाई मित्रों,वेस्ट पिकर्स के सम्मान हेतु नगर पालिका परिषद बांदा द्वारा शासन की योजना अन्तर्गत नेशनल सफाई कर्मचारी फाईनेन्श एण्ड डेवलपमेन्ट कारपोरेशन द्वारा कर्मचारियों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के दृष्टिगत उपलब्ध कराई गयी पी0पी0ई0 किट प्रदान करने हेतु नगर पालिका परिषद स्थित अवस्थी पार्क में सफाई मित्र सम्मान एवं वेस्ट पिकर्स पी0पी0ई0 किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू एवं नगर पंचायत बबेरू अध्यक्ष विवेकानन्द गुप्त एवं नगर पंचायत ओरन अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण द्विवेदी के मुख्य अथित्य में आयोजित किया गया।अधिशाषी अधिकारी द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण-2025-26 की सफलता हेतु सभी सफाई मित्रों को नगर की सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने हेतु निर्देश देते हुये सर्वेक्षण टूलकिट के अनुसार बिन्दुवार अवगत कराया गया। नगर पंचायत बबेरू अध्यक्ष द्वारा शासन की योजनाओं के सफल बनाने के लिये नगर पालिका का सहयोग करने हेतु कहा गया।नगर पंचायत ओरन अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा नगर पालिका द्वारा कराये जा रहे कार्यो की सराहना की गयी एवं कर्मचारियों को धन्यवाद दिया गया।उपस्थित कर्मचारियों मे सभासद रामप्रसाद सोनी,विश्वप्रकाश श्रीवास्तव,आशीष गुप्ता द्वारा भी सम्बोधित किया।

# एसडीएम के औचक निरीक्षण में खुली लापरवाही, कई पंचायतकर्मियों को नोटिस





**समय जगत, आमला।** अनुविभागीय अधिकारी आमला शैलेंद्र बड़ोनिया ने 13 मई को बोरिखुर्द, छावल, खापाखेडा और कानोजिया ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया। बोरिखुर्द में रोजगार सहायक उपस्थित मिले, लेकिन सचिव व पटवारी नदारद रहे। छावल पंचायत पर 11ः30 बजे तक ताला लटका मिला, हल्का पटवारी, सचिव और रोजगार सहायक अनुपस्थित पाए गए। खापाखेडा में 60त्न किसानों की फार्मर आईडी बन चुकी थी, शेष 7 दिन में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कानोजिया में सचिव और रोजगार सहायक उपस्थित रहे, पर पटवारी व कोटवार अनुपस्थित रहे। एसडीएम ने अनुपस्थित कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया और लापरवाही पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

**महोबा।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक आज कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति, चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता तथा आगामी कार्ययोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान





जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि टीकाकरण, जननी सुरक्षा योजना,आयुष्मान कार्ड, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, संक्रामक रोग नियंत्रण एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने अस्पतालों में साफ सफाई, दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों की उपस्थिति तथा मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की भी समीक्षा की उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गंभीर मरीजों के उपचार और रेफरल व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया जाए, ताकि किसी भी मरीज को परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से लक्ष्य के अनुरूप एवं समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए टीम भावना से कार्य करने का आग्रह किया। बैठक में सीएमओ डॉ रमाकांत चौरैया, एसीएमओ डा बीके चौहान सहित जिला स्वास्थ्य समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# मनेन्द्रगढ़ की सड़कों पर अव्यवस्था हावी, जिलाधीश के निरीक्षण के बाद समाधान की उम्मीद हुई तेज

**आनंद शर्मा-समय जगत, मनेंद्रगढ़।** छत्तीसगढ़ में जहां एक ओर सुशासन तिहार के माध्यम से सरकार जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान का दावा कर रही है, वहीं जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में वर्ष 2024 से जनदर्शन में दिए गए सड़क चौड़ीकरण और अतिक्रमण संबंधी आवेदन आज भी ठंडे बस्ते में पड़े हैं। इससे आम लोगों में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है।





**जनदर्शन के आवेदन लंबित, बाजार की बदहाल यातायात व्यवस्था से जनता परेशान :** शहर के मुख्य बाजार की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। आए दिन दोपहिया और चारपहिया वाहनों का जमावड़ा लगने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित होती है। पार्किंग की समुचित व्यवस्था न होने के बावजूद राजस्थान भवन में शादी एवं बड़े आयोजनों की अनुमति दिया जाना प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

**अतिक्रमण पर सियासी चुप्पी, क्या रसूखदारों पर नहीं चलता कानून :** वहीं भगत सिंह तिराहा से स्टेशन रोड तक सड़क किनारे प्रभावशाली लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण पर न तो भाजपा खुलकर बोल रही है और न ही अन्य राजनीतिक दल। लगातार खबरें प्रकाशित होने के बावजूद कार्रवाई का अभाव यह संकेत देता है कि नियम-कानून आम लोगों के लिए अलग और प्रभावशाली लोगों के लिए अलग नजर आ रहे हैं। हालांकि जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई, लेकिन शहर में ऐसा माहौल बन चुका है मानो व्यवस्था पर कानून नहीं, बल्कि रसूख और पूंजी का प्रभाव ज्यादा हावी हो। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर आम जनता की आवाज कब सुनी जाएगी?

**कलेक्टर के निरीक्षण से जगी उम्मीद, विकास और यातायात सुधार पर जोर :** इसी बीच बुधवार को कलेक्टर संतन देवी जांगड़े ने नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर पेयजल, यातायात, स्वच्छता एवं विकास कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में स्वच्छ एवं नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही भूपेंद्र क्लब एवं एसडब्ल्यूसी गोदाम भूमि का निरीक्षण कर यातायात सुधार, पार्किंग व्यवस्था एवं सड़क विस्तार को लेकर अधिकारियों से चर्चा की गई। एसआरएल एम सेंटर में आजीविका गतिविधियों की समीक्षा करते हुए योजनाओं को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

कलेक्टर ने प्रस्तावित एसटीपी हेतु चिन्हित भूमि का निरीक्षण कर आधुनिक सीवेज प्रबंधन व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए। वहीं हसिया नदी फ्रंट, वॉकिंग ट्रैक, सौंदर्यीकरण एवं हसिया-हसदेव संगम क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए विस्तृत सर्वे कराने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। अब देखना यह होगा कि निरीक्षण और निर्देशों के बाद मनेन्द्रगढ़ की यातायात, अतिक्रमण और पार्किंग जैसी जमीनी समस्याओं का समाधान कब तक हो पाता है।

# बड़वाह नगर पालिका में जनगणना कार्य पूर्ण होने पर पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों का हुआ सम्मान





**समय जगत, बड़वाह।** बुधवार को नगर पालिका परिषद बड़वाह द्वारा जनगणना कार्य निर्धारित समय सीमा में सफलतापूर्वक पूर्ण किए जाने पर पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने सभी अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को बधाई देते हुए उनके समर्पण एवं मेहनत की सराहना की। नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि चार्ज अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी कुलदीप किन्शुक, सहायक चार्ज अधिकारी अमजद खान के कुशल मार्गदर्शन, प्रेरणादायी व्यवहार एवं विश्वास के साथ ही मास्टर ट्रेनर सतविंदर सिंह भाटिया के सफल प्रशिक्षण और समय-समय पर दिए गए मार्गदर्शन से यह कार्य समय पर पूर्ण हो सका। उन्होंने कहा कि सभी सुपरवाइजरों के कुशल प्रबंधन तथा समस्त प्रगणकों की मेहनत, लगन और कार्य के प्रति समर्पण से बड़वाह क्षेत्र ने लक्ष्य प्राप्त कर सफलता हासिल की है, जो निश्चित रूप से गर्व का विषय है। उन्होंने सभी को बधाई एवं धन्यवाद देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि आगामी द्वितीय चरण का कार्य भी और अधिक शीघ्रता एवं बेहतर तरीके से पूर्ण कर बड़वाह नगर पालिका जिला, संभाग एवं प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करेगी। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा सभी पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मास्टर ट्रेनर सतविंदर सिंह भाटिया ने बताया कि बड़वाह क्षेत्र में सर्वप्रथम कार्य पूर्ण होने में सभी कर्मचारियों की मेहनत के साथ-साथ नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी कुलदीप किन्शुक का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग भी महत्वपूर्ण रहा। कार्यक्रम में पार्षद रूपसिंग रावत, बबलु चौरसिया पार्षद प्रतिनिधि अनिल कानूनगो एवं बद्री पटेल सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी के दृष्टिगत जिलाधिकारी ऐक्शन मोड में, जानकारी के साथ जूम मीटिंग में न आने पर सहायक नगर आयुक्त की लगाई क्लास

## गर्मी के मौसम में लू से जनहानि को रोकना प्रशासन की प्राथमिकता है: जिलाधिकारी




**समय जगत, झांसी।** जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने जूम ऐप के माध्यम से जनपद में लगातार बढ़ रहे तापमान के दृष्टिगत हीट वेव (लू) से बचाव एवं इसके प्रभावों को न्यून करने एवं विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के अतिरिक्त क्षेत्र में पेयजलापूर्ति के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की।

जूम ऐप के माध्यम से आयोजित बैठक में जनपद के सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के दृष्टिगत संवेदनशील होकर कार्य करना सुनिश्चित करें। बैठक का मुख्य उद्देश्य भीषण गर्मी के मौसम में संभावित हीट वेव की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटना, जनपद के दूरस्थ क्षेत्र में पेयजलापूर्ति की व्यवस्था करना एवं विद्युत आपूर्ति को बेहतर करते हुए जनसामान्य को सुरक्षित रखने तथा राहत एवं प्रबंधन के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करना था।

जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी आने वाले लगभग 05 से 06 दिन जनपद के तापमान में वृद्धि होने का पूर्वानुमान है, इस दौरान लू से जनहानि को रोकना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, इसके अतिरिक्त जनसामान्य को जागरूक करने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करें। उन्होंने आपदा विशेषज्ञ को निर्देशित किया कि लगातार जनपद में बढ़ते तापमान की जानकारी समाचार पत्रों के माध्यम से जनमानस को देना सुनिश्चित किया जाए। संवेदनशील बैठक में सहायक नगर आयुक्त श्री वीरेंद्र श्रीवास्तव को जानकारी के साथ न आने पर नाराजगी व्यक्त की।

जूम ऐप के माध्यम से आयोजित बैठक में जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने मेडिकल कालेज/ जिला अस्पताल में भीषण गर्मी के दृष्टिगत तीमारदारों एवं जन सामान्य को राहत पहुंचाने के लिए इमरजेंसी के पास अथवा वेटिंग एरिया में वाटर कूलर सहित लोगों के बैठने के लिए बेंच की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए जनमानस एवं तीमारदारों को ओआरएस सेंटर के संचालन की जानकारी दिए जाने के निर्देश दिए ताकि लोगों को गर्मी से राहत दिलाई जा सके।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने झांसी नगर सहित जनपद में प्रत्येक तहसीलों के व्यस्ततम चौराहे सहित महत्वपूर्ण बाजार, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र में वाटर कूलर/प्याऊ की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मंडी, पार्क में वॉटर कूलर की व्यवस्था सुनिश्चित करने और लगातार चेकिंग करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने नगर में नगर निगम द्वारा संचालित स्क्रीन पर गर्मी से बचने के लिए क्या करें-क्या न करें की जानकारी लगातार प्रसारित करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी को मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के सभी सीएचसी एवं पीएचसी केंद्रों पर लू से प्रभावित मरीजों के उपचार के लिए आवश्यक दवाएं, ओआरएस, आईवी फ्लूड तथा अन्य जरूरी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही ग्राम स्तर तक आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से लू से बचाव के उपायों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। उन्होंने मेडिकल कालेज में 15 एंव जिला अस्पताल में 10 कोल्ड रूम बढ़ाए जाने की भी जानकारी दी। जिलाधिकारी ने भीषण गर्मी के दृष्टिगत समस्त एमओआईसी को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं नगर पालिका/नगर पंचायतों को निर्देशित किया गया कि हीट वेव के प्रभाव को कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। विशेष रूप से सार्वजनिक स्थलों पर रैन बसेरों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि जरूरतमंद लोगों को राहत मिल सके। साथ ही पशुओं के लिए भी पानी एवं छायादार स्थानों की समुचित व्यवस्था की जाए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि यदि किसी क्षेत्र में अग्निकांड या लू से प्रभावित व्यक्ति सामने आते हैं तो उन्हें राज्य सरकार द्वारा निर्धारित राहत राशि 24 घंटे के भीतर उपलब्ध कराई जाए, जिससे प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत मिल सके। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि हीट वेव से बचाव के लिए जनपद में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। इसके तहत ग्राम पंचायतों, स्कूलों, सार्वजनिक स्थलों एवं मीडिया के माध्यम से लोगों को लू से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया जाए, ताकि जनहानि की संभावनाओं को न्यूनतम किया जा सके।

आयोजित बैठक में जिला जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी विभिन्न एडवाइजरी सलाह क्या करें? क्या न करें विषयक पंप्लिट, पोस्टर को जारी करते हुए जनपदवासियों को लो, प्रकोप एवं गर्म हवा से बचाव हेतु जानकारी साझा की।

जूम ऐप के माध्यम से आयोजित बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्री आयुष सैनी, अपर जिला अधिकारी वित्त/राजस्व श्री वरुण कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुधाकर पांडेय, सीएमएस मेडिकल कालेज डॉ0 खुश्तर हैदर, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी डॉ0 बालगोविंद श्रीवास्तव, जिला आपदा विशेषज्ञ श्री धीरज पाठक, मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री आर के राय सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नौ दिन सलाखों में बिताकर जेल से बाहर निकले भाजपा नेता नौ सेकेंड में पहुंचे पुलिस हिरासत में

## रॉयल सिटी सट्टा सिंडिकेट में हो सकती है पूछताछ

**झांसी।** ऑन लाइन क्रिकेट सट्टा के सौ करोड़ के ट्रांजेक्शन में जेल गए भाजपा नेता आशीष उपाध्याय को आखिरकार हाईकोर्ट से राहत मिलते ही वह नौ दिन बाद जेल की सलाखों से जैसे ही बाहर निकले उन्हें नौ सेकंड बाद ही पुलिस ने दोबारा हिरासत में ले लिया। पुलिस भाजपा नेता आशीष उपाध्याय को अपने सरकारी वाहन में बैठा कर अपने साथ ले गई। इस दौरान वहां भारी पुलिस बल मौजूद रहा। फ्लिहाल यह अभी तक पुलिस की ओर से किसी ने स्पष्ट जानकारी नहीं दी कि आशीष की किस मामले में गिरफ्तारी हुई है या फिर उसे हिरासत में लिया गया या सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल साथ में है। फ्लिहाल सूत्रों का कहना है कि ऑन लाइन सट्टा के सौ करोड़ ट्रांजेक्शन के मामले में फंसे भाजपा नेता आशीष उपाध्याय को हाईकोर्ट से राहत जरूर मिल गई। लेकिन थाना सीपरी बाजार में रॉयल सिटी में पकड़े गए सट्टा के मुकदमे में आशीष उपाध्याय का नाम आया था। पुलिस ने उसी मुकदमे में पूछताछ कर सकती है पुलिस। आपको बता दे कि रॉयल सिटी में पकड़ा गया सट्टे के सिंडिकेट में स्वाट टीम के सिपाही रजत ओर भाजपा नेता आशीष उपाध्याय का नाम आया था। सूत्र बताते है कि पुलिस उसी मुकदमे में पूछताछ ओर साक्ष्य संकलन के लिए भाजपा नेता आशीष उपाध्याय को हिरासत में लेकर अपने साथ ले गई है।

**सुबह से कचहरी, जेल परिसर बना था छावनी**

झांसी। हाईकोर्ट से राहत मिलने के बाद भाजपा नेता आशीष उपाध्याय की जेल से रिहाई तय थी। इस दौरान उनके समर्थक पहले से ही कचहरी ओर जेल परिसर पर मौजूद रहे। सुरक्षा को देखते हुए जेल ओर कचहरी परिसर सहित थाना सीपरी बाजार में भी भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था।

**अनुपम महाराज का आना ओर जाना बना चर्चा का विषय**

झांसी। भाजपा नेता आशीष उपाध्याय की रिहाई होने की खबर पर उनके समर्थक तो जेल परिसर पहुंचे, लेकिन कोई भाजपाई नहीं दिखाई दिया। वही अचानक दोपहर बारह बाजार लग्जरी गाड़ी से पहुंचे अनुपम महाराज जेल के अंदर गए ओर थोड़ी देर में बाहर निकल आए। इस दौरान पूछने पर उन्होंने बताया कि वह किसी से मुलाकात करने नहीं अपने काम से आए थे लेकिन वह अंदर नहीं गए। अनुपम महाराज के जेल के अंदर जाकर कुछ देर में बाहर आने पर तमाम चर्चाओं का विषय बन गया है।

**दो मई को पुलिस ने भेजा था जेल, 7 मई को रॉयल सिटी सट्टा सिंडिकेट में आया था नाम**

झांसी। झांसी की नवाबाद थाना पुलिस ने ऑन लाइन सट्टा के सौ करोड़ के ट्रांजेक्शन के मामले सट्टा किंग शुभम उपाध्याय के सिंडिकेट में भाजपा नेता आशीष उपाध्याय को दिल्ली से गिरफ्तार कर दो मई को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया था। जहां से आशीष को जेल भेज दिया था। पुलिस की ऑन लाइन सट्टा माफियाओं पर चल रही ताबड़तोड़ कार्यवाही में पुलिस ने सात मई की देर शाम रॉयल सिटी में छापेमारी थी। इस दौरान स्वाट टीम में पूर्व में तैनात रहे सिपाही रजत का नाम ओर भाजपा नेता आशीष उपाध्याय का नाम भी प्रकाश में आया था। एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने प्रेस वार्ता के माध्यम से बताया था कि सिपाही रजत को बर्खास्त कर दिया गया है, साथ ही भाजपा नेता आशीष उपाध्याय अभी जेल में बंद है, अन्य वांछित की तलाश चल रही है।

# राघवेन्द्र हॉस्पिटल नर्सिंग कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नर्स दिवस

**समय जगत, झांसी।** मानवता की सेवा में समर्पित श्नर्सिंगश् पेशे के सम्मान में राघवेन्द्र हॉस्पिटल एवं नर्सिंग संस्थान में श्अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवसश् धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और आधुनिक नर्सिंग की जननी श्फ्लोरेंस नाइटिंगेलश् के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ।वरिष्ठ चिकित्सकों ने बढ़ाया उत्साहइस गरिमामयी अवसर पर संस्था के चेयरपर्सन डॉ. आर.आर. सिंह और इंस्टीट्यूट की चेयरमैन डॉ. संगीता सिंह ने नर्सिंग छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नर्स अस्पताल की रीढ़ होती हैं, जो निस्वार्थ भाव से मरीजों की सेवा करती हैं। डायरेक्टर डॉ. अंकित सिंह और डॉ. भाविका सिंह ने भी चिकित्सा के क्षेत्र में नर्सों के अतुलनीय योगदान को रेखांकित किया और भविष्य के नर्सों को सेवाभाव की शपथ दिलाई।सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूमकार्यक्रम में नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसमें नाटक और गीतों के माध्यम से नर्सिंग पेशे की चुनौतियों और गरिमा को दर्शाया गया। कार्यक्रम में प्रिंसिपल डॉक्टर उमा महेश्वरी एवं वाईस प्रिंसिपल राम शर्मा एवं प्रोफेसर अभिलाषा लौरेंस भी मौजूद रहे, इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में चित्रांशी, नेहा, अनुराधा, दीपिका, सुनील, प्रहलाद, नीरज, गौरवी और खुशबू आदि सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। संस्थान की प्रिंसिपल उमा माहेश्वरी ने सभी आगंतुकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अस्पताल का समस्त स्टाफऔर छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# डी.एम. व एस.एस.पी.ने किया अग्रिमा अरजरिया को सम्मानित



**समय जगत, गुरसराय।** नगर के संभ्रांत नागरिक एवं पी एस डी अरजरिया स्कूल के संचालक पं रामकृष्ण अरजरिया धुनधुन महाराज की नातिन एवं पत्रकार राजीव अरजरिया एडवोकेट की पुत्री अग्रिमा अरजरिया कोदैनिक हिंदुस्तान द्वारा आयोजित ओलंपियाड में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर जिलाधिकारी झाँसी गौरांग राठी एवंएस एस पीई झाँसी बी बी जी टी एस मूर्ति ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।नगर की अग्रिमा की इस उपलब्धि पर नगर के गणमान्य नागरिकों में पं देवेश पालीवाल, संगीतगुरु पं परशुराम पाठक,प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी,डॉ रविन्द्र प्रकाश अरजरिया,सहित पत्रकारों ने हर्ष व्यक्त किया। पत्रकारों में कुंवर रामकुमार सिंह,डॉ सुकदेव व्यास,अरुण चतुर्वेदी, अखिलेश तिवारी,फूलसिंह परिहार,शिशुपाल सिंह सरस,सरजू शरण पाठक,संदीप श्रीवास्तव, सोम मिश्रा,सार्थक नायक,आयुष त्रिपाठी, राजेश अग्रवाल,सत्यप्रकाश द्विवेदी, रामगोपाल शर्मा,कौशल किशोर,आयुष त्रिपाठी, हरिश्चंद्र नायक आदि ने अग्रिमा की उपलब्धि पर बधाई दी।

# समग्र विकास के लिए समर कैंप में भाग लें : संगीतगुरु



**समय जगत, गुरसरांय।** राजकीय इंटर कॉलेज खड़ौरा में समर कैम्प का उद्घाटन मुख्य अतिथि बुन्देलखण्ड के प्रख्यात सितारवादक संगीतगुरु पंडित परशुराम पाठक ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया ।

समर कैम्प में बोलते हुए हुए उन्होंने कहा कि बच्चों को विभिन्न सामाजिक संस्कारित एवं संगीत की विधाओं को जानने के लिए सरकार ने समर कैम्पों का आयोजन किया,जिससे बच्चों को सभी प्रकार का ज्ञान प्राप्त हो सके।इसका भरपूर लाभ बच्चों को लेना चाहिए।कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य हेम कुमार प्रजापति ने किया।

इस मौके पर ग्राम प्रधान मनोज यादव, हरिशंकर सोनी, हेमन्त मिश्रा, विक्की पटेल ,जनेन्द्र राजपूत, वीरेंद्र गौतम,ओमप्रकाश मिश्रा,कन्हैया लाल मिश्रा,बनमाली मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# कथा व्यास ने सुनाया गोवर्धन पूजा का प्रसंग



**समय जगत,गुरसरांय।** ग्राम बरौटा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया।

भागवत कथा व्यास आचार्य अरविंद शास्त्री परसुवा वालों ने भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान ने पूतना को देखकर इसलिए अपनी आंखें बंद कर लीं थी,क्योंकि कुपात्र पर दृष्टि डालने से दृष्टि दूषित हो जाती है,और पूतना कुपात्र थी,वह भगवान की दृष्टि का पात्र नहीं थी,इसलिए भगवान ने उसे देखना उचित नहीं समझा।

गोवर्धन पूजा का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान ने इंद्र का अहंकार तोड़ने को गोवर्धन की पूजा करवाई,और इन्द्र के कोप से ब्रजवासियों की रक्षा की।

भागवत कथा का मूल पाठ आचार्य राम सेवक शास्त्री ने किया।

संगीतमय कथा में ऑर्गन एवं सह गायन पर प्रमोद गोस्वामी एवं बीरेन्द्र सिंह,नाल पर जीतू पैड पर बॉबी ने संगठनकी।

भागवत कथा की आरती परीक्षित श्रीमती रामदेवी एवं नरेंद्र पटेल ने की।

कथा में विजय नन्ना, किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष कमलेश लंबरदार इमलोटा ,कुलदीप पटेल प्रधान सिंगार,पुष्पेंद्र पटेल, विमलेश पटेल ,अवधेश पटेल , रवि पटेल ,रामकिशुन पटेल ,हर प्रसाद ,देवेंद्र पटेल, नयन पटेल, घनेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# खेर इंटर कॉलेज के शिक्षकों ने सफलता पूर्वक पूर्ण की अपनी स्व-गणना

## स्व -गणना का उद्देश्य जनसांख्यिकीय और आवास संबंधी जानकारी को डिजिटल रूप से एकत्र करना: धनप्रकाश तिवारी



**समय जगत, गुरसरांय(झांसी)।** 2026 में भारत की जनगणना सेंनसस 2027 के लिए जनगणना 2026 की पूर्व तैयारी) के तहत झांसी जिले के तहसील गरौठा में स्थित नगर के खैर इंटर कॉलेज गुरसरांय में विद्यालयों के शिक्षकों ने अपनी स्व-गणना (ैमसि-म्दनउमतंजपवद) की प्रक्रिया प्रधानाचार्य पंडित धनप्रकाश तिवारी के कुशल निर्देशन में सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली। आपको बता दें कि शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुसार सभी शिक्षकों और कार्मिकों के लिए अपना सेल्फ एन्यूमरेशन (ैमसि म्दनउमतंजपवद) पूर्ण करना अनिवार्य था परन्तु विद्यालय के सभी शिक्षकों ने निश्चित समय से पूर्व ही अपनी स्वजनगणना पूरी कर ली। शिक्षकों ने ेम.बमदेने.हवअ.पद पर जाकर अपना और परिवार का विवरण ऑनलाइन फॉर्म के माध्यम से भरा। खैर इंटर कॉलेज गुरसरांय से स्वगणना में डिजिटल जनगणना प्रशिक्षण में लगे प्रवक्ता जेपी वर्मा,प्रवक्ता जितेन्द्र पटेल,गोपाल अग्निहोत्री,प्रदीप सोनी आदि ने समस्त शिक्षकों की स्वजनगणना करवाई। इस मौके पर प्रधानाचार्य खैर इंटर कॉलेज गुरसरांय पंडित धनप्रकाश तिवारी ने बताया कि जब प्रगणक घर आएंगे,तो शिक्षकों को केवल अपनी स्व-गणना आईडी दिखानी होगी, दोबारा पूरी जानकारी नहीं देनी होगी। इस डिजिटल प्रक्रिया से जनगणना के आंकड़े अधिक सटीक और पारदर्शी बन रहे हैं। यह पहल डिजिटल जनगणना के तहत की गई है। जिसका उद्देश्य जनसांख्यिकीय और आवास संबंधी जानकारी को डिजिटल रूप से एकत्र करना है। इस मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण सहित विद्यालय स्टॉफमौजूद रहा।

# गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर जी का 70वां जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया



**समय जगत,झांसी।** आर्ट ऑफ लिविंग झाँसी चौप्टर के तत्वाधान में गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी का 70वां अवतरण दिवस बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ! आर्ट ऑफ लिविंग की जोनल टीचर कोड़ीनेटर कंचन आहूजा जी ने बताया कि हर वर्ष 13 मई हम सब बहुत उत्सव के साथ मनाते हैं ,पर इस वर्ष हमारे गुरुदेव का 70 वां जन्मदिवस है साथ ही हमारी संस्था आर्ट ऑफलिविंग के 45 वर्ष पूर्ण हुए ये अवसर बंगलौर आश्रम में हमारे प्रधान मंत्री माननीय नरेंद्र मोदी ने ज्ञान मंदिर का उद्घाटन किया, साथ ही संस्था के द्वारा देशहित, समाज हित, हर व्यक्ति के हित में किए जारहे सेवा कार्यो की बहुत प्रशंसा की, जो हम सभी के लिए गर्व की बात है. हम सभी अनुयाइयों ने भी मिल कर झाँसी में विभिन्न कार्यक्रम आज - 13 मई सुबह 6रू15 बजे महासुदर्शन क्रिया कंचन जी के द्वारा होटल सरोवर पोर्टिको में करायी गई जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भागीदारी ली एवं अपने गुरू के दीर्घ आयु की प्रर्थना की.

10रू00 बजे छबील वितरण विधाता रेस्ट्रोरेंट ईलाइट पर राहगिरो को ठंडा शर्बत पिला कर दुआएँ ली.

साथ ही महासत्संग रामेश्वरम वेंकट हॉल इलाहाबाद बैंक चौराहा झाँसी पर किया गया जिसमें गुरुपूजा , ध्यान व राजीव शर्मा, रचना प्रकाश, सत्येंद्र झा ,अशोक हिरवकर द्वारा सुन्दर भजन-नंद घर आनंद भयों..... हरि सुन्दर नंद मुकुंद ....हम तो सीता राम कहेंगे.....गुरु गुरु जय जय.... भोले की जय जय......आदि भजनौ से पूरे वातावरण मे आनंद खुशिया मस्ती के माहौल में सभी झूमे नाचे गए फूलों की वर्षा हुई.... आनंद ही आनंद की सुंदर अनुभूति में हर्षोल्लास के साथ आज के दिन को विशेष बनाया !

इस अवसर पर श्री मति डॉ अनुराधा शर्मा, सदर विधायक पत्नी सुनीता शर्मा जी, ब्रह्मचारी देवचेतन, आदित्य शर्मा, रुचि शर्मा, हमारे शिक्षकगण सत्येंद्र झा, धर्ममेष नामदेव, रचना जी, अशोक जी, कालिंदी जी, रुचि अरोरा, प्रावीना जी, एक्स अपेक्स संजय त्रिपाठी जी, नीलम खन्ना जी, राजीव शर्मा जी, चंद्र कुमार आहूजा, योगेन्द्र सिंह सेंगर, राजा, मास्टर रौनक यादव, ममता यादव, विजय जी, छाया साहू, संजय साहू, नंदिता जी, विद्रूम जी, वत्सला,रचना जैन, मीतू गांधी, उपासना बबर,अनु दलमोतरा, रेखा सिंह, प्रीति खन्ना, रुचि खन्ना, शिवानी खन्ना, प्रिंसि,गायत्री जी,रचना प्रकाश, पुष्पा हिरवारकर, पूजा, मधु कुशवाहा, प्रत्युश, अनिल शर्मा, सुमित, पुष्पा सोनी, राघव वर्मा, उषा सेन दीपक द्विवेदी, चंदा अरोरा आदि बड़ी संख्या में अनुयाई जन उपस्थित रहे. ।

# मातृ दिवस एवं विश्व परिवार दिवस को समर्पित रही मासिक साहित्यिक सरस काव्य संगोष्ठी



**समय जगत, झांसी।** शास्त्री विश्व भारती संस्कृति शोध संस्थान, शास्त्री भवन, सीपरी बाज़ार झाँसी के तत्वावधान में श्मासिक सरस काव्य संगोष्ठी सम्पन्न हुई। गोष्ठी की अध्यक्षता डॉ. प्रमोद कुमार अग्रवाल (सेवा निवृत्त आई.ए.एस. साहित्य विभूषण) द्वारा की गई। गोष्ठी की मुख्यअतिथि डॉ. सुश्री नील मधु श्रीवास्तव रहीं । विशिष्ट अतिथि डॉ . सुखराम चतुर्वेदी फौजी श्री हरशरण शुक्ल श्री ए.के. हिंग्वासिया, डॉ. ब्रजलता मिश्रा श्री ग?याप्रसाद वर्मा ख्मधुरेश,श्री हरि नारायण त्रिवेदी, डॉ. के. के. साहू रहे। गोष्ठी का शुभारम्भ श्री कैलाश नारायण मालवीय द्वारा प्रस्तुत वाणी-वन्दना से हुआ। तत्पश्चात अन्तर्राष्ट्रीय मातृ दिवस एवं 15 मई आगामी विश्व परिवार दिवस को समर्पित ष्माँ और परिवार को केन्त्रित मौलिक सरस काव्य रचना?एँ प्रस्तुत करते हुए सर्वश्री धर्मेन्द्र कुमार, सारांश ने पढ़ा - जब भी घर जाता हूँ कि उसका माथा चूम आता हूँ माँ की गोद में बैठकर पूरी दुनिया घूम आता हूँ।ष् क्रमशः रवि कुशवाहा ने प्रेरक पंक्तियाँ प्रस्तुत की अगर न होती मां दुनिया में, काला तिलक लगाता कौन 11 शूल समान कष्ट को चुनकर पग-पग फूल बिछाता कौन ?? काव्य-गोष्ठी को सफल- सार्थक बनाते हुए अन्य कवि एवं शायरों ने क्रमशरू उस्मान अरक, रामलाखन सिंह परिहार, श्रीमती रमा शुक्ला, मंजु ओमर, सुधा सक्सेना, कु0 सिमरन ?यादव, यतीश अकिञ्चन, साकेत सुमन चतुर्वेदी, डॉ निहाल चन्द शिवहरे, खूबीराम प्रजापति, संजय तिवारी ख्राष्ट्रवादी, कामता प्रसाद प्रजा?पति, महेन्द्र वर्मा ख्नाटककार,, डॉ. नीति शास्त्री आदि ने प्रेरक रचनाओं का काव्य पाठ किया इस अवसर पर डॉ. सुदर्शन शिवहरे, अम्बिका श्रीवास्तव, डॉ. एस.बी. जब्बल, ठाकुरदास, दीपक यादव डॉ. ए.वी. मजूमदार, नरेन्द्र अग्रवाल, नीरज सिंह, शीलू गौतम, मंगलसेन, दीपक साहू आदि उपस्थित रहे। गोष्ठी का संयोजन डॉ0 सुश्री नीतिशास्त्री एवं सफल संचालन डॉ.सुखराम चतुर्वेदी श्फौजी ने किया। अंत में डॉ. सुश्री नीति शास्त्री (संयोजिका) ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया।

# तरनजीत सिंह संधू ने कुलपतियों के साथ की बैठक

## उप राज्यपाल ने एआई और रिसर्च आधारित शिक्षा बढ़ाने को कहा



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने राजधानी की यूनिवर्सिटीज को सिर्फ डिग्री देने वाले संस्थान नहीं, बल्कि रिसर्च और सामाजिक बदलाव के केंद्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थानों को अब दिल्ली की असली समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उपराज्यपाल ने बुधवार को दिल्ली सरकार के अधीन आने वाली यूनिवर्सिटीज के कुलपतियों और निदेशकों के साथ बैठक की। बैठक में शिक्षा, रिसर्च और तकनीक के जरिए दिल्ली के विकास को नई दिशा देने पर चर्चा हुई। एलजी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत विजन के तहत शैक्षणिक संस्थानों को इनोवेशन, रिसर्च और सामाजिक बदलाव का केंद्र बनना होगा। उन्होंने विश्वविद्यालयों से कहा कि वे केवल डिग्री देने तक सीमित न रहें, बल्कि नए अनुसंधान की भावना के साथ दिल्ली की वास्तविक समस्याओं का समाधान खोजें। संधू ने खास तौर पर वायु प्रदूषण, ट्रैफिक और शहरी परिवहन, मानसिक स्वास्थ्य और सार्वजनिक सेवाओं से जुड़ी चुनौतियों पर रिसर्च आधारित समाधान तैयार करने की जरूरत बताई। उनका कहना था कि विश्वविद्यालयों में मौजूद रिसर्च क्षमता का सीधा लाभ शहर और आम लोगों तक पहुंचना चाहिए। बैठक में छात्रों की सामाजिक भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

एलजी ने कहा कि एनएसएस, एनसीसी और गांव गोद लेने जैसी योजनाओं के जरिए छात्रों को समाज से जोड़ा जाए, ताकि वे जिम्मेदार नागरिक, इनोवेटर और रोजगार पैदा करने वाले युवा बन सकें। उन्होंने एआई और नई तकनीकों के इस्तेमाल को भविष्य की जरूरत बताते हुए कहा कि दिल्ली की यूनिवर्सिटीज़ को टेक्नोलॉजी आधारित और भविष्य के लिए तैयार संस्थान बनाना जरूरी है। एलजी ने सभी संस्थानों से समयबद्ध और ठोस कार्ययोजना तैयार करने को कहा, ताकि शिक्षा और रिसर्च का फायदा सीधे दिल्ली के लोगों तक पहुंच सके।

## सऊदी अरब में नौकरी के इच्छुकों से मांगे आवेदन

**गाजियाबाद।** जिला सेवायोजन विभाग ने सऊदी अरब में नौकरी करने के इच्छुक लोगों से आवेदन मांगे हैं। विभिन्न पदों के लिए 76 रिक्तियां हैं। जिला सेवायोजन अधिकारी दिव्या त्रिपाठी ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति वेबसाइट पर इसकी जानकारी ले सकता है। इसमें फैब्रिकेशन सुपरवाइजर के लिए पांच पद हैं जिसका वेतनमान 99188 प्रतिमाह है और आयुसीमा 30 से 48 वर्ष है। मैकेनिकल हेल्पर के 20 पदों के लिए आवेदन मांगे गए है जिसका वेतनमान 29773 प्रतिमाह और आयुसीमा 25 से 35 वर्ष का मांगी गई है। सीएस वेल्डर टीआईजी एंड आर्क जिसका वेतन 62408 प्रतिमाह और आयुसीमा 24 से 35 वर्ष। पाइप फैब्रिकेटर के 15 पदों जिसमें वेतन 43962 प्रतिमाह और आयुसीमा 24 से 35 वर्ष, स्ट्रक्चरल फैब्रिकेटर के आठ पद, वेतन 42191 प्रतिमाह और आयु सीमा 24 से 35 वर्ष, मैकेनिकल टेक्निशियन के आठ पद, वेतन 60465 प्रतिमाह, आयुसीमा 26 से 42 वर्ष, फैब्रिकेटर फोरमैन के पांच पद के लिए आवेदन मांगे गए हैं जिसमें वेतन 58650 प्रतिमाह है और आयुसीमा 30 से 48 वर्ष है। मैकेनिकल फिटर के 15 पदों के लिए आवेदन मांगे गए हैं जिसमें वेतन 58422 प्रतिमाह वेतन और आयु सीमा 26 से 42 वर्ष तय की गई है। इन सभी पदों के लिए अनुभव भी होना जरूरी है।

## शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी के मामले में आरोपी हुआ गिरफ्तार

### कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए 7 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया

**बल्लभगढ़।** साइबर थाने की टीम ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर हुई 6 लाख 60 हजार 500 रुपये की ठगी के मामले में बैंक खाता उपलब्ध करवाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सोनू कुमार साह को कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए 7 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर-8 निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि उसने फेसबुक पर शेयर मार्केट में निवेश संबंधी एक विज्ञापन देखा। जिसके बाद उसे रे ऑफ होप नामक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया। कुछ दिन ग्रुप की गतिविधियों को देखने के बाद उसने निवेश करने का निर्णय लिया और ग्रुप में ट्रेडिंग अकाउंट खोलने के लिए संपर्क किया। इसके बाद उसको प्ले स्टोर से नेक्स्ट बिलियन नामक एप्लीकेशन डाउनलोड करने के लिए कहा गया। एप्लिकेशन में लॉगिन करने के बाद उसने आरोपियों के बताए अनुसार विभिन्न खातों में कुल 6 लाख 60 हजार 500 रुपये निवेश के लिए ट्रांसफर कर दिए।

कुछ दिन बाद उसके ट्रेडिंग अकाउंट में अचानक 30 लाख रुपये का आईपीओ दिखाया जाने लगा, जिसके नाम पर उस पर और पैसे जमा करवाने का दबाव बनाया गया। पैसे न देने पर उसे पुलिस कार्रवाई का डर भी दिखाया गया। आरोपी सोनू कुमार साह दयाल बाग कॉलोनी का रहने वाला है। जिससे पूछताछ में सामने आया कि वह इंश्योरेंस का काम करता है और उसने खाताधारक प्रशांत का बैंक खाता लेकर साइबर ठगों को उपलब्ध करवाया था। उक्त खाते में ठगी के 2 लाख 35 हजार रुपये प्राप्त हुए थे। जिसको आगामी पूछताछ के लिए 7 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। खाताधारक प्रशांत को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

## सार-समाचार

### ट्रांसफॉर्मर में लगी आग, तीन कॉलोनियों की बिजली पांच घंटे रही गुल

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित हरमुखपुरी कॉलोनी के गेट नंबर-दो के बाहर लगे ट्रांसफॉर्मर में मंगलवार सुबह भीषण आग लग गई। इससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और हरमुखपुरी, सुचेतापुरी समेत तीन कॉलोनियों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। दमकलकर्मियों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कॉलोनीवासियों के अनुसार, सुबह करीब 10 बजे ट्रांसफॉर्मर से चिंगारियां निकलने लगीं। देखते ही देखते तेज धमाके के साथ उसमें आग लग गई। कुछ ही देर में ऊंची लपटें उठने लगीं और ट्रांसफॉर्मर जलने लगा। करंट फैलने की आशंका के चलते लोग मौके से दूर हट गए। मुख्य मार्ग पर भी अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। बिजली आपूर्ति बंद कराने के बाद दमकलकर्मियों ने आग बुझाने का काम शुरू किया। आग बुझने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। ट्रांसफॉर्मर जलने से तीनों कॉलोनियों में करीब पांच घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि वैकल्पिक ट्रांसफॉर्मर लगवाकर बिजली आपूर्ति सुचारु करा दी गई है।

### नकाबपोश बदमाशों ने व्यापारी पर की फायरिंग

**मुरादनगर।** रावली रोड पर अजबपुर मंगवाली गांव के पास सोमवार रात बदमाशों ने मारपीट कर व्यापारी पर फायरिंग कर दी। इसमें वह बाल बाल बचे। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। करनाल के कर्ण विहार निवासी राजवीर सिंह की मुरादनगर रावली रोड पर अजबपुर मंगवाली गांव के पास लक्ष्य इंडस्ट्री के नाम से फैक्टरी है। व्यापारी राजवीर सिंह की ओर से दी गई तहरीर के अनुसार सोमवार शाम करीब पौने छह बजे अज्ञात चार नकाबपोश युवक उनकी फैक्टरी में आए। बदमाशों से व्यापारी को धमकाते हुए गाली गलौज और मारपीट की। पीड़ित ने इसकी शिकायत स्थानीय चौकी पर की। चौकी इंचार्ज ने मौके पर आकर जांच की। आरोप है कि रात्रि करीब पौने नौ बजे बदमाश दोबारा फैक्टरी में आए और व्यापारी पर गोली चला दी। व्यापारी ने किसी तरह अपनी जान बचाई। इसके बाद बदमाश हवा में हथियार लहराते भाग गए। पीड़ित ने पुलिस कंट्रोल पर इसकी जानकारी दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। टीम ने मौके से खाली कारतूस भी बरामद किए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आवासीय प्लॉटों के लिए एकमुश्त भुगतान पर मिलेगी छह फीसदी तक छूट

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की मधुबन-बापूधाम योजना में आवासीय भूखंडों के लिए पंजीकरण शुरू हो गया है। योजना के पॉकेट-ई और एफ के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों के 40 वर्गमीटर से लेकर 200 वर्गमीटर तक के कुल 350 से अधिक आवासीय भूखंड काटे गए हैं। आवंटन ऑनलाइन पंजीकरण और लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। खास बात यह है कि एकमुश्त भुगतान करने पर जीडीए चार से छह फीसदी की छूट देगा। जीडीए के अपर सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन 11 मई से शुरू हो गया है। 25 मई 2026 तक आवेदन किए जा सकते हैं। आवेदक जीडीए की वेबसाइट व पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। भूखंडों की दर 35,000 रुपये प्रति वर्गमीटर तय की गई है। शासनादेश के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन, भूतपूर्व सैनिक व सरकारी कर्मचारियों के लिए आरक्षण और विशेष प्रावधान किए गए हैं। सामान्य श्रेणी के आवेदकों को 10 प्रतिशत और आरक्षित श्रेणी के आवेदकों को पांच प्रतिशत पंजीकरण धनराशि जमा करनी होगी।

### परिषद 21 वार्डों में 10 करोड़ से कराएगी विकास कार्य

**गुरुग्राम।** सोहना नगर परिषद 21 वार्डों में विकास कार्य कराएगी। इसके लिए परिषद ने योजना तैयार कर ली है। विकास कार्यों पर करीब 10 करोड रुपये की राशि खर्च की जाएगी जिनमें नए व पुराने कार्य शामिल हैं। स्थानीय नगर परिषद सीमा क्षेत्र में विकास कार्य कराए जाने का खाका तैयार कर लिया गया है ताकि क्षेत्र में विकास की गति तेज की जा सके। इसके लिए परिषद ने वार्डों के विकास कार्यों को चिन्हित करके सूची तैयार कर ली है जिससे कार्य सम्पन्न कराए जा सकें। विभाग ने करीब 4 करो? रुपये के टेंडर लगा दिए हैं जबकि 6 करोड़ रुपये की राशि के टेंडर खोले जा चुके हैं। ऐसे विकास कार्यों में सामुदायिक भवन निर्माण, चौपाल रिपेयर, पानी निकासी के नाले, नालियों की रिपेयर आदि शामिल हैं।

## पांच लोगों से 7.45 लाख रुपये की हुई साइबर ठगी



**फरीदाबाद।** साइबर अपराधियों ने ठगी के नए-नए तरीके अपनाकर शहर के पांच लोगों के खातों से करीब 7 लाख 45 हजार 563 रुपये साफ कर दिए। साइबर थाना बल्लभगढ़, सेंट्रल और एनआईटी पुलिस ने शिकायतों पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आदर्श नगर निवासी विशाल कौशिक ने बताया कि उन्होंने नौ मार्च को एप के जरिये लोन के लिए आवेदन किया था। खाते में 54,946 रुपये आए, लेकिन राशि कम होने के कारण उन्होंने इसे वापस करने के लिए गूगल से कस्टमर केयर का नंबर निकाला। वहां दयाशंकर मिश्रा नामक व्यक्ति ने खुद को अधिकारी बताकर लोन बंद करने के नाम पर पूरी राशि अपने खाते में ट्रांसफर करा ली, लेकिन लोन बंद नहीं हुआ। वहीं, ऊंचागांव के जतिन सैनी इंस्टा पर रील देख रहे थे, जिसमें 11 हजार रुपये में 10 रुपये के नोटों की 10 गड्डियां देने का विज्ञापन था। जतिन ने दिए गए नंबर पर संपर्क कर पैसे ट्रांसफर कर दिए, लेकिन उन्हें कोई बंडल प्राप्त नहीं हुआ। सेक्टर-18 निवासी जयपाल सिंह को 5 मई को कॉलर ने खुद को बैंक अधिकारी बताकर सीनियर सिटीजन पेंशन स्कीम की जानकारी दी। झांसे में लेकर आरोपी ने जयपाल के डेबिट कार्ड और पिन की जानकारी हासिल कर ली।

### दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा ने मेट्रो में किया सफर

## प्रधानमंत्री की अपील का दिखा असर

**नई दिल्ली।** दुनिया में लगातार बढ़ते ऊर्जा संकट और पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता से एक बहुत ही बड़ी और अहम अपील की है। उन्होंने देशवासियों से पेट्रोल और डीजल जैसे पेट्रोलियम उत्पादों का बहुत ही सोच-समझकर और संयम के साथ इस्तेमाल करने को कहा है। देश के कई राज्यों की सरकार और मंत्री नेता इस अपील को मानकर आम लोगों के लिए उदहारण पेश कर रहे हैं। दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा ने मेट्रो से सफर किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, च्प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता व सभी मंत्रियों ने संकल्प के साथ पालन शुरू किया। मैं सार्वजनिक परिवहन या आवश्यकता पड़ने पर केवल एक सरकारी गाड़ी का इस्तेमाल करूंगा। आज सुबह दिल्ली मेट्रो का सफर। वहीं, प्रधानमंत्री ने सोने की खरीद को पर भी एक अपील की है। उन्होंने कहा है कि देशहित में लोगों को कम से कम एक साल तक सोने के गहने नहीं खरीदने चाहिए, चाहे घर में कोई भी बड़ा फंक्शन या शादी ही क्यों न हो। पीएम मोदी ने साफ कहा है कि इस संकट की घड़ी





में देश का पैसा यानी विदेशी मुद्रा बचाना ही हमारी असली देशभक्ति है। पेट्रोलियम उत्पादों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत बहुत बड़ी मात्रा में पेट्रोल और डीजल बनाने वाला कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। ऐसे में अगर देश के लोग बिना जरूरत के या जरूरत से बहुत ज्यादा पेट्रोल, डीजल और गैस का इस्तेमाल करेंगे, तो इसका सीधा और बहुत बुरा असर देश की पूरी अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। दुनिया इस वक्त एक बहुत ही भयंकर ऊर्जा संकट का सामना कर रही है और पश्चिम एशिया में जो तनाव चल रहा है, उसने इस चिंता को कई गुना बढ़ा दिया है। इसीलिए पीएम मोदी ने हर नागरिक से अपील की है कि वे अपनी जिम्मेदारी समझें और पेट्रोलियम उत्पादों का उपयोग बहुत ही ज्यादा सोच-समझकर करें। उन्होंने भरोसा जताया कि ऐसा करने से न केवल देश की विदेशी मुद्रा बचेगी, बल्कि युद्ध के कारण पैदा हुए वैश्विक संकट का बुरा असर भी भारत पर बहुत कम पड़ेगा।

## दिल्ली पुलिस द्वारा चोरी के आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने पंजाब, केरल और कर्नाटक में विभिन्न मंदिरों से चांदी की मूर्तियां एवं दान की वस्तुएं चुराने में एक आरोपी मोहित शर्मा उर्फ 'मामा' (44) को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पंजाब की एक अदालत ने मंदिर में चोरी के एक मामले में भगोड़ा घोषित किया था। आरोपी मोहित शर्मा के खिलाफ पंजाब के अलावा केरल और कर्नाटक में दर्ज कई मामलों में वांछित था। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने बताया कि आरोपी जिला अलीगढ़, उत्तर प्रदेश निवासी मामा अक्सर अपना ठिकाना बदलकर अलग-अलग राज्यों में चला जाता था। वह गिरफ्तारी से बचने के लिए स्थानीय लोगों से बहुत कम संपर्क करता था। आरोपी ने कम सुरक्षा वाले मंदिरों, विशेष रूप से सुनसान क्षेत्रों में स्थित मंदिरों की रेकी करने और देर रात या तड़के चोरी करता था। उन्होंने बताया कि आरोपी ने मंदिर परिसर में रखी चांदी की मूर्तियों, दान पेटियों, देवी-देवताओं के आभूषणों और अन्य कीमती वस्तुओं को मुख्य रूप से निशाना बनाया। उन्होंने बताया कि दिल्ली में शर्मा की गतिविधियों के बारे में सूचना मिलने के बाद अपराध शाखा के अधिकारियों ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि इंस्पेक्टर गौतम मलिक की टीम ने रविवार को पटियाला हाउस अदालत के पास घेराबंदी की और आरोपी को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब आरोपी अपनी साथी से मिलने वहां आया था। पुलिस टीम को देखते ही शर्मा ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसका पीछा किया और थोड़ी दूरी पर उसे काबू कर लिया। आरोपी ने नौवीं कक्षा तक पढ़ाई की है और पहले अपने गांव में एक डेरी में काम करता था, जहां वह कुलवंत सिंह नामक एक व्यक्ति के संपर्क में आया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि आरोपी 2024 में पंजाब के एक मंदिर में चोरी को लेकर खन्ना थाने में दर्ज एक मामले में वांछित था। वह केरल के कोझिकोड और एर्नाकुलम में दर्ज मामलों के अलावा कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में भी दर्ज एक मामले में शामिल है।

## पानी हुआ महंगा, रेट में 5 फीसदी का इजाफा

### नई दरें 1 अप्रैल से लागू, विविध श्रेणियों के लिए संशोधित दरें हुईं निर्धारित

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम ने शहरवासियों को जल आपूर्ति सेवाओं से संबंधित संशोधित शुल्क दरों की जानकारी एक बार फिर जारी की है। जारी की गई दरों के अनुसार वर्ष 2024 से वर्ष 2027 तक प्रत्येक वित्तीय वर्ष में लगभग 5 प्रतिशत की वृद्धि लागू रहेगी। नई दरें 1 अप्रैल से विभिन्न श्रेणियों जैसे रिहायशी, ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी, संस्थागत, औद्योगिक एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं पर लागू हो गई हैं। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार जल संरक्षण को बढ़ावा देने तथा जलापूर्ति सेवाओं को वित्तीय रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से यह संशोधित शुल्क व्यवस्था लागू की गई है। उपभोक्ताओं को समय पर बिल का भुगतान करने



और पानी का संयमित उपयोग करने की अपील भी की गई है। लागू दरों के अनुसार रिहायशी श्रेणी प्रति किलोलीटर के तहत पहले 10 किलोलीटर तक वर्ष 2026 में 3.04 रुपये, 10 से 20 किलोलीटर तक 6.08 , 20 से 30 किलोलीटर तक 9.72 रुपये तथा 30 किलोलीटर से अधिक 12.16 रुपये लगाए गए हैं। यह दर वर्ष 2027 में क्रमश 3.19 रूपए, 6.38 रूपए, 10.21 रुपये तथा 12.76 रुपये हो जाएगी। ग्रुप हाउसिंग सोसायटी श्रेणी में वर्ष 2026 में पहले 20 किलोलीटर तक 6.08 रुपये तथा 20 किलोलीटर से अधिक 12.16 रुपये लागू है, जो वर्ष 2027 में क्रमश 6.38 रुपये और 12.76 रुपये हो जाएगी।

## दिल्ली में कंसल्टेंट, फार्मासिस्ट समेत कई पदों पर चल रही है भर्ती

### 60 की आयु वाले भी भर सकते हैं फॉर्म

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के आयुष निदेशालय के तहत दिल्ली राज्य आयुष सोसायटी (ष्ठस्नस्) ने प्रोग्राम मैनेजर, कंसल्टेंट एनएएम, मेडिकल ऑफिसर (आयुर्वेद/यूनानी/ होम्योपैथी), योग प्रशिक्षक और फार्मासिस्ट समेत कुल 167 पदों पर भर्ती निकाली है। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 25 मई 2026 तक चलेगी। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रोग्राम मैनेजर पद के लिए उम्मीदवार के पास किसी भी विषय में स्नातक डिग्री के साथ एमबीए (स्वास्थ्य सेवा/मानव संसाधन/स्वास्थ्य प्रशासन) या 2 वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा होना चाहिए। साथ ही, सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में कम से कम 5 साल का अनुभव जरूरी है। इस पद पर चयनित उम्मीदवार को हर महीने 65,000 वेतन दिया जाएगा। कंसल्टेंट एनएएम पद के लिए उम्मीदवारों को स्वास्थ्य और आयुष क्षेत्र से जुड़ी आवश्यक योग्यता और अनुभव होना चाहिए। इस पद पर चयनित उम्मीदवारों को 55,000 प्रति माह पारिश्रमिक दिया जाएगा। मेडिकल ऑफिसर (आयुर्वेद/ यूनानी/ होम्योपैथी) पद के लिए उम्मीदवार के पास बीएएमएस, डिग्री होनी चाहिए। साथ ही संबंधित स्ट्रीम के दिल्ली राज्य रजिस्टर में नाम दर्ज होना जरूरी है। उम्मीदवार के पास पब्लिक हेल्थ में कम से कम 3 साल का अनुभव भी होना चाहिए। इस पद पर 40,000 प्रति माह वेतन मिलेगा, जिसमें 25,000 फिक्स वेतन और 15,000 प्रदर्शन आधारित भुगतान शामिल है। योग प्रशिक्षक पद के लिए उम्मीदवार के पास योग में डिग्री या कम से कम 1 साल का योग डिप्लोमा होना चाहिए। साथ ही उम्मीदवार को योग प्रमाणन बोर्ड की परीक्षा पास करनी होगी और किसी प्रतिष्ठित संस्थान में कम से कम 1 साल का अनुभव होना चाहिए। इस पद पर चयनित उम्मीदवार को 28,000 रुपये प्रति माह वेतन मिलेगा, जिसमें 20,000 फिक्स और 8,000 प्रदर्शन आधारित भुगतान शामिल है। फार्मासिस्ट (आयुर्वेद/ यूनानी/होम्योपैथी) पद के लिए उम्मीदवार का इंटरमीडिएट पास होना जरूरी है। साथ ही आयुर्वेद, यूनानी या होम्योपैथी स्ट्रीम में कम से कम 2 साल का डिप्लोमा होना चाहिए, जो किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से किया गया हो। इस पद पर उम्मीदवारों को 20,000 प्रति माह वेतन मिलेगा, जिसमें 15,000 फिक्स और 5,000 प्रदर्शन आधारित भुगतान शामिल है। इस भर्ती प्रक्रिया में सबसे पहले उम्मीदवारों के दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा, जिसमें सभी जरूरी कागजों की जांच होगी। इसके बाद दूसरे चरण में साक्षात्कार या व्यक्तित्व परीक्षण होगा, जिसमें उम्मीदवार की योग्यता और व्यवहार को परखा जाएगा। जो उम्मीदवार दोनों चरणों में सफल होंगे, उन्हें नियुक्ति दी जाएगी और फिर उनकी 3 महीने की प्रोबेशन अवधि शुरू होगी। इस अवधि में उनके काम का मूल्यांकन किया जाएगा और प्रदर्शन के आधार पर आगे की पुष्टि की जाएगी।

## एंबुलेंस में कराया सुरक्षित प्रसव, जच्चा-बच्चा स्वस्थ

**गाजियाबाद।** 102 एंबुलेंस सेवा ने मंगलवार सुबह समय पर मदद पहुंचाकर गर्भवती और नवजात की जान बचाई। मोरटा गांव निवासी सतीश की पत्नी नीरज देवी को सुबह करीब छह बजे अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिवार ने तुरंत 102 एंबुलेंस सेवा पर कॉल किया। ईएमटी संजीव कुमार और चालक कैलाश यादव मौके पर पहुंचे और गर्भवती को अस्पताल ले जाने लगे। रास्ते में ब्रेकर आने से प्रसव पीड़ा तेज हो गई। स्थिति गंभीर होने पर एंबुलेंस स्टाफ ने आरसी डॉक्टर हरीश के निर्देशन में एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया। नीरज देवी ने बेटे को जन्म दिया। प्रसव के बाद जच्चा और नवजात को संजय नगर संयुक्त अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दोनों की हालत स्वस्थ बताई गई है। एंबुलेंस सेवा के जिला प्रभारी मोहित कुमार और प्रोग्राम मैनेजर शेखर कुमार ने बताया कि सुरक्षित प्रसव कराने वाली टीम को सम्मानित किया जाएगा।